CMYK CMYK

जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

# जागरूक टाइम्स

सिरोही, शुक्रवार, 04 अप्रैल 2025 ◆ वर्ष : 18 ◆ अंक : 75 ◆ पृष्ठ : 12 ◆ मूल्य : 2.50 रु.



'कहीं और छूने लगा एक्टर'...
पेज -09

## न्यूज ब्रीफ

### लंदन से मुंबई आ रही फ्लाइट की तुर्किये में इमरजेंसी लैंडिंग

**लंदन।** लंदन से मुंबई आ रही वर्जिन अटलांटिक फ्लाइट ने तुर्किये में इमरजेंसी लैंडिंग की गई। इसके चलते 200 से ज्यादा भारतीय पैसेंजर 16 घंटे से ज्यादा समय से फंसे रहे, मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्लेन नंबर वीएस 358 के एक पैसेंजर को पैनिक अटैक आ गया था। इस मेडिकल इमरजेंसी के चलते तुर्किये के दियारबकिर एयरपोर्ट पर लैंड हुआ था। ये एयरपोर्ट ऐसी फ्लाइट की लैंडिंग के लिए उपयुक्त नहीं है।

### सुप्रीम कोर्ट के जज संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करेंगे, जानकारी वेबसाइट पर अपलोड होगी

**नई दिल्ली।** ज्यूडिशियरी में ट्रांसपेरेंसी और जनता का भरोसा बनाए रखने के लिए सुप्रीम कोर्ट के सभी जजों ने पदभार ग्रहण करने के दौरान ही अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करने का फैसला किया है। गत 1 अप्रैल को हुई फुल कोर्ट मीटिंग में सभी 34 जजों ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया संजीव खन्ना की मौजूदगी में अपनी संपत्ति का खुलासा करने का फैसला लिया है। जजों ने यह भी कहा कि संपत्तियों से जुड़ी डिटेल सुप्रीम कोर्ट की ऑफिशियल वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी।

पेज 11 पर पढ़े
.....और अब जयपुर कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी

## पीएम मोदी थाईलैंड दौरे पर....

# बोले, भारत और थाईलैंड के संबंध सदियों पुराने, बौद्ध धर्म ने हमारे लोगों को जोड़ा

## थाईलैंड भूकंप में मरने वालों को श्रद्धांजलि दी





**नई दिल्ली/बैंकॉक।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज यानी गुरुवार को 2 दिन के थाईलैंड दौरे पर पहुंचे हैं। यहां पर उन्होंने थाईलैंड की पीएम पाइतोंग्तार्न शिनवात्रा के साथ जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। सबसे पहले उन्होंने 28 मार्च को भूकंप में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उन्होंने कहा कि भारत और थाईलैंड के सदियों पुराने संबंध हमारी गहरी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक कड़ियों से जुड़े हैं।

बौद्ध धर्म के प्रसार ने हमारे लोगों को जोड़ा है। रामायण की कहानियां थाई लोगों के जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। इससे पहले थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक पहुंचकर पीएम मोदी ने एयरपोर्ट पर भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात की। इसके बाद थाई रामायण का मंचन देखा।



### भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष थाईलैंड भेजे जाएंगे

यहां रामायण को रामाकेन कहा जाता है। इसके बाद मोदी मोदी ने थाईलैंड की पीएम पाइतोंग्तार्न शिनवात्रा से द्विपक्षीय मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के अधिकारियों ने व्यापारिक संबंधों पर चर्चा की। पीएम नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पीएम शिनवात्रा ने मुझे त्रिपिटक भेंट किया।'

बुद्ध भूमि' भारत की ओर से, मैंने इसे श्रद्धा पूर्वक स्वीकार किया। पिछले साल भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष भारत से थाईलैंड भेजे गए थे। मैं यह घोषणा करते हुए खुशी महसूस कर रहा हूं कि गुजरात के अरावली में 1960 में मिले भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष भी थाईलैंड भेजे जाएंगे।

▸▸ शेष पृष्ठ 5 पर



### 'दोनों देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा मिलेगा'

पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच एमएसएमई, हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट में सहयोग के लिए समझौता हुआ है। रिन्युएबल एनर्जी, डिजिटल टेक्नोलॉजी, ई-व्हीकल्स, रोबोटिक्स, स्पेस, बायोटेक्नोलॉजी और स्टार्ट अप में सहयोग बढ़ाने का फैसला लिया गया है। दोनों देशों के बीच फिनटेक कनेक्टिविटी बढ़ाने पर काम किया जाएगा। भारत ने थाई पर्यटकों के लिए ई-वीजा देना शुरू कर दिया है।

## वक्फ बिल पर राज्यसभा में हंगामाई बहस जारी

# विधेयक का मूल उद्देश्य सुधार लाकर वक्फ की प्रॉपर्टी का उचित मैनेजमेंट करना

### पिछले 70 साल में मुस्लिमों को किसने पीछे रखा : नड्डा

**नई दिल्ली।** आज दोपहर को वक्फ बिल राज्यसभा में पेश किया गया, राज्य सभा की शुरूआती कार्यवाही हंगामी रही। इससे पूर्व लोकसभा में कल देर रात वक्फ संशोधन विधेयक 2024 पारित हो गया। इस विधेयक पर पूरे दिन बहस हुई। कांग्रेस ने इस दौरान जमकर हंगामा किया। इस विधेयक के पक्ष में 288 वोट पड़े, जबकि विपक्ष में 232 सांसदों ने मतदान किया।



राज्यसभा में बोलते हुए जेपी नड्डा ने कहा, वक्फ (संशोधन) विधेयक-2025 का मूल उद्देश्य सुधार लाकर वक्फ की प्रॉपर्टी का उचित मैनेजमेंट करना है। इस सदन के माध्यम से देश की जनता को बताना चाहता हूं कि पीएम मोदी के नेतृत्व में चलने वाली सरकार पूरी तरह से डेमोक्रेटिक नॉर्म्स को फॉलो करके आगे बढ़ रही है।

विपक्ष ने जेपीसी की मांग की थी और हमने इसका गठन किया। 2013 में जब वक्फ बिल के लिए जेपीसी का गठन किया गया था, तब इसमें केवल 13 सदस्य थे। लेकिन मोदी सरकार के तहत गठित जेपीसी में 31 सदस्य हैं। जेपीसी ने 36 बैठकें कीं और प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से इसकी गतिविधियों पर 200 घंटे से अधिक समय व्यतीत किया गया।

▸▸ शेष पृष्ठ 5 पर

### यह नेशनल इंटरेस्ट का विषय है

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने वक्फ बिल पर विपक्ष के रुख को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हमने कांग्रेस नेतृत्व वाली यूपीए सरकार की तुलना में वक्फ बिल को लेकर कहीं ज्यादा गंभीरता दिखाई। यह बिल पार्टी इंट्रेस्ट का नहीं है, यह नेशनल इंट्रेस्ट का विषय है। इसलिए मुद्दे पर चर्चा करनी चाहिए। विषय को डिरेल नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा बिल में कहीं राम मंदिर आ रहा है। कहीं कुंभ मेला दिख रहा है। बिहार का इलेक्शन दिख रहा। कहीं एअर इंडिया बिक गया। कहीं केरला का सिनेमा आ गया। ये सब चर्चा को डिरेल करने की कोशिश है। नड्डा ने कहा- लोग यहां भाषण देते हैं और अपना झोला उठाकर चल देते हैं। इस पर जगदीप धनखड़ ने कहा कि जो मैं यहां (डाइस) से देखता हूं कि उसमें यही नजर आता है कि सांसद भाषण देते आते हैं और चले जाते हैं। पार्लियामेंट का काम कैजुअल नहीं होता, ये जिम्मेदारी वाला काम है। सदन में बैठना और दूसरे सांसदों को सुनना जरूरी है। जेपी नड्डा ने कहा- बुरा जो देखन मैं चला, बुरा न मिलिया कोय, जो दिल खोजा आपना, मुझसे बुरा न कोय।

# अमेरिका ने भारत पर 26 प्रति. टैरिफ लगाया

## राष्ट्रपति ट्रम्प बोले, पीएम मोदी अच्छे दोस्त, लेकिन टैरिफ पर व्यवहार ठीक नहीं, बदलाव 9 अप्रैल से लागू होगा

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार देर रात भारत पर 26 प्रतिशत टैरिफ (रेसिप्रोकल यानी जैसे को तैसा टैरिफ) लगाने का ऐलान किया। ट्रम्प ने कहा भारत बहुत सख्त है। मोदी मेरे अच्छे दोस्त हैं, लेकिन हमारे साथ सही व्यवहार नहीं कर रहे हैं।

ट्रम्प ने कहा, भारत अमेरिका पर 52 प्रतिशत तक टैरिफ लगाता है, इसलिए अमेरिका भारत पर 26 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। अन्य देश हमसे जितना टैरिफ वसूल रहे, हम उनसे लगभग आधे टैरिफ लेंगे। इसलिए टैरिफ पूरी तरह से रेसिप्रोकल नहीं होंगे। मैं ऐसा कर सकता था, लेकिन यह बहुत से देशों के लिए कठिन होता।



हम ऐसा नहीं करना चाहते थे। भारत के अलावा चीन पर 34 प्रतिशत, यूरोपीय यूनियन पर 20 प्रतिशत, साउथ कोरिया पर 25 प्रतिशत, जापान पर 24 प्रतिशत, वियतनाम पर 46 प्रतिशत और ताइवान पर 32 प्रतिशत टैरिफ लगेगा। अमेरिका ने करीब 60 देशों पर उनके टैरिफ की तुलना में आधा टैरिफ लगाने का फैसला किया है।

इसके अलावा दूसरे देशों से अमेरिकी में आने वाले सभी सामान पर 10 प्रतिशत बेसलाइन (न्यूनतम) टैरिफ लगेगा। बेसलाइन टैरिफ 5 अप्रैल को और रेसिप्रोकल टैरिफ 9 अप्रैल को रात 12 बजे के बाद लागू होंगे। बेसलाइन टैरिफ व्यापार के सामान्य नियमों के तहत आयात पर लगाया जाता है, जबकि रेसिप्रोकल टैरिफ किसी अन्य देश के टैरिफ के जवाब में लगाया जाता है।

### बंगाल में 25,753 शिक्षकों की बर्खास्तगी का आदेश बरकरार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के स्कूल भर्ती घोटाले से जुड़े कोलकाता हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। पश्चिम बंगाल में स्स्ष्ट ने 2016 में 25 हजार शिक्षकों और गैर-शिक्षकों को नियुक्ति की थी। हाईकोर्ट ने इन नियुक्तियों को अवैध करार देते हुए कर्मचारियों को बर्खास्त किया था। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट की जांच को सही माना और कहा कि पूरी प्रक्रिया में धोखाधड़ी की गई। इसमें सुधार की कोई गुंजाइश नहीं है। मामले पर सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की बेंच ने सुनवाई की। शीर्ष कोर्ट में हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिकाएं दायर की गई थीं।

## लॉजिस्टिक्स हब बनने की ओर प्रदेश

### राजस्थान दिवस सात दिवसीय महोत्सव के दौरान

# सीएम भजनलाल शर्मा ने राजस्थान लॉजिस्टिक्स पॉलिसी-2025 जारी की

### नीति में आकर्षक छूटों और रियायतों के प्रावधान शामिल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान को वर्ष 2030 तक 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने और निवेश अनुकूल औद्योगिक वातावरण सुनिश्चित करने के क्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान लॉजिस्टिक्स पॉलिसी-2025 जारी की है।,

यह नीति राज्य में औद्योगिक विकास को प्रोत्साहन देने और कनेक्टिविटी में वृद्धि करते हुए लॉजिस्टिक्स लागत में कमी लाएगी और राजस्थान को लॉजिस्टिक्स हब के रूप में स्थापित करेगी।

राजस्थान भारत का सबसे बड़ा राज्य है। राज्य की भौगोलिक स्थिति इस प्रकार की है कि यहां लगने वाले उद्योग लॉजिस्टिक्स एवं परिचालन लागत को कम रखते हुए निर्यात के साथ-साथ स्थानीय मांग को भी बखूबी पूरा कर सकते हैं।

पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और गुजरात के साथ सीमा साझा करते हुए, हमारा राज्य देश के लगभग 40 प्रतिशत बाजार तक पहुंच रखता है। यह भारत के उत्तरी और पश्चिमी भागों के बीच प्रमुख बुनियादी ढांचे की सुविधा के



रूप में उद्योगों को कच्चे माल तथा तैयार उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने में पूरी तरह से सक्षम है। देश के राष्ट्रीय राजमार्गों का तीसरा सबसे बड़ा नेटवर्क और दूसरा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क राजस्थान में ही है। इसके अलावा 9 इनलैंड कंटेनर डिपो, 7 एयरपोर्ट और एक एयर कार्गो कॉम्प्लेक्स हमें लॉजिस्टिक्स और व्यापार के क्षेत्र में मजबूत स्थिति प्रदान कर रहे हैं। राजस्थान लॉजिस्टिक्स पॉलिसी-2025 राजस्थान की भौगोलिक स्थिति का लाभ लेते हुए औद्योगिक विकास को प्रोत्साहन देगी और लॉजिस्टिक्स लागत में कमी लाते हुए उद्योगों को भी बढ़ने के अवसर प्रदान करेगी।

▸▸ शेष पृष्ठ 5 पर

### ईएफसीआई की 25 प्रतिशत तक कैपिटल सब्सिडी होगी दस वर्षों तक देय

मुख्यमंत्री शर्मा द्वारा जारी राजस्थान लॉजिस्टिक्स पॉलिसी-2025 में राजस्थान को लॉजिस्टिक्स के लिए पसंदीदा गंतव्य स्थल बनाने के लिए कई आकर्षक प्रावधान किए गए हैं। इनमें कई तरह की विशेष छूट और अनुदान शामिल हैं। वेयरहाउस, साइलो, कोल्ड स्टोरेज, इनलैण्ड कन्टेनर डिपो, कन्टेनर फ्रेंट स्टेशन, एयर फ्रेंट स्टेशन, कार्गो टर्मिनल, ट्रकर पार्क इत्यादि के लिए 5 से 50 करोड़ रुपए तक इलिजिबल फिक्स्ड कैपिटल इन्वेस्टमेंट की 25 प्रतिशत तक कैपिटल सब्सिडी दस वर्षों तक देने का प्रावधान किया गया है।

### लॉजिस्टिक्स पार्क विकसित करने पर मिलेंगी विशेष रियायतें

लॉजिस्टिक्स पार्क का विकास करने वाले निवेशकों को भी विशेष रियायतें दी गई हैं। निजी मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क और एकीकृत लॉजिस्टिक्स पार्क डेवलपर्स को 7 वर्षों तक 7 प्रतिशत ब्याज अनुदान मिलेगा, जिसकी वार्षिक सीमा 50 लाख रुपए होगी। कर एवं शुल्कों में विभिन्न रियायतें भी दी जाएंगी, जिसमें स्टाम्प ड्यूटी पर 75 प्रतिशत छूट और 25 प्रतिशत पुनर्भरण, इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी पर 7 वर्षों तक 100 प्रतिशत छूट, कन्वर्जन ऑफ लैंड चार्जेज पर 75 प्रतिशत छूट और 25 प्रतिशत पुनर्भरण तथा मंडी फीस पर 7 वर्षों तक 100 प्रतिशत छूट शामिल हैं।

# राहुल बोले चीन ने हमारी 4 हजार वर्ग किमी जमीन कब्जाई

## 'विदेश सचिव गलवान के जवानों की शहादत पर केक काट रहे हैं'

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को भारत-चीन के राजनयिक संबंधों की 75वीं सालगिरह के जश्न को लेकर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा चीन हमारे 4 हजार वर्ग किमी इलाके पर कब्जा करके बैठा है, लेकिन मुझे यह देखकर आश्चर्य हुआ कि हमारे विदेश सचिव (विक्रम मिस्री) चीनी राजदूत के साथ केक काट रहे थे। लोकसभा में शून्यकाल के दौरान राहुल ने कहा हम सामान्य स्थिति के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन उससे पहले हमें अपनी जमीन वापस मिलनी चाहिए। मुझे पता चला कि राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने चीनी राजदूत को चिट्ठी लिखी है और यह भी हमें दूसरों से पता चल रहा है। चीनी राजदूत भारत के लोगों को बता रहे हैं कि उन्हें चिट्ठी लिखी गई।



### राहुल गांधी बोले भाजपा की फिलॉस्फी हर विदेशी के सामने सिर झुकाना

मोदी सरकार की विदेश नीति पर राहुल गांधी ने कहा, एक तरफ आपने चीन को हमारी जमीन दे दी और दूसरी तरफ अमेरिका ने हम पर टैरिफ (जैसे को तैसा टैक्स) लगा दिया। इससे देश की ऑटो, फार्मास्यूटिक्ल और एग्रीकल्चर इंडस्ट्री तो पूरी तरह से तबाह हो जाएगी। राहुल ने कहा एक बार किसी ने इंदिरा जी से पूछा कि विदेश नीति के मामले में आप बाएं झुकती हैं या दाएं। इस पर उन्होंने जवाब दिया की मैं बाएं या दाएं नहीं झुकती। मैं भारतीय हूं और सीधी खड़ी हूं। भाजपा और आरएसएस की फिलॉस्फी अलग है। जब उनसे पूछा जाता है तो वे कहते हैं नहीं, नहीं, हम हर विदेशी के सामने अपना सिर झुकाते हैं। यह उनके इतिहास में है, हम जानते हैं। सरकार को जवाब देना चाहिए कि वह अमेरिकी टैरिफ पर क्या कर रही है।

### लद्दाख के एलजी ने राहुल के दावे को गलत बताया था

राहुल गांधी ने 2022 में लद्दाख दौरे पर कारगिल में रैली की थी। वहां उन्होंने दावा किया था कि चीन ने भारत की हजारों किमी जमीन पर कब्जा किया है। इस पर लद्दाख के उपराज्यपाल (एलजी) ब्रिगेडियर (रिटायर्ड) बीडी मिश्रा ने कहा था कि चीन ने भारत की एक वर्ग इंच जमीन पर भी कब्जा नहीं किया है। उन्होंने कहा था, 1962 (भारत-चीन युद्ध) में जो कुछ भी हुआ, उस पर बात करने से कोई फायदा नहीं। आज सीमा की आखिरी इंच जमीन भी हमारे कब्जे में है। भगवान न करे अगर हालात बिगड़े तो सेना के जवान मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार हैं।

CMYK CMYK

# मॉकड्रिलः सुंधा माता पहाड़ी पर यात्री फंसें, रोप वे अटका





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जसवंतपुरा।** कस्बे के निकटवर्ती सुंधा पर्वत स्थित सुंधा माता मंदिर रोप-वे अटकने से 4 यात्रियों के फंसने की सूचना पर जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद्र यादव, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौलतराम चौधरी, एनडीआरएफ के सहायक कमांडेंट वि' म चौधरी, जसवंतपुरा उपखण्ड अधिकारी रामलाल मीणा, उप पुलिस अधीक्षक भवानीसिंह इंदा, बीसीएमओ डॉ. प्रशान्त सेन, जसवंतपुरा थानाधिकारी गुमानसिंह व ट्रस्ट के व्यवस्थापक जितेन्द्र सिंह व रोप-वे प्रबंधक प्रहलाद राय अग्रवाल सहित प्रशासनिक अधिकारियों, एनडीआरएफ व एसडीआरएफ टीम व मेडिकल टीम ने मौके पर पहुंच कर रोप-वे बंद करवाया तथा आपातकालीन स्थिति होने पर किए जाने वाले बचाव कार्यों के मॉक ड्रिल का सफल प्रदर्शन किया। मॉक अभ्यास के दौरान टीमों ने अपने साथ लाए गए बचाव संबंधित उपकरणों एवं विभिन्न प्रकार के तरीकों से रोप-वे पर आपातकाल में फंसे लोगों को बचाने का सफल प्रदर्शन किया। घायल लोगों का मौके पर चिकित्सा उपचार देकर स्टेबल किया गया तथा फंसे लोगों को शीट रेपिंलग, रस्सी व सीट हारनेस के माध्यम से निकाला गया। जरूरतमंद व्यक्ति को सीपीआर देने व अग्निशमन यंत्रों के समुचित इस्तेमाल को लेकर एनडीआरएफ टीम द्वारा डेमोंस्ट्रेशन दिया गया। इस दौरान ट्रस्ट सदस्य, पुलिस, सिविल डिफेंस, होमगार्ड, मेडिकल टीम, फायर ब्रिगेड टीम उपस्थित रही।

## जिला बहाली को लेकर धरना 96वें दिन जारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** सांचौर जिले को खत्म करने के विरोध में सांचौर संघर्ष समिति का धरना 96 वें दिन भी जारी रहा। जिसको स्थानीय ग्रामीणों का लगातार समर्थन मिल रहा है। वहीं प्रत्येक दिन अलग- अलग ग्राम ग्राम पंचायत के ग्रामीण ने धरने को समर्थ दे रहे है। राज्य सरका से जिले की बाहली की मांग की जा रही है। इस दौरान धरने को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री सुखराम बिश्नोई ने कहा कि देश को आजादी दिलाने के लिए कितनी लंबी लडाईयां लड़नी पड़ी, कितना बलिदान व त्याग करना पड़ा, ऐसे में हमें भी जिले के लिये संघर्ष करना पड़ेगा। इस अवसर पर केसाराम मेहरा, लादूसिंह किलवा, जगमालाराम, हेमाराम माली, गोरखाराम सारण, भूपाराम, दुर्गाराम, देवाराम जाट, काजाराम, प्रागाराम, बाबुलाल माली, राणाराम माली, चिमना राम जाखड़, रवजीराम, समाराम, प्रभुराम, नारिन्गाराम, शंकरराम नारायणपुरा, राणाराम निम्बज सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजुद थे।

## धर्मसभा को सफल बनाने का आह्वान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** रामनवमी के पर्व को लेकर शोभायात्रा व धर्म सभा को सफल बनाने के लिए सयुंक्त व्यापार संघ की बैठक स्थानीय कार्यालय में अध्यक्ष नरेश अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमे स्वामी दिव्यस्वरूप दास महाराज, सरंक्षक शेखर व्यास, उपाध्यक्ष अर्जुनसिंह भूतेल, खाद्य व्यापार संघ अध्यक्ष पारस मोदी, मशीनरी एसोसिएशन अध्यक्ष कन्हैयालाल अग्रवाल, विश्व हिंदू परिषद् जोधपुर प्रांत सह कोषाध्यक्ष वचनसिंह राव, विजयसिंह राव, भाजपा नेता प्रवीण दवे, संदीप देसाई व गौतम घांची आदि शामिल थे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य रामनवमी के पावन पर्व को भव्य-दिव्य तरीके से मनाना और भीनमाल शहर में एकता और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने इस आयोजन के लिए अपना पूर्ण समर्थन दिया और आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए चर्चा की।

## केसरिया साफा पहनकर भाग लेने का निर्णय



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** वस्त्र व्योपार संघ की बैठक स्थानीय नेहरू मार्केट में आयोजित हुई। जिसमे आगामी रविवार को रामनवमी के पर्व को सफल बनाने और शहर में शोभायात्रा व हिंदू धर्म सभा के आयोजन को लेकर चर्चा की गई। शोभायात्रा में नगर के लोगों की ओर से जगह जगह जल व्यवस्था, फूलों वर्षा करने व यात्रा में सफेद वस्त्र केसरिया साफा पहनकर भाग लेने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद् के प्रांत सह कोषाध्यक्ष राव वचनसिंह मणधर, संदीप देसाई, थानमल माली, अध्यक्ष महादेव घांची, अर्जुनसिंह राव,नरपत माली, सचिव कृष्ण दर्जी, बगदाराम देवासी, प्रभुराम घांची, पारस दर्जी, वचनाराम माली, सुरेश कुमार घांची, ईश्वरसिंह सोलंकी, पीराराम दर्जी व बगदाराम पुरोहित सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे।

## जिला परिषद की साधारण सभा की विशेष बैठक 7 को

**जालोर।** जिला परिषद की साधारण सभा की विशेष बैठक जिला प्रमुख राजेश कुमार की अध्यक्षता में 7 अप्रेल को दोपहर 12.30 बजे जिला परिषद सभा भवन में आयोजित की जाएगी। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा ने बताया कि विशेष बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-चतुर्थ के तहत ऑल वेदर रोड़ कनेक्टिविटी के लिए डी.आर.आर.पी. केन्डीडेट रोड एवं सी.यू.सी.पी.एल. के प्रस्तावों का अनुमोदन सहित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की जाएगी।

## दिशा समिति की बैठक 8 को

**जालोर।** जालोर-सिरोही सांसद लुम्बाराम चौधरी की अध्यक्षता में भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय की ओर से गठित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति 'दिशा समिति' की बैठक 8 अप्रेल को सुबह11.30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जाएगी। जिसमें विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। यह जानकारी जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा ने दी।

## विधिक शिविर में दी कानून की जानकारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** तालुका विधिक सेवा समिति की ओर से उपकारागृह में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बंदियों को निशुल्क कानूनी सेवाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर पैनल अधिवक्ता विजयकुमारसिह राठोड़ ने बंदियों के अधिकारों की जानकारी देते हुए कहा है कि बंदियों को वांछित चिकित्सा उपचार का अधिकार है नाश्ता भोजन बिस्तर प्राप्त करने का अधिकार और 15 दिन में एक बार परीजनो से मुलाकात करने का अधिकार है और अपने वकील से सलाह ले सकता है कि जानकारी दी ओर नशा उन्मूलन की जानकारी देते हुए कहा है कि नशा शरीर का नाश करता है नशा से होने वाली बीमारियों का कोई इलाज नही होता है। पर अधिकार मित्र रमेशकुमार गर्ग ने निशुल्क कानूनी सेवाओं की जानकारी देते हुए कहा है कि जिसके वकील नही है तो वह सुचना दे सकता है उनके पैरवी के लिए वकील की व्यवस्था जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निशुल्क की जाएगी और विचाराधीन बंदियों के आवेदन भरते समय वकील के बारे में चिकित्सा सेवा की जरूरत के बारे में पूछताछ की गई और कहा है कि उपकारागृह परिसर में साफ सफाई रखनी चाहिए।

## अयोध्या से काशी तक आस्था की अनुभूति, श्रद्धालुओं ने की तीर्थ यात्रा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जसवंतपुरा।** धार्मिक श्रद्धा व आस्था से ओत-प्रोत सात दिवसीय तीर्थ यात्रा का आयोजन जसवंतपुरा निवासी मंछालाल पुत्र दिवंगत सवाराम प्रजापत (परिहार) परिवार हाल अहमदाबाद के सौजन्य से किया गया। जिसमें करीब 40 श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस यात्रा के दौरान भक्तों ने अयोध्या में श्रीरामलला के दर्शन किए। प्रयागराज में संगम स्नान का पुण्य लाभ लिया। काशी विश्वनाथ धाम में भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया और वृंदावन गोकुल-मथुरा में श्रीकृष्ण लीला स्थलों का दर्शन कर भक्ति रस में सराबोर हुए। इसके अलावा, मेहंदीपुर बालाजी व पुष्कर सरोवर की यात्रा कर श्रद्धालुओं ने आध्यात्मिक शांति का अनुभव किया। यात्रा से लौटने के बाद श्रद्धालुओं ने मंचालाल प्रजापत का हृदय से आभार प्रकट किया और इसे उनके जीवन की सबसे यादगार धार्मिक यात्राओं में से एक बताया। उन्होंने कहा कि इस यात्रा ने उन्हें न केवल ईश्वर से जोड़ने का अवसर दिया, बल्कि सनातन संस्कृति के महत्व को भी समझने का अवसर मिला। सभी ने भविष्य में भी इस तरह के धार्मिक आयोजनों की आशा व्यक्त की। इस दौरान समाजसेवी मोडाराम प्रजापत, सरपंच श्रीमती चंपा देवी, हंसाराम, शंकरलाल, अमृतलाल, रतनाराम पावटी, जेठालाल पावटी, लालाराम गोलाणा, दिनेश कुमार डोरडा, मंगलाराम, वगताराम, लक्ष्मण कुमार, जितेंद्र कुमार, पत्रकार महेंद्र प्रजापत, नारायण भाई, प्रकाश कुमार निम्बज सहित कई श्रद्धालु एवं महिलाएं मौजूद रहे।

# कलक्टर ने परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण के दिए आदेश

### जिलेभर में हुआ पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं, परिवेदनाओं के निवारण, सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत गुरूवार को जिले के समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया जिनमें आमजन की परिवेदनाएँ प्राप्त कर प्रकरणों का निस्तारण किया गया। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने हरजी ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित पंचायत स्तरीय जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण के लिए संबंधित ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को



निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के साथ ही जनता की समस्याओं पर प्रभावी मॉनिटरिंग करते हुए परिवादों के मौके पर ही निस्तारण के निर्देश दिए। पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य, सड़क, पंचायतीराज सहित विभिन्न विभागों से संबंधित परिवाद प्रस्तुत हुए जिनकी सुनवाई करते हुए जिला कलक्टर ने विभिन्न परिवादों का मौके पर ही निस्तारण किया तथा शेष प्रकरण राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज कर निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर आहोर उपखण्ड अधिकारी सांवरमल रैगर, आहोर तहसीलदार मोहित आशिया, स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## सहकारी समिति संचालक मंडल की पहली बैठक संपन्न



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** रामदेव क्रय विक्रय सहकारी समिति के नवगठित संचालक मंडल की प्रथम बैठक समिति के मुख्यालय पर अध्यक्ष चंदन सिंह विरोल की अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक में संस्था के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। अध्यक्ष ने बताया की क्षेत्र के किसानों को खाद बीज की आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा आगामी सरसों खरीद में किसानों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना ना करना पड़े इसके लिए संस्था द्वारा व्यवस्था की जाएगी। इस अवसर पर संचालक मंडल के सदस्यों ने कई प्रस्ताव रखें तथा मुख्य कार्यकारी गेनाराम ने संस्था के आगामी वित्तीय वर्ष के लक्ष्यों तथा बजट के बारे में संचालक मंडल को अवगत करवाया तथा उपाध्यक्ष गुमाना राम विश्नोई ने सबका आभार प्रकट किया। इस अवसर पर सुरजन राम विश्नोई रणोदर, अमराराम माली, पूर्ण सिंह परावा, पीराराम देवासी,जोग सिंह विरोल, रूगनाथ बिश्नोई हेमगुड़ा, एडवोकेट बाबूलाल गोदारा , पवन देवी फालना सहित संचालक मंडल के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## रक्तदान शिविर 13 को, तैयारी बैठक आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** सोनल फाउंडेशन व अरिहंताण सारथी संस्थान की ओर से निकटवर्ती दासपा गांव में आगामी 13 अप्रेल को सवेरे दस बजे रक्तदान शिविर का आयोजन भीनमाल विधायक डॉक्टर समरजीतसिंह के मुख्य अतिथि में होगा। संस्थान के कैलाश जैन ने बताया कि शिविर को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें शिविर की सफलता को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में संस्थान के सदस्य व पदाधिकारी मौजूद थे। सोनल फाउंडेशन एवं अरिहंताणं रक्त सारथी संस्थान ने समाजसेवियों और श्रद्धालुओं से अपील की है कि पुनीत कार्य में सहयोग करें। रक्तदान कर जरूरतमंदों को जीवनदान दें और इस महायज्ञ का हिस्सा बनें।

# पथ संचलन का जगह -जगह पर पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** राष्ट्र सेविका समिति का नवोदय विराट पथ संचलन संपन्न हुआ। इस आयोजन में प्रांत सह तरूणी प्रमुख एवं मुख्य वक्ता राजल दीदी ने सेविकाओं को ओज, तेज और शक्ति से संवृत्त करने के लिए प्रचंड हुंकार भरे बौद्धिक वक्तव्य दिए। पथ संचलन फाफरिया हनुमान से शुरू होकर, हाई सैकेंडरी स्कूल, कुल्फी फैक्ट्री, रामदेव चौक, पुनासा बस स्टैंड, बड़ा चोहटा, मेन मार्केट, वराश्याम मंदिर, पिपली चौक, माघ चौक होते हुए कचहरी रोड सरकारी स्कूल मैदान में संपन्न हुआ।






### सामाजिक एकता का प्रदर्शन

नगर के हर गली, चौराहे और प्रमुख स्थानों पर सनातन धर्म के सभी वर्गों के लोग, चाहे व बड़े हो या छोटे, सभी ज्येष्ठ-श्रेष्ठ अभिभावक, माता-बहन एवं भाई की ओर से सेविकाओं पर पुष्प वर्षा कर अभिनंदन कर रहे थे। इस दौरान हिंदू समाज ने जातीय भेदभाव से ऊपर उठकर एकजुटता एवं एकरूपता का परिचय दिया।

### आयोजन में यह रहे सहभागी

इस आयोजन में विभिन्न संगठनों और शिक्षा संस्थानों जैसे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, बजरंग दल, चाणक्य विद्यापीठ, व्यापार संघ, ऑल एनिमल रेस्क्यू टीम, मनिहारी फुटवियर संगठन, सोनी समाज, रमेश सोनी पुनासा, वैष्णव समाज, यूथ फॉर नेशन संस्था, श्री राम सेना आदि का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। शाम छह बजे नगर के माघ चौक स्थित कचहरी रोड सरकारी स्कूल मैदान में पथ संचलन का विधिवत समापन हुआ। इस आयोजन ने नगर में उत्साह, संगठन शक्ति और राष्ट्र प्रेम की भावना को और अधिक सशक्त किया।

## आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोपी को मिले सजा

### घांची समाज ने सौंपा ज्ञापन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रामसीन।** कस्बे के उपतहसील कार्यालय में गुरूवार को घांची समाज ने तहसीलदार निरजा कुमारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया कि आहोर तहसील के माधोपुरा में 26 मार्च 2025 को घांची समाज की बेटी नाबालिग डिम्पल पुत्री कुन्दमल घांची ने अपने घर में फंदा लगाकर जान दे दी थी। पुलिस जांच में उसके मोबाईल से दूसरे समुदाय के लड़के से जुड़े कुछ तथ्य सामने आए थे। कुछ युवक की ओर से डिम्पल को मानसिक तौर पर प्रताड़ित किया जा रहा था, जिससें डिम्पल ने अपनी जान दे दी। घांची समाज ने मांग की है कि आरोपियों पर सख्त कानूनी कार्यवाही करवाकर फांसी की सजा दिलाई जाए अन्यथा जालोर जिले के घांची समाज की ओर से उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## भूख हड़ताल जारी, चार जने बैठे हड़ताल पर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** क्षेत्र के चौरा ग्राम पंचायत के ग्रामीणो ने नवीन राजस्व गांव रामेश्वर नगर को निरस्त करने की मांग को लेकर उपखंड मुख्यालय के समक्ष दूसरे दिन भी चार लोग आमरण अनशन पर रहे, इस दौरान ग्रामीणो ने आरोप लगाते हुए कि ग्राम पंचायत की ओर से कोई प्रस्ताव नए रेवेन्यू वेलेज के लिये नहीं भेजा गया, जबकि गांव के कुछ लोग मिलकर नया राजस्व गांव सृजित करवा दिया। जबकि नये राजस्व गांव में न तो कोई सरकारी जमीन है। ऐसे में पूरे क्षेत्र में खातेदारी जमीन के अलावा कोई जमीन भी नहीं है। ग्रामीणों ने नामजद लोगों के खिलाफ गंभीर आरोप भी लगाए। आज तुलसाराम पुरोहित, महेन्द्र सिंह राजपुत, अणदाराम मेघवाल, आसुराम मेघवाल ने आमरण अनशन शुरू कर दिया। ज्ञापन में बताया कि चौरा में नवसृजित गांव रामेश्वर नगर जो राजस्व गांव घोषित हुआ है जो गलत है व ग्रामीणों की भावना के खिलाफ है, ज्ञापन में बताया कि पूर्व में हमारे ग्राम वासियों द्वारा ग्राम की आम सभा करके सामूहिक निर्णय किया गया कि जो राजस्व गांव रामेश्वर नगर नव घोषित राज्य सरकार द्वारा किया गया है वह अवैध और गलत कागजों के और जातिवाद के




आधार पर किया गया है इसे आम ग्राम सभा में सामूहिक निर्णय लिया गया कि इस ग्राम को राज्य सरकार तुरंत निरस्त हेतु निवेदन किया गया यह साथ ही चौरा ढाणी को ग्राम पंचायत करावडी में नहीं जोड़े जाने बाबत निवेदन किया गया था, जो आज दिनांक तक प्रशासन द्वारा किसी तरह की कार्यवाही नही किए जाने के कारण मजबूरन समस्त ग्राम पंचायत चौरा में नव घोषित गांव रामेश्वर नगर व चौरा ढाणी के निवासी सामूहिक रूप से आमरण अनशन पर बैठ रहे है। इस अवसर पर सरपंच सुनिल बिश्नोई, वार्ड पंच बलवंत एच सुथार, कृष्णसिंह, भीखाराम माली, राणाराम साहू, भूपाराम , महावीर सिंह, महेन्द्र सिंह, तुलाराम पुरोहित, लक्ष्मण मेघवाल,जोराराम चौधरी, श्रवण सुथार, खेमाराम, प्रेमाराम, नारायण मोदी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# हाइवे पर गड्ढ़े, हादसों को खुला निमंत्रण, कौन सुध ले

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** क्षेत्र में नेशनल हाईवे की दुर्दशा दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। हाल ही में धमाणा स्थित अम्रता देवी उद्यान के पास सड़क पर बड़ा गड्ढा बन गया है। जिससे वाहन चालकों के लिए यह मार्ग बेहद खतरनाक साबित हो रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, सड़क के खराब होने की सूचना कई बार प्रशासन व विभाग के अधिकारियों को अवगत भी करवा गया है, लेकिन अब तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। हाईवे पर बने इन गड्ढों के कारण आए दिन वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। खासकर रात के समय यह गड्ढा और भी खतरनाक



साबित हो रहा है। क्योंकि इसकी सही से पहचान नहीं हो पाती। ग्रामीणों और स्थानीय व्यापारियों ने संबंधित विभाग से जल्द से जल्द इस गड्ढे को भरने और हाईवे की मरम्मत करने की मांग की है। ताकि हादसों को रोका जा सके। यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो आने वाले दिनों में यह मार्ग और भी खतरनाक हो सकता है ।हाईवे पर सीएनजी पंप से कमालपुरा सरहद तक जगह- जगह हाईवे टूटने से गड्ढों के बड़े - बड़े स्पॉट बन गए जो अचानक आने से वाहन उसमें गिर जाने से वाहनों का संतुलन भी बिगड़ जाता है, विभाग को इस मामले में सख्त कार्यवाही की जरूरत है।

# बाणमाता की तीन दिवसीय 15वीं वार्षिक यात्रा रवाना

## यात्रा में 24 बसों व निजी वाहनों के जरिए 1500 यात्री हुए शामिल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पोसालिया।** बाण माता सेवा समिति शिवगंज-सुमेरपुर के तत्वावधान में राजराजेश्वरी बाणमाता की सुमेरपुर से चितोड़गढ़ दुर्ग की त्रिदिवसीय 15वीं वार्षिक बस यात्रा रात को रवाना हुई। बाण माता सेवा समिति के संगठन मंत्री व बस यात्रा के व्यवस्थापक भबूतमल गहलोत ने बताया कि भामाशाहों व लाभार्थी परिवारों के अर्थ सहयोग से बाणमाता पूजक विभिन्न जाति-गौत्र परिवारों की तीन दिवसीय वार्षिक यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा सांवलियां सेठ मन्दिर दर्शन के बाद भण्डफिया पहुंचने पर सवेरे यात्रियों के लिए अल्पाहार, दोपहर को बाणमाता मन्दिर में भोजन प्रसादी शाम को इसी मन्दिर प्रांगण में भोजन प्रसादी की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। इसी दिन रात को एक शाम बाणमाता के नाम भव्य भजन संध्या आयोजित की जाएगी। जिसमें गोयली निवासी एकडवोकेट प्रकाश माली तथा सेवाड़ी के रामेश्वरलाल प्रस्तुतिया देंगे। वहीं पर भामाशाहों व लाभार्थी परिवारों का समिति की ओर से सम्मान किया जायेगा। तीसर दिन शनिवार को चितौड़गढ़ दुर्ग स्थित मन्दिर में सवेरे ध्वजा पताका चढ़ाई जाएगी। दोपहर को महाप्रसादी का आयोजन होगा। समिति के संगठन मंत्री गहलोत ने बताया कि विशाल बस यात्रा में सुमेरपुर बाण माता मन्दिर प्रांगण एवं विभिन्न स्थलों से करीब 24 बसें प्रस्थान कर एकलिंग नाथजी, सांवलियां सेठ, बाणमाता चितोड़गढ़ दुर्ग, चारभूजा एवं सोनाणा खेतलाजी इत्यादि धार्मिक व तीर्थ स्थलों के दर्शन किए जाऐंगे। बसों में सवार एवं अपने निजी वाहनों के जरिए पहुंचने वाले यात्रियों की संख्या तकरीबन 1500 होगी। इसके लिए 24 व्यवस्थापकों की नियुक्ति की गई है। सभी व्यवस्थापकों की देखरेख में बसों का संचालन व यात्रियों की देखभाल होगी।



### 33 पदाधिकारी एवं सदस्य है इस समिति में

सेवा समिति की कार्यकारिणी में पदाधिकारियों व सदस्यों की कुल संख्या 33 हैं। समिति में प्रमुख पदों पर सुमेरपुर के एडवोकेट महेन्द्र गहलोत को प्रमुख सलाहकार व मार्गदर्शक, एडवोकेट रतनलाल गहलोत, बालोतरा के वागाराम घांची व सिरोही के करणसिंह सिसोदिया को मुख्य संरक्षक, शिवगंज के हजारीमल लुहार, सुमेरपुर के शान्तिलाल घांची, दिलीपसिंह गहलोत, नन्दवान जोधपुर के केसाराम गहलोत को संरक्षक, सालावास-जोधपुर के हंसराज गहलोत को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी से नवाजा गया हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### गौतम ऋषि महादेव ट्रस्ट के अध्यक्ष मीणा का किया स्वागत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पोसालिया।** चोटिला के गौतम ऋषि महादेव मंदिर प्रांगण में देर रात को गौतम ऋषि महादेव ट्रस्ट के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रताराम मीणा का गजानंद सेवा समिति अध्यक्ष मंगल कुमार, मिथुन मीणा, गणेश मीणा, दिनेश कुमार मीणा, ऋतिक एवं बाबा के मंदिर पुजारी ने स्वागत किया। मीणा का सभी ने भगवान कृष्ण एवं गोमाता की तस्वीर भेंट कर स्वागत किया।

### किया अवलोकन, दिए निर्देश



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**तलहटी।** सहायक निदेशक एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सिरोही अजय माथुर तथा अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक हनीफ खान ने प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र परीक्षा आबूरोड ब्लॉक के संग्रहण एवं जांच केन्द्र का अवलोकन किया गया। साथ वीक्षकों को जांच कार्य में गोपनीयता बनाए रखने एवं सजगता से जांच करने एवं केजिंग करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। 48 वीक्षकों द्वारा जांच कार्य किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती रजनी श्रीवास्तव, प्रभारी ज्योतिर्मय शर्मा, शारीरिक शिक्षक ईश्वरसिंह राव, अशोक पुरोहित, संजय झवेरी सहित सतीश शर्मा मौजूद रहें।

### राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह की विजेता बालिकाओं का किया सम्मान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** पीएम राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सिरोही में राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह कार्यक्रम के तहत पौधरोपण एवं जल संरक्षण पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सहायक निदेशक अजय माथुर के मार्गदर्शन में किया गया। गतिविधि प्रभारी गोपालसिंह राव तथा कीर्ति सोलंकी के अनुसार विज्ञान प्रौद्योगिकी और नवाचार वैश्विक स्तर पर राष्ट्रीय विकास के प्रमुख चालक के रूप में उभरे हैं। राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह 2024 -25 के तहत आयोजित गतिविधि में बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बालिकाओं को वृक्षारोपण एवं जल संरक्षण के बारे में जागरूकता के लिए पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सभी गतिविधियों में भाग लेने पर बालिकाओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### सत्यानंद महाराज के सान्निध्य में बैठक कल



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** सिदंरथ स्थित खेतलाजी मंदिर में 25 मई को आयोजित होने वाले वार्षिकोत्सव को लेकर शनिवार को ग्रामीणों एवं रविधाम के गादिपति सत्यानंद महाराज की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें मेले के सफल आयोजन की चर्चा कर मंदिर विकास एवं व्यवस्थाओं को लेकर भी निर्णय लिया जाएगा। इसके अलावा वार्षिकोत्सव को लेकर जिम्मेदारी भी सौंपी जाएगी। अध्यक्ष प्रभुसिंह देवड़ा ने बताया कि इस वर्ष का वार्षिक मेला सत्यानंद महाराज के सानिध्य में होगा।

### रामनवमी शोभायात्रा को लेकर सर्व समाज एवं संगठनों की बैठक आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** रामनवमी शोभायात्रा की तैयारी को लेकर रामनवमी महोत्सव समिति द्वारा शहर के सभी समाजों, संगठनों, व्यापार महासंघो को लेकर एक विशेष बैठक का आयोजन शुक्रवार की शाम को शहर के आदर्श विद्या मंदिर रामझरोखा में आयोजित की गई है। बैठक में अभी तक रामनवमी शोभायात्रा को लेकर चल रही तैयारी की समीक्षा की जाएगी। बैठक में आरएसएस जालोर के विभाग के सह विभाग प्रचारक अनिल का मार्गदर्शन मिलेगा। राम नवमी महोत्सव समिति के प्रचार प्रमुख संजय कुमार वर्मा ने बताया कि रविवार 6 अप्रैल को आयोजित होने वाली रामनवमी शोभायात्रा की तैयारी को लेकर सभी कार्यकर्ता पिछले 15 दिन से लगे हुए हैं। शुक्रवार की शाम को 7 बजे आदर्श विद्या मंदिर राम झरोखे में बैठक रखी गई है। वर्मा ने सभी समाजों के प्रतिनिधियों, व्यापार संगठनों के पदाधिकारियों एवं अन्य सामाजिक धार्मिक संगठनों के लोगों से अपील की है कि वें इस बैठक में अवश्य सम्मिलित हो।

## श्रीमाली राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं देवड़ा संगठन मंत्री नियुक्त

### कार्यकर्ताओं ने किया सम्मान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जेकेपुरम।** इंटक यूनियन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में प्रदेशाध्यक्ष जगदीशराज श्रीमाली को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं इन्द्रसिंह देवड़ा को राष्ट्रीय इंटक यूनियन में संगठन मंत्री बनने पर जेके लक्ष्मी सीमेंट में कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई। लक्ष्मी सीमेंट इकाई के मेंन गेट पर दोनों पदाधिकारियों का माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया। मौके पर देवड़ा ने कहा कि राष्ट्रीय



अध्यक्ष संजीवा रेड्डी एवं पूर्व प्रदेशध्यक्ष एवं राज्य मंत्री राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगदीश राजश्री माली ने मुझे जो जिम्मेदारीदी है। उसके लिए सदैव आभारी रहूंगा आगे भी में सभी मजदूर और कार्यकर्ता सहयोग करता रहूंगा। देवड़ा के संगठन मंत्री बनने पर कार्यकर्ताओं में काफी हर्ष और उल्लस इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी भी की। महामंत्री रामराम, कोषाध्यक्ष गोविंद मेघवाल, उपाध्यक्ष हरियाराम, सरवन परिहार, उत्तमसिंह देवड़ा, अमरसिंह, श्यामलाल, रणसाराम, अभयसिंह देवड़ा, संजय रावल, विक्रम, रुपाराम, पुनाराम, भपनराम, विनेश, भीमसिंह, लक्ष्मण, देशराराम, विष्णु, कन्हैयालाल, प्रेमाराम, निबाराम, सिंगाराम, मंगाराम देवासी, राजू भाई आदि मौजूद थे। राष्ट्रीय कार्यकारिणी में अल्ट्राटेक से रतनसिंह देवड़ा को भी सदस्य बनाया गया

## 'संस्कृति एवं संस्कार की शिक्षा दे रही है विद्या भारती'

### वार्षिकोत्सव सत्यम का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कालन्द्री।** महावीर आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक कालंद्री का वार्षिकोत्सव सत्यम 2025 का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित, प्रधान हसमुख कुमार, गुमानसिंह परमार, बसंत भाई पुरोहित, भूराराम पुरोहित ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना, सूर्य नमस्कार, योग, चाप पिरामिड, साहसिक कार्यक्रम, नाटक में राजमाता अहिल्याबाई होलकर के 300वीं जन्म शताब्दी एवं छत्रपति शिवाजी की जीवनी पर नाटक प्रस्तुत किया। मुख्य वक्ता भूराराम पुरोहित ने बताया कि इस देश में संस्कृति एवं संस्कार के साथ शिक्षा देने का कार्य विद्या भारती कर रही है। विद्या भारती का लक्ष्य वसुधैव कुटुंबकम की भावना से है। मुख्य अतिथि जिला प्रमुख अर्जुन राम पुरोहित ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विद्या भारती के आचार्य अध्ययन करवा रहे हैं यह यहां राष्ट्र के लिए बहुत आवश्यक है अतः सभी भैया बहनों को विद्या मंदिर में अध्ययन करवाना चाहिए। प्रधान हसमुख कुमार ने बताया कि देशभक्ति के साथ अनुशासन की सबसे अच्छी संस्था विद्या भारती है। प्रधानाचार्य करणसिंह राठौड़ ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। व्यवस्थापक रतन प्रजापत ने आभार व्यक्त किया। आचार्य दरगाराम प्रजापत, सुरेश पुरोहित, श्रवण कुमार, अजय कुमार, राजाराम, गणेश कुमार, निर्मल कुमार, किशन पुरोहित, फौजदारसिंह, हीरालाल, प्रदीप चारण, रणछोड़, अमरसिंह, इंद्र कुमार, सतीश कुमार, शिवलाल माली, डिंपल सुथार, विनीता रावल, भावना प्रजापत, रिंकल पुरोहित, संगीता पुरोहित, पुष्पा पुरोहित, खुशबू रावल आदि का सहयोग रहा। जितेश कुमार का भी सहयोग रहा।





## जागरूकता दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** माधव विवि के विशेष शिक्षा विभाग एवं माधव विशेष विद्यालय ने विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। शिक्षा विभाग सभापति मिशिगन कुशवाहा के उद्घाटन भाषण से हुआ। उन्होंने ऑटिज्म के विभिन्न पैरामीटर, टुकड़े, उत्पाद और फर्नीचर पर प्रकाश डाला। इसके बाद होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. मनोज बेहड़ा ने समग्र शिक्षा में ऑटिस्टिक बच्चों की भागीदारी और उनके समग्र विकास की सामान्यता पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि समावेशी शिक्षा प्रणाली ऑटिस्टिक बच्चों को मॉड्यूल में जोड़ना और उनकी मजबूती को निखारने में सहायक हो सकती है। गायक अधिष्ठाता डॉ. महेंद्रसिंह परमार ने ऑटिज्म की रोकथाम और इससे बचाव के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ऑटिज्म के प्रभाव को शुरुआती तौर पर पहचानने और समय से पहले ही काफी हद तक कम किया जा सकता है। कार्य म के अंतिम चरण में उपस्थित छात्रों और उद्यमियों के साथ एक प्रश्नोत्तरी सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें स्पेशलिस्ट ने ऑटिज्म से संबंधित विभिन्न जिज्ञासाओं का समाधान किया। इस सत्र में छात्रों और इंजीनियरों की सक्रिय भागीदारी रही। जिससे ऑटिज्म को लेकर समाज में व्याप्त अंधविश्वासों को दूर करने में मदद मिली। इस मशीन पर सहायक अध्यापक डॉ. अवनीश मिश्रा, ि एटिव आर्टिस्ट, पैन्ट टोफिक, नवीन कुमार, श्रेया खटक, कुमारी ममता, अजय कश्यप, और विशेष विद्यालय के शिक्षक पवन कुमार, कृष्णवीर, निर्भान गुर्जर, सिंह शशि गुर्जर, विष्णु कुमार एवं संगणक अधिकारी हितेंद्र सिंह देवड़ा उपस्थित रहे।

## बैठक में की वार्षिक अधिवेशन एवं स्नेह मिलन समारोह की समीक्षा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रेवदर।** राजस्थान पेंशनर्स समाज उपशाखा रेवदर की बैठक कंकुतारा पेंशन भवन में अध्यक्ष हंसाराम पुरोहित की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में 2 मार्च को आयोजित होने वाले वार्षिक अधिवेशन एवं स्नेह मिलन समारोह की समीक्षा की गई। सभी ने कार्य म सफल रहने पर खुशी जाहिर की। जयंतिलाल जोशी कोषाध्यक्ष ने नवीन सदस्यों का परिचय करवाकर उनका सम्मान किया। पेंशन भवन के उपर कमरे की खिड़की लगवाने एवं भामाशाह की नाम पट्टीका (तख्ती) के लिए व्यय केन का भुगतान पेंशन कार्यालय से करने का निर्णय लिया गया।इसके अलावा पिण्डवाड़ा में छह अप्रेल को आयोजित होने वाले वार्षिक अधिवेशन एवं सम्मान समारोह की भी जानकारी दी गई। उदयपुर के नरेन्द्रसिंह कच्छवाह ने जीबीएच जनरल अस्पताल (अमेरीकन) उदयपुर द्वारा विभिन्न रोगों के उपचार की जानकारी दी गई। वही 18 अप्रैल को जीबीएच जनरल हॉस्पीटल उदयपुर के भ्रमण पर जाने का तय किया गया। इच्छुक व्यक्ति अजाराम बामणिया सोरड़ा के पास अपने नाम दर्ज करवाने को कहा गया। राजस्थान सरकार द्वारा निशुल्क तीर्थयात्रा में रेवदर से भंवरसिंह सोलकी का चयन हुआ था इनके यात्रा से लौटने पर पेशनर समाज द्वारा स्वागत किया गया। सोलकी द्वारा अल्पाहार एवं चाय की व्यवस्था की गई। बैठक में मंछाराम पुरोहित, चुन्नीलाल पांचाल, गोपालराम हीरागर, भूराराम कोली, मना राम कोली, चुन्नी लाल जीनगर सहित 50 पेंशनर उपस्थित रहे।



## डोडा पोस्त के मामले में वांछित को किया गिरफ्तार

### थानास्तरीय सूची के टॉपटेन में है शामिल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** पुलिस ने डोडा पोस्त मामले में लम्बे समय से फरार चल रहे थानास्तरीय टॉपटेन में शामिल तथा पांच हजार के ईनामी आरोपी को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी भवानीसिंह राजावत ने बताया कि सोबडावास छाजाला रंगाला बागोडा जिला जालोर निवासी अनाराम उर्फ अनिल पुत्र चिमनाराम जाट लम्बे समय से फरार था। जिस पर पुलिस अधीक्षक ने आरोपी पर आठ फश्रवरी को पांच हजार का ईनाम घोषित किया गया। कार्रवाई में उप निरीक्षक राजेन्द्रसिंह, भावेश कुमार तथा गजेन्द्रसिंह का सहयोग रहा।



## कृषि फार्म पर झोपड़ी में आग से सामान जलकर हुआ राख

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** कांटल के पंवार कृषि फार्म पर बनी एक झोपडी में अचानक आग लग गई। जिससे झोपड़ी में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार कांटल गांव से गाड़िया मार्ग पर पंवार कृषि फार्म बनी लसमाराम गरासिया की झोपडी में गुरुवार दोपहर को अज्ञात कारणों से आग लग गई। इस दौरान लसमाराम के परिजन खेत में गेहूं काट रहे थे। आग लगने की जानकारी मिलने पर सभी झोपड़ी के पास पहुंचे तथा आग पर पानी डालना शुरु किया। हालांकि, तब तक पूरी झोपडी को आग ने अपने चपेट में ले लिया था। सूचना पर पंवार कृषि फार्म के मालिक जब्बरसिंह पंवार व अन्य परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे। सूचना पर पुलिस, अग्निशमन वाहन भी मौके पर पहुंचे। कृषि फार्म के सदस्य हड़मतसिंह पंवार ने घटना की पूरी जानकारी तुरंत ग्राम पंचायत अजारी, पिंडवाड़ा थाना पुलिस, राजस्व विभाग के अधिकारियों और अग्निशमन वाहन को दी। सूचना पर आरआई भैराराम, अग्निशमन वाहन और पिंडवाड़ा थाने से एएसआई सोमाराम, पूर्व वार्ड पंच जैसाराम भील, दिनेशसिंह भाटी, रणछोड़ देवासी मौके पर पहुंचे। लसमाराम गरासिया ने बताया कि झोपड़ी में लगी आग से करीब 20 से 25 बोरी काटे हुए गेहूं, करीब दस हजार नकदी, बिस्तर और खाद्य सामग्री जलकर राख हो गई।



# बच्चे के बर्थ सर्टिफिकेट से पूर्व साथी का नाम नहीं हटा सकते : बॉम्बे हाईकोर्ट

**एक महिला ने याचिका दायर कर पिता का नाम हटाने की मांगी थी अनुमति**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र के औरंगाबाद की एक महिला की याचिका पर सुनवाई करते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट ने साफ किया है कि तलाक के बाद माता-पिता अपने बच्चे के बर्थ सर्टिफिकेट से पूर्व साथी का नाम नहीं हटवा सकते हैं। बॉम्बे हाईकोर्ट ने महिला की याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें मांग की गई थी कि बच्चे के जन्म रिकॉर्ड में केवल उसका नाम माता-पिता के रूप में दर्ज किया जाए। कोर्ट ने कहा 'वैवाहिक विवादों में उलझे माता-पिता अपने अहंकार को संतुष्ट करने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं'। हाईकोर्ट की औरंगाबाद पीठ के न्यायमूर्ति मंगेश पाटिल और वाई जी खोबरागड़े ने 28 मार्च को दिए आदेश में ऐसी याचिकाओं की निंदा करते हुए कहा कि माता-पिता में से कोई भी अपने बच्चे के जन्म रिकॉर्ड के संबंध में किसी भी अधिकार का प्रयोग नहीं कर सकता।



### महिला पर लगाया पांच हजार रुपए का जुर्माना

■ हाईकोर्ट ने कहा कि यह याचिका इस बात का एक सटीक उदाहरण है कि कैसे वैवाहिक विवाद कई मुकदमों का कारण बनता है और याचिकाकर्ता पर 5,000 रुपए का जुर्माना लगाया, यह देखते हुए कि याचिका प्रक्रिया का सरासर दुरुपयोग और अदालत के कीमती समय की बर्बादी है। 38 वर्षीय महिला ने याचिका दायर कर औरंगाबाद नगर निगम अधिकारियों को निर्देश देने की मांग की थी कि वे उसके बच्चे के जन्म रिकॉर्ड में उसका नाम एकल अभिभावक के रूप में दर्ज करें और केवल उसके नाम से जन्म प्रमाण पत्र जारी करें।

### बच्चे के जन्म रिकॉर्ड से छेड़छाड़ का अधिकार नहीं

■ महिला ने अपनी याचिका में दावा किया कि उसका पति कुछ बुरी आदतों का आदी है और उसने कभी अपने बच्चे का चेहरा भी नहीं देखा है। हालांकि, उच्च न्यायालय ने कहा कि सिर्फ इसलिए कि बच्चे का पिता बुरी आदतों का आदी है, मां बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र में एकल अभिभावक के रूप में उल्लेख किए जाने के अधिकार पर ज़ोर नहीं दे सकती। "माता-पिता में से कोई भी बच्चे के जन्म रिकॉर्ड के संबंध में किसी भी अधिकार का प्रयोग नहीं कर सकता है।"

### यह समय की बर्बादी

■ कोर्ट ने कहा कि उसे इस बात में कोई संदेह नहीं है कि यह 'प्रक्रिया का सरासर दुरुपयोग और अदालत के कीमती समय की बर्बादी' है। 'जिस राहत का दावा किया जा रहा है, वह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि वह अपने बच्चे के साथ इस हद तक व्यवहार कर सकती है, जैसे कि वह एक संपत्ति है।

## बांद्रा स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट
# साकार होगा घरों का सपना : शेलार

**मुंबई।** बांद्रा स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत, बांद्रा पूर्व के गौतम नगर क्षेत्र में कई परिवारों का अपने घर का सपना पूरा हो रहा है,



ऐसा मुंबई उपनगर जिले के पालकमंत्री एड. आशिष शेलार ने कहा। बांद्रा पूर्व में झोपड़पट्टी पुनर्वास प्राधिकरण (एसआरए) के तहत पुनर्वसित किए जा रहे निवासियों को उनके नए घरों के करार पत्र वितरित करने का कार्यक्रम मुंबई उपनगर जिल्हाधिकारी कार्यालय में आयोजित किया गया। पालकमंत्री शेलार ने इस अवसर पर 10 लाभार्थियों को घरों के करार पत्र वितरित किए। इस दौरान मुंबई उपनगर जिले के जिल्हाधिकारी राजेंद्र क्षीरसागर, वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। पालकमंत्री शेलार ने कहा कि मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, गृहनिर्माण मंत्री और संबंधित अधिकारियों के सहयोग से यह परियोजना सफलतापूर्वक पूरी हो रही है। यह प्रयास किया जा रहा है कि गणेश उत्सव से पहले निवासियों को उनके नए घरों में प्रवेश मिल सके। उन्होंने आगे बताया कि बांद्रा पूर्व में 30.16 एकड़ सार्वजनिक निर्माण विभाग की जमीन उच्च न्यायालय को सौंपने का निर्णय लिया।

# कामरान को दो साल की सजा

**20 दिसंबर 2023 को मुंबई पुलिस को की थी कॉल**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी देनेवाले कामरान आमीर खान को मुंबई हाईकोर्ट ने दो साल कारावास की सजा सुनाई है। इस मामले का शिकायतकर्ता पुलिसकर्मी मुंबई पुलिस आयुक्तालय के मुख्य नियंत्रण कक्ष में कार्यरत था, जहां वह कॉल टेकर की ड्यूटी पर तैनात था। 20 दिसंबर 2023 को शाम 7:14 बजे के करीब, उसे एक मोबाइल नंबर से एक कॉल आया। उसने कॉल करने वाले व्यक्ति से बातचीत शुरू की। कॉल करने वाले शख्स ने कहा कि पीएम मोदी और योगी आदित्यनाथ की जान को खतरा है। दाऊद इब्राहिम का आदमी मोदी को उड़ाने के लिए पांच करोड़ दे रहा है। जेजे वाले यदि कंप्लेंट नहीं लेते हैं, तो मैं जेजे में बम विस्फोट कर दूंगा, ऐसी धमकी दी। पुलिसकर्मी ने उससे बात करने की कोशिश की, लेकिन उसने धमकी दी कि अगर कुछ हुआ तो वही जिम्मेदार होगा। इसके बाद, पुलिसकर्मी ने इस बारे में अपने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी। कुछ समय बाद, शिकायत दर्ज कराने के लिए वह मैदान पुलिस थाने पहुंचा, जहां कॉल करने वाले को ट्रेस कर पकड़ा गया। उसका नाम कामरान अमीर खान था।



**मोदी-योगी को दी थी हत्या की धमकी**

### रियायत करना ठीक नहीं-अदालत

आरोपी की हरकतों को देखकर कोर्ट ने अभी कहा कि उसके साथ रियायत करना ठीक नहीं। आरोपी की तरफ से बचाव पक्ष के वकील ने कहा कि आरोपी मानसिक रूप से स्थिर नहीं है लेकिन मजिस्ट्रेट कोर्ट ने इस याचिका को भी खारिज कर दिया और कहा कि किसी भी प्रकार से आरोपी इस बात को सिद्ध नहीं कर पाया है।


# मुस्लिम दंपति ने की युवक की हत्या

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भायंदर।** सड़क क्रॉस कर रहे 40 वर्षीय युवक ने स्कूटी सवार दंपति से इतना कहा कि देख कर चलाओ, हेलीकॉप्टर नहीं चला रहे हो, इतना कहना स्कूटी सवार मुस्लिम दंपति को चुभ गया और उस युवक की सड़क पर ही पीट पीट कर हत्या कर दी। इस हत्याकांड की वजह से मुंबई मीरा भायंदर वसई विरार नई मुंबई ठाणे पनवेल के विश्वकर्मा समाज में रोष व्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार कारपेंटर ओमप्रकाश विश्वकर्मा (40) काम पर जा रहे थे। सांताक्रुज गोलीबार इलाके में सड़क पार करते समय स्कूटी सवार अमन अंसारी नामक व्यक्ति से उन्होंने कहा कि हेलिकॉप्टर नहीं चला रहे हो देखकर चलाओ, इतने पर अमन अंसारी और उसकी पत्नी ओमप्रकाश को पीटने लगे। अमन अंसारी अपनी हेलमेट से तब तक मारता रहा जब तक ओमप्रकाश अधमरा नहीं हो गया। सूत्रों की मानें तो अमन अंसारी की पत्नी भी उसे



पीटती रही। ओमप्रकाश को अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। इस घटना की खबर जब विश्वकर्मा समाज के संगठनों को मिली तो सभी ने सांताक्रुज विश्वकर्मा समिति में बैठक कर मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने के साथ आरोपी दंपति को सख्त सजा दिलाने की मांग करने का निर्णय लिया। शिंदे शिवसेना के बाबूलाल विश्वकर्मा ने कहा कि कैसे कोई किसी को इस कदर सड़क पर पीट पीट कर मार सकता है। इस घटना से पूरा विश्वकर्मा समाज आहत है। समिति की मीटिंग में चंद्रकेश विश्वकर्मा मौलिक अधिकार पार्टी , बृजेश विश्वकर्मा राष्ट्रवादी जनशक्ति पार्टी, प्रेम आसरे विश्वकर्मा कांग्रेस, वशिष्ठ नारायण विश्वकर्मा कांग्रेस,लल्लू राम विश्वकर्मा भाजपा, रामशब्द शर्मा भाजपा, राधेश्याम विश्वकर्मा भाजपा, शशिकांत शर्मा राष्ट्रवादी जनशक्ति पार्टी, सन्तलाल विश्वकर्मा बजरंग दल व हिन्दू विश्व परिषद, उपेन्द्र विश्वकर्मा भाजपा, छेदीलाल विश्वकर्मा राष्ट्रवादी जनशक्ति पार्टी, अनील सी विश्वकर्मा राष्ट्रवादी जनशक्ति पार्टी, राकेश विश्वकर्मा राष्ट्रवादी जनशक्ति पार्टी, डा के के विश्वकर्मा राष्ट्रवादी जनशक्ति पार्टी, सुभाष विश्वकर्मा व्यापार मंडल भाजपा,, रविन्द्र भरत विश्वकर्मा -विश्वकर्मा पार्टी, जितेन्द्र भरत विश्वकर्मा ,चंदन विश्वकर्मा, ज्ञानचंद विश्वकर्मा, तुफानी लालता विश्वकर्मा, कृष्णानंद विश्वकर्मा, लालचंद रामनाथ विश्वकर्मा उपस्थित रहे। इस घटना के बाद मृतक ओमप्रकाश शर्मा के परिवार पर जहां दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है वहीं समाज अब न्याय की मांग राज्य सरकार से कर रहा है।



# लागू की जा रही मंत्रालय सुरक्षा परियोजना

**मुंबई।** मंत्रालय सुरक्षा परियोजना लागू की जा रही है, जिसके तहत पहले चरण में चेहरा पहचान आधारित प्रवेश प्रक्रिया शुरू की गई थी। अब दूसरे चरण में विज़िटर मैनेजमेंट सिस्टम (वीएमएस) विकसित किया गया है। एक अप्रेल से, क्षेत्रीय कार्यालयों के अधिकारी, कर्मचारी और आगंतुकों के लिए मंत्रालय में प्रवेश के लिए "डिजी प्रवेश " ऑनलाइन ऐप पर पंजीकरण करना अनिवार्य कर दिया गया है। अब पंजीकरण के लिए कतार में खड़े होने की आवश्यकता नहीं है। पंजीकरण करने के बाद, एक क्यूआर कोड प्राप्त होगा, जिसे मंत्रालय के बाहर निर्धारित खिड़की पर दिखाकर आरएफआईडी कार्ड लिया जा सकता है। इस कार्ड के जरिए सुरक्षा जांच के बाद मंत्रालय में प्रवेश दिया जाएगा।

## जैन समाजबंधुओं ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा

# ऐतिहासिक रहा श्री कोशीवाड़ा जैन मित्र मंडल का स्नेह सम्मेलन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** श्री कोशीवाड़ा जैन मित्र मंडल का 13 वार्षिक स्नेह सम्मेलन नायगांव स्थित रॉयल गार्डन रिसोर्ट में समारोहपूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री कोशीवाड़ा जैन मित्र मंडल के पूर्व अध्यक्ष व उपासक गंभीरमल डागलिया कोशीवाडा तेरापंथी सभा के पूर्व मंत्री व उपासक तोलाराम राठौड़ व कोशीवाड़ा जैन मित्र मंडल के पूर्व मंत्री व उपासक जसराज राठौड़ श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा कोशीवाडा अध्यक्ष रमेश डागलिया, सभा मंत्री गोपाल डागलिया, महिला मंडल अध्यक्षा किरण डागलिया, मंत्री केसर राठौड़, परामर्शक कुंदनमल राठौड़, सुंदरलाल राठौड़, मदनलाल राठौड़ मिठालाल राठौड़, शांतिलाल राठौड़, उपाध्यक्ष सुरेश डागलिया, लक्ष्मीलाल डागलिया, सुखलाल राठौड़ और प्रायोजक परिवार के बाबूलाल सांखला, महेंद्र





परमार, नरेश परमार, पारस परमार, हस्तिमल परमार, बाबूलाल सिंघवी, अमृत धाकड़, प्रविण वदामा, मांगीलाल धीग, मनोज सिसोदिया, मनोहर कच्छारा की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर कोशीवाड़ा गांव के परिवार बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। ढोल बजाकर सभी का स्वागत किया गया। सम्मेलन की शुरुआत मंगलाचरण महिलाओं द्वारा की गई। श्रीमती मनोहरी देवी डागलिया संतोषदेवी डागलिया गुलाबी देवी डागलिया पुष्पा देवी डागलिया कस्तूर देवी राठौड़ अमिता (अनसाई) देवी राठौड़ ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। पुष्पा राठौड़, निर्मला डागलिया निमा राठौड़, स्वागत भाषण। अध्यक्ष गणपत डागलिया ने सम्मेलन में आए सभी जनों का अभिनंदन किया एवं गांव के विकास की चर्चा की। प्रायोजक परिवार को बधाई व शुभकामनाएं दीं। उपासक जसराज राठौड़ ने गांव की सुरक्षा व अध्यात्म पर विस्तृत जानकारी दी। महिला मंडल मंत्री केसर राठौड़ ने सम्मेलन अपनी जन्मभूमि में रखने का सुझाव दिया। प्रायोजक परिवार श्रीमती संतोषीबाई स्व शांतिलाल, गणेशलाल, सुरेशकुमार, सोनित, जेनित एवं समस्त राठौड़ परिवार (मालाड़) का जोरदार स्वागत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में रूहान डागलिया ने डांस प्रस्तुति दी। गणपत डागलिया की अध्यक्षता में दो स्नेह सम्मेलन के लिए प्रायोजक स्वेच्छा से तैयार हो गए हैं जिसमें स्व. श्रीमती मोतीबाई स्व. उदयलालजी भेरूलाल $ उदयलाल डागलिया एवं श्रीमती लहरीबाई किशनलाल, भरत प्रविण डागलिया, श्रीमती शांतिबाई स्व. देवीलाल, मोहन संजय,भरत राठौड़ के नाम शामिल हैं। सम्मेलन का सुंदर संचालन ताराचंद डागलिया एवं मीठालाल राठौड़ ने किया।

# बढ़ाई गई बस पास नवीनीकरण की अवधि

**वसई।** वसई विरार शहर महानगरपालिका की निःशुल्क बस यात्रा योजना के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों, कैंसर पीड़ितों तथा डायलिसिस करवाने वाले नागरिकों को दिए गए निःशुल्क बस पास के नवीनीकरण हेतु 30 अप्रैल तक समयसीमा बढ़ाई गई है। वसई विरार शहर मनपा परिवहन सेवा द्वारा मनपा सीमा के भीतर आने वाले वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों, कैंसर पीड़ितों एवं रक्तशुद्धिकरण (डायलिसिस) करवाने वाले नागरिकों के लिए "निःशुल्क बस यात्रा योजना" चलाई जा रही है। इस योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को दिए गए पास की वैधता 31 मार्च को समाप्त हो चुकी है। बस पास का नवीनीकरण लाभार्थियों द्वारा तुरंत किया जाना संभव नहीं होगा। इस विषय को ध्यान में रखते हुए इस कल्याणकारी योजना का लाभ लाभार्थियों को निरंतर मिलता रहे, इस उद्देश्य से आयुक्त तथा प्रशासक अनिलकुमार पवार द्वारा 31 मार्च तक की वैधता को 1 माह तक बढ़ाते हुए 30 अप्रैल तक बढ़ा दिया गया है। इस योजना का लाभ वर्ष 2025-2026 के वित्तीय वर्ष में लेने हेतु लाभार्थियों को बढ़ाई गई समयसीमा के दौरान नया आवेदन नीचे दिए गए अपने निकटतम प्रभाग समिति कार्यालय के माध्यम से प्राप्त करना होगा। इस प्रकार आयुक्त अनिलकुमार पवार द्वारा वसई विरार मनपा क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों, कैंसर पीड़ितों एवं डायलिसिस करवाने वाले नागरिकों से अपील की गई है।

**नासिक में मनपा स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी**

# विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन







**नासिक।** नासिक मनपा शिक्षा विभाग, आईएसपीएफ (इनोवेशन एंड साइंस प्रमोशन फाउंडेशन) और सिमेन्स कंपनी के संयुक्त उपक्रम द्वारा प्रोजेक्ट जिज्ञासा के अंतर्गत 2 अप्रैल को मनपा स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस प्रदर्शनी का आयोजन उपआयुक्त तथा शिक्षणाधिकारी नितीन पवार के मार्गदर्शन में किया गया था। प्रोजेक्ट जिज्ञासा यह उपक्रम नासिक मनपा की 22 स्कूलों में कक्षा 7वीं से 10वीं तक के विद्यार्थियों के लिए पिछले दो वर्षों से चल रहा है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों में विज्ञान विषय की रुचि, जिज्ञासा, निरीक्षण क्षमता, प्रयोगशीलता और तकनीकी कौशल विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है। इस विज्ञान प्रदर्शनी में 19 स्कूलों के 70 विद्यार्थियों ने 60 प्रोजेक्ट्स के साथ सहभागिता की।

### विजेताओ की सूची

**प्राथमिक विभाग**

1. प्रांजली निलेश चव्हाण (वूमन सेफ्टी मॉडल)-रु.8,000 एवं फास्ट्रैक स्मार्ट वॉच। 2. कृष्णा शर्मा (स्मार्ट ब्रिज मॉडल)-रु.6,000 एवं फास्ट्रैक स्मार्ट वॉच। 3. साक्षी अनिल नरवडे (भारतीय सैन्य सुरक्षा प्रोजेक्ट)-रु.4,000 एवं फास्ट्रैक स्मार्ट वॉच


**माध्यमिक विभाग**

1. प्रीती विष्णु बारवकर (वॉटर फिल्टर बाय सोलर)-रु.8,000 एवं फास्ट्रैक स्मार्ट वॉच। 2. प्रेम मिंटु सिंग (भारतवर्ष मॉडल)- रु.6,000 एवं फास्ट्रैक स्मार्ट वॉच
3. हिना अफरोज अहमद शाह (रोड सेफ्टी अलार्म फॉर हिली एरिया)-रु.4,000 एवं फास्ट्रैक स्मार्ट वॉच। कार्यक्रम का उद्घाटन सिमेन्स कंपनी के प्रतिनिधि ओऐशी हलदार, कुणाल पाटिल, अनिकेत अवताडे, आईएसपीएफ संस्था के चंदन एम. एस., समग्र शिक्षा के प्रल्हाद हंकारे, स्टेम कोच रशीद मणियार, प्रिया ठाकुर की उपस्थिति में हुआ। साथ ही पुरस्कार वितरण नितीन पवार के हाथों संपन्न हुआ।

# सोलापुर में भूकंप के झटके

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सोलापुर।** महाराष्ट्र में सोलापुर जिले के कुछ हिस्सों में गुरुवार को भूकंप के झटके लगे हैं। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, गुरुवार को महाराष्ट्र में सोलापुर में भूकंप के हल्के झटके महसूस हुए हैं। रिक्टर स्केल पर इस भूकंप की तीव्रता 2.6 मापी गई है। सोलापुर जिले में भूकंप का झटका पूर्वाह्न 11 बजकर 22 मिनट पर दर्ज किया गया। इस भूकंप का केंद्र दक्षिण-पश्चिम महाराष्ट्र में स्थित इस जिले के संगोला के पास जमीन से पांच किलोमीटर की गहराई में था। सोलापुर जिले के अधिकारियों ने बताया है कि गुरुवार को आए भूकंप के कारण अब तक किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की कोई खबर नहीं है।



## मीरा- भायंदर मनपा संपत्ति कर विभाग : वित्त वर्ष 2024-2025
# 241 करोड़ 59 लाख की रिकॉर्ड कर वसूली

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भायंदर।** 31 मार्च की मध्यरात्रि तक मीरा-भायंदर मनपा मालमत्ता कर विभाग द्वारा रु. 241 करोड़ 59 लाख की रिकॉर्ड कर वसूली की गई है। संपत्ति कर वसूली की रफ्तार और अधिक बढ़े, इसके लिए मीरा-भायंदर मनपा के आयुक्त तथा प्रशासक राधाबिनोद शर्मा (भा.प्र.से.) के मार्गदर्शन में संपत्ति कर विभाग की नियमित समीक्षा बैठकों के अनुसार शहर में संपत्ति कर की सतत निगरानी करने के निर्देश दिए गए थे। मीरा-भायंदर शहर में कई संपत्ति धारकों के पास वर्षों से बकाया कर था। ऐसे वर्षों से लंबित कर वाले मामलों में आयुक्त के आदेशानुसार संबंधित संपत्तियों को जब्त कर उन पर मनपा का नाम चढ़ाकर सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से बिक्री करने के निर्देश दिए गए थे। इस संदर्भ में शहर में विशेष जनजागृति भी की गई थी। कार्रवाई प्रारंभ होते ही और जनजागृति के कारण शहर के संपत्ति धारकों ने कर भुगतान शुरू किया। इस कार्रवाई के परिणामस्वरूप 31 मार्च की मध्यरात्रि तक मीरा- भायंदर मनपा संपत्ति कर विभाग द्वारा रु.241 करोड़ की रिकॉर्ड वसूली की गई है। रु.241 करोड़ की संपत्ति कर वसूली का श्रेय आयुक्त तथा प्रशासक राधाबिनोद शर्मा (भा.प्र.से.) ने अतिरिक्त आयुक्त, उपायुक्त (कर विभाग), नियंत्रण अधिकारी, सहायक नियंत्रण अधिकारी, संपत्ति कर विभाग प्रमुख, सभी कर निरीक्षक, कर वसूली लिपिक एवं कर्मचारियों को दिया है। पिछले वर्ष 31 मार्च 2024 को रु. 193 करोड़ की कर वसूली की गई थी। उसकी तुलना में इस वर्ष की संपत्ति कर वसूली अधिक प्रभावशाली और तीव्र रही है, जिसमें रु.48 करोड़ की अधिक वसूली की गई है। आयुक्त के निर्देशानुसार, उपायुक्त (सूचना प्रौद्योगिकी) के मार्गदर्शन में सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा विकसित की गई www.mbmc.gov.in वेबसाइट और MyMBMC मोबाइल ऐप के माध्यम से संपत्ति कर भुगतान के लिए नागरिकों से अपील की गई थी। इस अपील को नागरिकों ने सकारात्मक प्रतिसाद दिया। ऑनलाइन पद्धति पर विशेष बल देते हुए 1,40,000 नागरिकों ने ऑनलाइन माध्यम से, जबकि 1,59,560 नागरिकों ने नकद और चेक द्वारा कर भुगतान कर मनपा को सहयोग प्रदान किया। मीरा- भायंदर मनपा कोषागार में कुल रु.241,59,98,932 का संपत्ति कर जमा किया गया है। साथ ही, यह भी महत्वपूर्ण है कि रु.8,98,39,365 राशि के 385 चेक बैंक खाते में जमा किए गए हैं, जो बैंक की स्वीकृति की प्रतीक्षा में हैं। आयुक्त के मार्गदर्शन में मीरा- भायंदर मनपा की स्थापना से अब तक की सबसे अधिक संपत्ति कर वसूली रु.241 करोड़ के रूप में दर्ज की गई है। यह सफलता सभी अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा कर वसूली के लिए किए गए प्रयासों का प्रतिफल है, ऐसा आयुक्त ने कहा और सभी का अभिनंदन किया। शहर के सभी नागरिकों द्वारा कर भुगतान कर दिए गए सहयोग के लिए मनपा एवं आयुक्त तथा प्रशासक राधाबिनोद शर्मा (भा.प्र.से.) की ओर से सभी का आभार व्यक्त किया गया है।



**पिछले वर्ष की तुलना में 48 करोड़ की बढ़ोतरी**



■ **मुंबई।** राजस्थान प्रदेश के पूर्व भाजपा उपाध्यक्ष व रानीवाड़ा के पूर्व विधायक नारायण सिंह देवल व खिरोड़ी सरपंच खंगारमल पुरोहित के मुंबई आगमन पर उनका स्वागत करते धुखसिंह कारोला, चतराराम वाली,नवाराम खिरोड़ी,नरेंद्र चौधरी, भेराराम वाली, मासमा उपाध्यक्ष गणपत पुरोहित, फूलचंद तातडा, रेवाराम सुथार, नानजीराम वाली, जयंतीलाल भादरुणा, प्रकाश खिरोड़ी, डायालाल मेड़ा, पुरुषोत्तम मेड़ा, सुरेश वाली आदि गणमान्य सदस्य मौजूद रहे।

# आज निकल सकता सकारात्मक समाधान



**जीएसटी आयुक्त के साथ एससीआई-मासमा की बैठक**

**मुंबई।** स्टील चैंबर ऑफ इंडिया(एससीआई) और मासमा के प्रतिनिधियों ने जीएसटी आयुक्त आशीष शर्मा के साथ एक रचनात्मक बैठक की। इन प्रतिनिधियों ने बिक्री-इन-ट्रांजिट लेनदेन में ई-वे बिल की जटिलताओं के महत्वपूर्ण मुद्दे को आयुक्त के सामने उठाया और व्यापारिक समुदाय के सामने आने वाली चुनौतियों की जानकारी दी। इस समस्या के समाधान के लिए जीएसटी आयुक्त शर्मा ने उनकी समस्याओं के बारे में तत्काल समाधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने स्वीकार किया कि यदि जीएसटी से बचने का कोई दूसरा रास्ता नहीं है तो व्यवसाइयों को अनावश्यक परेशानियों का सामना नहीं करना चाहिए। उन्होंने अपने अधिकारियों को कानूनी ढांचे की विस्तार से समीक्षा करने और उचित मार्गदर्शन प्रदान करने का निर्देश दिया। उन्होंने हमें सलाह दी कि हम चार अप्रेल को दोपहर तीन बजे मझगांव में जीएसटी के वरिष्ठ अधिकारियों से मिलें। हम चार अप्रेल को होने वाली की बैठक में सार्थक समाधानों की आशा करते हैं। यह जानकारी फाम के अध्यक्ष जितेंद्र शाह ने दी।

## ग्राम विकास अधिकारी संघ के चुनाव संपन्न

**राजसमंद।** राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ के त्रैवार्षिक चुनाव संघ कार्यालय में संपन्न हुए। निर्वाचन अधिकारी कमलेश सेन ने बताया कि नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में अर्जुन सिंह राठौड़ जिला अध्यक्ष फतह सिंह रावत जया पालीवाल जिला उपाध्यक्ष मनोहर सिंह राठौड़ जिला मंत्री संतोष सिंह रावत प्रदेश प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह राव जिला संगठन मंत्री हिमांशु डिडवानिया जिला कोषाध्यक्ष गिरधारी सिंह राव जिला संयुक्त मंत्री किशोर चौधरी जिला संगठन महा मंत्री ऋषिराज खत्री जिला कार्यालय मंत्री पद पर निर्विरोध निर्वाचित किया गया।।



■ **मुंबई।** दक्षिण मुंबई क्षेत्र के सीपी टैंक रोड स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर दर्शन व परिक्रमा करने वाले भक्तों की भारी भीड़ लग रही है। इस अवसर पर मां भगवती के पुजारी, समाजसेवी नरेंद्र चौधरी, अशुभाई मोदी, मासमा उपाध्यक्ष गणपत पुरोहित, मश्रसिंह खिरोड़ी, ललित जोधावास, जेठालाल चौधरी समेत अन्य भक्तगण मौजूद थे।

## मैजिशियन एसोसिएशन का पुनर्गठन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नाडोल** राजस्थान के सभी जादूगरों ने एकजुट होकर एक मंच पर आने के लिए मैजिशियनस एसोसिएशन राजस्थान का पुनर्गठन किया है। इसमें सीकर के जादूगर एस लाल सीनियर सभापति थे। पिछले दिनों अजमेर में हुई बैठक में सर्वसम्मति से महिपाल गुप्ता मुख्य संरक्षक व जादूगर मायावी जूनियर (राजेन्द्र) को संरक्षक मनोनीत किया गया। इसके साथ ही जादूगर हैरती अजमेर को अध्यक्ष, जादूगर सुब्रतो मुखर्जी जयपुर उपाध्यक्ष, जादूगर अशोक शर्मा कोटा मुख्य सचिव, जादूगर सुनील दत्त जोशी ब्यावर सचिव व जादूगर देवीशंकर शर्मा देवली कोषाध्यक्ष मनोनीत किए गए। बैठक में जादूगरों के उत्थान, जादू को कला का दर्जा दिलाने, जादू भवन बनाने ,थिएटर शो में आने वाली परेशानियों के समाधान सहित जनहित की सरकारी योजनाओं के प्रचार में सरकार के सहयोग जैसे विषयों पर चर्चा की गई। सभी प्रांतीय समन्वयकों द्वारा तीन मिनट का जादू प्रदर्शन कर अपने विचार व्यक्त किए गए। शीघ्र ही राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित किए जाने पर भी सहमति बनी। इसके लिए जूनियर एस लाल को आयोजन समिति अध्यक्ष, जादूगर हरीश यादव को भवन निर्माण समिति अध्यक्ष व जादूगर महेन्द्रनाथ को क्षेत्रीय समन्वयक बनाया गया।

## ब्लॉक के संग्रहण व जांच केंद्र का निरीक्षण

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** सहायक निदेशक मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अजय माथुर व अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी(माध्यमिक शिक्षा) हनीफखान द्वारा प्रारंभिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र परीक्षा के आबूरोड ब्लॉक के संग्रहण व जांच के केंद्र का अवलोकन किया। अधिकारियों द्वारा वीक्षकों को जांच कार्य मे गोपनीयता बना, रखने, सजगता से जांच करने, केजिंग करने के लिए निर्देश प्रदान किए। साथ ही संग्रहण एवं जांच केंद्र पर समुचित व्यवस्थाओं एवम जांच कार्य व्यवस्थाओं को देख संतोष व्यक्त किया। 48 वीक्षकों द्वारा जांच कार्य किया जा रहा था। इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्रीमती रजनी श्रीवास्तव, प्रभारी ज्योतिर्मय शर्मा, ईश्वरसिंह राव, अशोक पुरोहित, संजय झवेरी, सतीश शर्मा आदि उपस्तिथ थे।

## बैठक 15 को

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** जल स्वावलंबन अभियान 2.0 द्वितीय चरण के तहत चयनित परियोजनाओं की विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन के अनुमोदन के लिए 15 अप्रैल को जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाश चंद अग्रवाल ने दी।

## बैठक 28 को

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** 15 सूत्री कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए समीक्षा बैठक 28 अप्रैल की दोपहर को डीओआईटी सभागार में जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी की अध्यक्षता में किया जाएगा।

# मातारानी के मेले में राजस्थानी कार्यक्रम का आयोजन किया

### कालबेलिया नृत्य और घूमर पर थिरके दर्शक, कोटा के कलाकारों ने बिखेरा अपना जलवा




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़ी।** धौलपुर जिले में बाड़ी उपखंड पर चैत्रीय नवरात्रा में बाड़ी शहर में नगर पालिका द्वारा माता रानी के नवदुर्गा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव के दौरान मेला रंगमंच पर बुधवार की रात पंचमी को राजस्थानी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें कोटा से आए कलाकारों ने ऐसा शमा बिखेरा की दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। घूमर नृत्य,कालबेलिया नृत्य,मयूर नृत्य और मलखंब जैसे नृत्य पर श्रोता ताली बजाए बिना नहीं रह सके। पूरा आयोजन देर रात तक जारी रहा।

बाड़ी नगर पालिका द्वारा आयोजित किये जा रहे इस नवदुर्गा महोत्सव को लेकर मंच संचालक बाबूलाल कुलश्रेष्ठ ने बताया कि-कार्यक्रम से पूर्व मेलाध्यक्ष अमरसिंह पोसवाल द्वारा वरिष्ठ पार्षद राजकुमार भारद्वाज,ओमवीर सिंह जाट,समाजसेवी नन्हे सिंह गौर,वरिष्ठ अधिवक्ता एवं गीतकार राधेश्याम चंसौरिया का मेला मंच पर सम्मान किया गया। इस दौरान बाड़ी नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि होतमसिंह, वाइसचेयरमैन अहमद जमा खां,नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी श्याम बिहारी गोयल ने शहरवासियों से आग्रह किया कि वह मेला रंगमंच पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में शामिल हो और माता रानी के मेले का आनंद उठाएं। बाबूलाल कुलश्रेष्ठ ने बताया कि राजस्थानी कार्यक्रम के दौरान कलाकार एवं सिंगर समीर ने भक्ति और माता रानी के भजनों की ऐसी प्रस्तुति दी,कि श्रोता झूमते नजर आए। इस दौरान पुलिस प्रशासन को भी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। गुरुवार को माता रानी की छठवीं पर मेला रंगमंच पर कव्वालियों का आयोजन होगा। जिसमें कानपुर से आये महिला कव्वाल और पुरुष कव्वालों के बीच जबरदस्त मुकाबला होगा।

## झगड़ा और फायरिंग के मामले में फरार चल रहा आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

### दो महीने से पुलिस कर रही थी आरोपी की तलाश



**बाड़ी।** धौलपुर जिले के बाड़ी सर्किल क्षेत्र में बसई डांग थाना पुलिस ने झगड़े एवं फायरिंग की घटना में लिप्त एक फरार आरोपी को घटना के करीब 2 महीने बाद मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आए आरोपी से पुलिस ने फायरिंग की घटना में उपयोग किए गए अवैध देसी कट्टा को भी बरामद किया है। अब आरोपी से पूछताछ के बाद थाने पर दर्ज मामले को लेकर कार्यवाही की जा रही है। बसई डांग थाना अधिकारी गंभीर सिंह ने बताया कि- 27 जनवरी को थाना क्षेत्र के गांव गरबापुरा में दो पक्षों के बीच झगड़ा हुआ था। उक्त झगड़े में फायरिंग भी हुई थी,जिसका मामला थाने पर दर्ज किया गया था। उक्त मामले में आरोपी सौरभ पुत्र मुरारी गुर्जर फरार चल रहा था। उन्होंने बताया कि पुलिस उप अधीक्षक महेन्द्र कुमार मीणा के निर्देशन में आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस टीम गठित की गई। और मुखबिर की सूचना पर बुधवार की शाम आरोपी को पुलिस टीम के द्वारा गांव गरबापुरा के पास एक खेत से पुलिस को देख भागते समय आरोपी को कड़ी मशक्कत कर घेराबंदी देकर धर दबोचने में कामयाबी हासिल की है। उन्होंने बताया कि उक्त आरोपी को पुलिस टीम में शामिल हैंड कांस्टेबल अशोक कुमार, कांस्टेबल ओमकुंतल, ओमवीर,राहुल और समुद्र के सहयोग से गिरफ्तार किया है। आरोपी से एक 315 बोर का अवैध देशी कट्टा भी बरामद किया गया है। पूरे मामले को लेकर आरोपी से पुलिस गहनता से अनुसंधान कर रही है।

## वैद्य गुलझारीलाल शर्मा विप्र सेना जिलाध्यक्ष मनोनीत

**झुंझुनूं।** शहर के प्रसिद्ध समाजसेवी विप्र समाज के प्रति समर्पण भाव रखने वाले वैद्य गुलझारीलाल शर्मा को विप्र सेना के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष महेश बसावतिया की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान जोन-6 दिनेश दादिया ने विप्र सेना का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। जयपुर आवास पर शर्मा को मनोनयन पत्र सौंपते हुए उन्होंने कहा कि विप्र समाज के न्याय प्रतिबद्धता, स्वाभिमान रक्षा एवं पीड़ित को संरक्षण से प्रेरित प्रगतिशील संगठन विप्र सेना परिवार आप जैसे महान व्यक्तित्व को जिलाध्यक्ष के पद मनोनीत करते हुए गौरवान्वित महसूस कर रहा हैं। उन्होंने आगे कहा कि झुंझुनूं जिले का जिलाध्यक्ष बनने से शेखावाटी अंचल में विप्र सेना और मजबूत से विप्र कल्याण के हितार्थ काम करेगी। अपने मनोनयन पर वैद्य गुलझारीलाल शर्मा ने विप्र सेना के संरक्षक पंडित सुनिल शास्त्री व प्रदेश अध्यक्ष दिनेश दादिया का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पूरी सकारात्मक उर्जा के साथ विप्र समाज के कल्याणार्थ कार्य करेंगे। इस अवसर पर विप्र सेना के वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश बसावतिया, पुजारी सेवक महासंघ के रामचंद्र पाटोदा, बालमुकुंद शर्मा, सुरेंद्र शर्मा ढाणीवाला, विनोद हिसारिया, विवेक शर्मा, विनोद पुजारी, विनोद रिजाणी पूर्व उप प्रधान, राजेंद्र गौड़, एडवोकेट अशोक शर्मा, एडवोकेट सुशील जोशी, रमेशचंद्र शर्मा, राकेश जोशी, मुकेश शर्मा बुडाना आदि ने बधाई दी।

## पृष्ठ 1 का शेष....पीएम मोदी बोले, भारत और थाईलैंड...

**भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी में थाईलैंड का खास योगदान**-पीएम ने कहा कि भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी और हमारे इंडो पैसफिक विजन में थाईलैंड का खास योगदान है। आज हमने अपने संबंधों को स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप का रूप देने का फैसला किया है। सुरक्षा एजेंसियों के बीच स्ट्रैटेजिक डायलॉग स्थापित करने पर चर्चा की गई। साइबर क्राइम के शिकार भारतीयों को वापस भारत भेजने में थाईलैंड सरकार से मिले सहयोग के लिए थाईलैंड सरकार का शुक्रिया। हमारी एजेंसी ह्यूमन ट्रैफिकिंग और अवैध माइग्रेशन के खिलाफ एकजुट होकर काम करेगी। उत्तर पूर्वी राज्यों और थाईलैंड के बीच टूरिज्म, कल्चर, एजुकेशन आदि क्षेत्रों में सहयोग पर बल दिया गया है।

**भारत-थाईलैंड संबंध 2 हजार साल से भी ज्यादा पुराना**-भारत और थाईलैंड के संबंध दो हजार साल से भी अधिक पुराने हैं। प्राचीन काल में भारत से बौद्ध धर्म और हिंदू संस्कृति थाईलैंड पहुंची। थाईलैंड में रामायण को 'रामकियेन' के रूप में जाना जाता है, जो वहां की संस्कृति का हिस्सा है। सम्राट अशोक के समय बौद्ध भिक्षुओं ने थाईलैंड में बुद्ध की शिक्षाओं को फैलाया। थाईलैंड को प्राचीन भारतीय ग्रंथों में 'स्वर्णभूमि' (सोने की भूमि) कहा गया है। थाईलैंड और भारत के बीच व्यापारिक संबंध भी काफी पुराना और मजबूत रहा है। भारत को 1947 में आजादी मिलने के बाद दोनों देशों ने औपचारिक संबंध की शुरुआत की। 2022 में दोनों ने अपने संबंधों की 75वीं वर्षगांठ मनाई थी। शीतयुद्ध के दौर में जब दुनिया अमेरिका और रूस के बीच बंट गई थी, तब थाईलैंड भी भारत की तरह गुटनिरपेक्ष रहा।

## विधेयक का मूल उद्देश्य....

**मुस्लिम धार्मिक क्रियाकलापों पर कोईहस्तक्षेप नहीं :** रिजिजू ने इस बिल पर चर्चा के दौरान कहा कहा कि व्यापक चर्चा के बाद तैयार किए गए बिल को जेपीसी के पास भेज दिया गया था। वक्फ को लेकर जेपीसी ने जितना काम किया, उतना काम किसी कमेटी ने नहीं किया। इससे पहले बुधवार देर रात तक चर्चा के बाद इस बिल को लोकसभा से पारित कर दिया गया। रिजिजू ने राज्यसभा में कहा संशोधित बिल में मुसलमानों के धार्मिक क्रियाकलापों में किसी तरह का हस्तक्षेप कोई गैर मुस्लिम नहीं करेगा। हमने ट्रांसपैरेंसी, अकाउंटेबिलिटी, एक्यूरेसी पर केंद्रित बदलाव किए हैं। हम किसी की धार्मिक भावना को चोट पहुंचाने के लिए नहीं हैं। गरीब मुसलमानों को न्याय मिले, हमारा यही उद्देश्य है।

**शुरूआत में राज्यसभा में हंगामा :** इससे पहले राज्यसभा में सुबह भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर के कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर बुधवार को दिए बयान पर विपक्ष के सांसदों ने हंगामा किया। दरअसल, ठाकुर ने कहा था कि कर्नाटक में वक्फ की जमीन का भ्रष्टाचार हुआ है। इसमें कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे भी शामिल हैं। इस पर खड़गे ने कहा- आरोप सिद्ध करें या इस्तीफा दें। खड़गे ने कहा अनुराग ठाकुर उनके या उनके परिवार के किसी भी सदस्य के वक्फ बोर्ड की 1 इंच भी जमीन पर कब्जे को साबित कर देते हैं, तो मैं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष पद से इस्तीफा दे दूंगा।

**संशोधन कम और चालाकी ज्यादा:** कांग्रेस सांसद अभिषेक मुन सिंघवी ने कहा कि संविधान ने जो दिया ये बिल वो छीनने की कोशिश कर रहा है। इसमें संशोधन कम और साजिश ज्यादा है। कानून बराबरी का ना हो तो सत्ता की चालाकी बन जाता है। ये कानून नहीं सत्ता की मनमानी है। ये बिल 100 फीसदी संविधान के अनुछेद 25-26 का उल्लंघन करता है।

**सरकार मां-बाप होती है :** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने उदय प्रताप की पंक्तियों न तेरा है, न मेरा है ये हिंदुस्तान सबका है। जो आकर मिल गई इसमें वो नदियां दिखलाई नहीं देतीं, महासागर बनाने में योगदान सबका है से अपनी बात शुरू की। उन्होंने कहा कि बचपन से ये बात सुनते आए हैं कि सरकार माई बाप। सरकार मां-बाप होती है जो अपने सभी बच्चों का खयाल रखती है। बाबा साहब ने संविधान में अधिकार दिए हैं जिसको आप छीन रहे हैं।

## सीएम भजनलाल शर्मा ने

**लॉजिस्टिक्स सेक्टर में युवाशक्ति के लिए सृजित होंगे रोजगार के अवसर**-राज्य सरकार ने नीति के माध्यम से युवाओं को सक्षम बनाने और उन्हें निजी क्षेत्र में रोजगार के उचित अवसर उपलब्ध कराने के दृष्टिगत भी कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए हैं। इसमें दक्षता एवं प्रशिक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए कार्मिक प्रशिक्षण की कुल लागत का 50 प्रतिशत पुनर्भरण (अधिकतम 4000 रुपए प्रति वर्कर प्रति माह, 6 माह तक) का प्रावधान शामिल है। तकनीकी उन्नयन के तहत ट्रक ट्रैकिंग उपकरणों की लागत पर प्रति ट्रक 2000 तक 50 प्रतिशत पुनर्भरण, लॉजिस्टिक्स प्रबंधन सॉफ्टवेयर के प्रति इंस्टॉलेशन पर 2 लाख रुपए तक 50 प्रतिशत पुनर्भरण और फायर डिटेक्शन सिस्टम की लागत पर 20 प्रतिशत (अधिकतम 10 लाख रूपए) एकमुश्त पुनर्भरण की सुविधा भी उपलब्ध होगी।

**आगामी औद्योगिक क्षेत्रों में 10 प्रतिशत भूमि लॉजिस्टिक्स सुविधाओं के लिए होगी आरक्षित**-प्रदेश में अधिक से अधिक लॉजिस्टिक्स सुविधाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रीको के आगामी औद्योगिक क्षेत्रों में अधिकतम 10 एकड़ अथवा 10 प्रतिशत आवंटन योग्य भूमि लॉजिस्टिक्स सुविधाओं के लिए ही आरक्षित होगी। नीति में पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहन देने की दिशा में महत्वपूर्ण बिन्दु शामिल हैं। इसमें 12.5 करोड़ रूपये तक हरित प्रोत्साहन का प्रावधान किया गया है, जिसके अंतर्गत ईटीपी, सीईटीपी, औद्योगिक अवशिष्ट का पुनः उपयोग एवं रीसाइक्लिंग, कॉमन स्प्रे ड्रायरआदि पर लागत का 50 प्रतिशत एकमुश्त पुनर्भरण किया जा सकेगा।

**आर्थिक विकास को गति देंगी 13 नई नीतियां**-राज्य सरकार पारदर्शिता, सुशासन और त्वरित नीतिगत सुधारों के माध्यम से राजस्थान को देश का सर्वश्रेष्ठ निवेश गंतव्य बनाने के लिए मजबूती से प्रयास कर रही है। गत सवा साल में प्रदेश के आर्थिक एवं औद्योगिक विकास को रफ्तार देने के लिए राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना 2024, राजस्थान एमएसएमई नीति 2024, राजस्थान निर्यात संवर्द्धन नीति, राजस्थान एक जिला एक उत्पाद नीति 2024, एकीकृत क्लस्टर विकास योजना, राजस्थान। नीति 2024, राजस्थान पर्यटन इकाई नीति 2024, राजस्थान एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा नीति 2024, राजस्थान खनिज नीति 2024, राजस्थान एम-सेण्ड नीति 2024, राजस्थान टैक्सटाइल एण्ड अपैरल पॉलिसी2025, राजस्थान डेटा सेंटर पॉलिसी2025, राजस्थान लॉजिस्टिक्स पॉलिसी 2025 जैसी 13 नीतियां लाई गई हैं। इन नीतियों को लेकर देशी-विदेशी और स्थानीय, छोटे-बड़े और मध्यम सभी वर्गों के निवेशकों एवं उद्यमियों में अच्छा रुझान देखने को मिला है।

## परीक्षा में अनुपस्थित रहने पर कर्मचारी चयन बोर्ड अभ्यर्थी से वसूलेगा पेनल्टी

**झुंझुनूं।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने परीक्षाओं में अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों पर लगाम कस दी है। एक साल में चयन बोर्ड की दो परीक्षाओं में लगातार अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को अब ना केवल आवेदन करने के लिए ब्लॉक किया जाएगा। बल्कि पेनल्टी भी वसूली जाएंगी। उसके बाद ही अभ्यर्थी आगामी भर्ती परीक्षाओं के लिए आवेदन कर पाएगा। लेकिन दूसरी ओर अनुपस्थित का बड़ा कारण रहने वाली समस्या एक ही तिथि को आयोजित होने वाली दो परीक्षाओं के संबंध में कोई विशेष निर्देश जारी नहीं किए गए हैं।

कर्मचारी चयन बोर्ड के सचिव डॉ. बीसी बधाल ने आदेश जारी किए हैं जिसमें लिखा गया है कि राज्य में विभिन्न परीक्षाओं के लिए वन टाइम रजिस्ट्रेशन ओटीआर प्रणाली लागू हैं। जिसके तहत अभ्यर्थी को एक बार रजिस्ट्रेशन शुल्क जमा करवाने के बाद भविष्य की विभिन्न परीक्षाओं के आवेदनों के लिए बार-बार शुल्क नहीं देना पड़ता है। लेकिन इससे कुछ अभ्यर्थी बिना गंभीरता और तैयारी के ऑनलाइन आवेदन कर देते हैं। बोर्ड को आवेदन पत्रों की संख्या के आधार पर ही पारी, प्रश्न पत्र, ओएमआर शीट, वीक्षक ड्यूटी समेत अन्य व्यवस्थाएं करनी होती है। लेकिन अभ्यर्थियों के बड़ी संख्या में अनुपस्थित रहने से स्कूलों में पढ़ाई बाधित होने समेत अन्य अनावश्यक परेशानी होती हैं। साथ ही राज्य सरकार का व्यय भी अनावश्यक रूप से बढ़ रहा है। इसके लिए यह नियम लागू किए गए हैं।

### ऐसे लगेगा पेनल्टी शुल्क

कोई अभ्यर्थी वित्तीय वर्ष (एक अप्रेल से 31 मार्च) में आयोजित किन्हीं दो परीक्षाओं में अनुपस्थित रहता है तो ऐसी स्थिति में अभ्यर्थी के ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा को प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। जो 750 रुपए शुल्क चुकाने पर ही अनब्लॉक किया जाएगा। इसके बाद वन टाइम रजिस्ट्रेशन ओटीआर पुनः चालू हो जाएगा। यदि अभ्यर्थी पुनः उसी वित्तीय वर्ष में दो और परीक्षाओं में अनुपस्थित हो जाता है तो उसके ओटीआर को प्रतिबंधित कर ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा को ब्लॉक कर दिया जाएगा। और यह वापस तभी सुविधा उपलब्ध हो पाएगी जब अभ्यर्थी पेनल्टी शुल्क दुगुना यानि 1500 रुपए चुका देगा।

### अक्सर दो परीक्षाएं आ जाती है एक ही तिथि को

कर्मचारी चयन बोर्ड ने परीक्षाओं में अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों पर सरकार का अनावश्यक व्यय बढ़ने, पेनल्टी शुल्क वसूलने और उनके आवेदन सुविधा को ब्लॉक करने जैसी सख्ताई तो दिखा दी है, लेकिन अभ्यर्थियों के वास्तविक कारणों को जानने का प्रयास नहीं किया है। कई बार अनुपस्थित रहने के अन्य कारण भी हो सकते हैं जिनमें सबसे बड़ा कारण दो परीक्षाओं में टकराव भी है। गत वर्षों की बात करें तो काफी प्रतियोगी परीक्षाएं एक ही तिथि को आयोजित होने से अभ्यर्थी को एक परीक्षा से मजबूरन वंचित रहना पड़ा है। इसके अलावा कॉलेज परीक्षाएं भी आने से अभ्यर्थी को परीक्षा से वंचित रहना पड़ता है। इससे ना केवल अभ्यर्थी पर परीक्षा शुल्क का भार बढ़ा है बल्कि उसकी मेहनत भी धरी की धरी रह जाती है। अभ्यर्थी इस संबंध में काफी बार मांग भी उठाते है लेकिन फिर यह कहते हुए उनकी मांग को नजरंदाज कर दिया जाता है कि हमने पहले ही परीक्षा तिथि जारी कर दी थी दुसरे विभाग ने हमारे बाद तिथि जारी की है, तो वह उस तिथि में बदलाव करें। और फिर इस पुरे मामले का खामियाजा किसी और को नहीं बल्कि अभ्यर्थी को ही भुगतना पड़ता है। हालांकि इस संबंध में कर्मचारी चयन बोर्ड ने कोई स्पष्ट नहीं लिखा हैं। जिसको लेकर भी अभ्यर्थियों में रोष देखा जा रहा है।

### ग्रामीणों ने कलेक्टर से की शिकायत

**झुंझुनूं।** जिले की चिड़ावा पंचायत समिति के किशोरपुरा गांव में आम रास्ते पर दीवार बनाकर रास्ता अवरूद्ध करने का आरोप लगाया गया है। इस मामले में प्रभावित ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को लिखित शिकायत की है। गांव के लोगों ने बताया कि किशोरपुरा के वार्ड नंबर एक में एक व्यक्ति द्वारा रास्ते पर अतिक्रमण किया जा रहा है। पहले भी रास्ता बंद करने की कवायद की गई थी। लेकिन आम रास्ते पर नींव खोदकर दीवार बनाई जा रही है। जिसकी शिकायत चिड़ावा एसडीएम, तहसीलदार, बीडीओ और पंचायत को की गई। पंचायत ने नोटिस भी जारी कर दिए। लेकिन यह व्यक्ति मान नहीं रहा। ना तो

## सात दिवसीय सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग कैंप का समापन

**झुंझुनूं।** न्यू कॉलानी स्थित डिफेंस पब्लिक सीसै स्कूल में महिलाओं पर बढते अत्याचारों को रोकने के लिए पुलिस महानिदेशक राजस्थान द्वारा चलाए जा रहे आत्मरक्षा प्रशिक्षण अभियान के संबंध में पुलिस उप महानिरीक्षक शरद चौधरी व एएसपी देवेंद्र सिंह राजावत द्वारा जिले में आत्मरक्षा प्रशिक्षण अभियान शुरू किया गया है। एएसपी फूलसिंह मीणा के सुपरविजन में डिफेंस पब्लिक सीसै स्कूल में सात दिवसीय सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग कैम्प का आयोजन किया गया। बालिकाओं को महिला कांस्टेबल सिलोचना व शर्मिला ने सात दिन का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में बालिकाओं को समाज के असामाजिक तत्वों से बचने के उपाय बताए। जिसमें 40 बालिकाओं को प्रशिक्षण दिया। जिसका समापन गुरूवार को हुआ। समापन में संस्था चेयरमैन डॉ जीएल कालेर एवं प्रधानाचार्य रामसिंह रोहिला व समस्त स्टाफ उपस्थित था।

## धूमधाम से मनाएंगे बाबा साहेब की जयंती

**नवलगढ़।** 14 अप्रेल को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई जाएगी। महारैली 14 अप्रेल को सुबह 10.30 बजे रामदेवरा चौक से रवाना होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए अंबेडकर पार्क तक पहुंचेगी। जहां पर रैली का विसर्जन किया जाएगा। इस महारैली में डीजे, बाइक, घोड़ी आदि के साथ मे हजारों लोगों का समूह चलेगा। पूर्व पार्षद सुभाष बुनकर ने बताया कि इस महारैली को सफल बनाने के लिए अम्बेडकर पार्क में एक मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसका अध्यक्ष मिथुन सबल को बनाया गया है। इस सभा मे पार्षद विनोद घुघरवाल, रिछपाल सबल, रिंकू, पूर्व पार्षद जगदीप दिगवाल, विकेश रॉयल, शिवदयाल जाग्रत, पूरणमल जागृत, विजेंद्र सौंखरियां, बसपा नेता गुलाम नबी आजाद, रामवतार माचलपुरिया, रामस्वरूप घुघरवाल, ओमप्रकाश रोलन, पार्षद राजेंद्र रोलन, चंद्रप्रकाश दायमा, रमेश सबल, रमेश जागृत, विक्की सबल आदि लोग उपस्थित थे। सभी लोगों ने अंबेडकर जयंती को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया और 14 अप्रेल को अधिक से अधिक संख्या में पधारने की अपील की।

## चिड़ावा में भी कर्मचारियों ने किया बहिष्कार

**चिड़ावा।** बिसाऊ में अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी को तहसीलदार का चार्ज देने का विवाद गहरा गया है। झुंझुनूं जिले के सभी मंत्रालयिक कर्मचारी आंदोलन पर उतर आए है। जिसका असर चिड़ावा में भी देखा गया। चिड़ावा में उपखंड कार्यालय, तहसील कार्यालय तथा नायब तहसील कार्यालय में सन्नाटा पसरा। सुबह से ही कर्मचारी पैन डाउन हड़ताल करके एसडीएम कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष निहाल सिंह भांबू ने बताया कि कलेक्ट्रेट में कार्यरत अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी सुरेंद्र सिंह को नियमों के तहत ही बिसाऊ तहसीलदार का कार्यभार दिया गया था। बावजूद इसके राजस्व सेवा परिषद ने बिना काम का दबाव बनाकर और कार्य बहिष्कार की धमकी देकर कलेक्टर से आदेश वापिस करवा दिए। जो गलत है। इसका विरोध किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कल भी, यानि कि चार अप्रेल को भी बहिष्कार जारी रहेगा। इस मौके पर अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी रामनरेश ओला, सहायक प्रशासनिक अधिकारी सरोज देवी, सुशीला देवी, योगेश बड़ोदिया, वरिष्ठ लिपिक महेंद्र सैनी, कृष्ण कुमार, नवनीत, पूनम कुमारी और प्रमोद झाझड़िया आदि मौजूद थे।

## प्रथम पुण्यतिथि पर रक्तदान एवं चिकित्सा शिविर आज

**कोलसिया।** परसरामपुरा स्थित अग्रवाल गेस्ट हाउस में शुक्रवार को रक्तदान एवं चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा। शिविर आयोजनकर्ता अजय शर्मा ने बताया कि उनकी बड़ी माताजी शांति देवी की प्रथम पुण्यतिथि के उपलक्ष में उनकी याद में यह शिविर लगाया जाएगा। शिविर में हरी अस्पताल की टीम अपनी सेवाएं देगी। शिविर में रक्तदान के साथ साथ आंखों की जांच, डाइबीटिज, फेफड़ों की जांच, खून की जांच इत्यादि का शिविर भी लगाया जाएगा। शिविर का समय सुबह 10 से दोपहर दो बजे का रखा गया है।

## जय किसान आंदोलन नवलगढ़ युवा कार्यकारणी का गठन

**नवलगढ़।** जय किसान आंदोलन तहसील की युवा कार्यकारिणी के गठन किया। बसावा के सुंडा फॉर्म हाउस पर जय किसान आंदोलन के प्रदेशाध्यक्ष कैलाश यादव की देखरेख मिटिंग हुई। जिसमें कार्यकारिणी का विस्तार सर्वसम्मति से हुआ। जिसमें उपाध्यक्ष दीपककुमार जाखड़, सचिव पंकज मोड़सरा, कोषाध्यक्ष कुलदीप यादव को बनाया गया। मीडिया प्रभारी का दायित्व अध्यक्ष ललित बसावा के पास ही रखा गया। इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष कैलाश यादव, नवलगढ़ युवा अध्यक्ष ललित बसावा, रामावतार यादव, नोपाराम सुंडा, सहीराम गढ़वाल, संदीप यादव, अंकित, पंकज, मनीष आदि लोग मौजूद थे।

## महाविद्यालय की छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया

**झुंझुनूं।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान उच्च शिक्षा की स्थानीय इकाई महर्षि दयानंद बालिका विज्ञान स्नातकोतर महाविद्यालय में नवसवंत्सर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की छात्राओं ने तिलक लगाकर स्टाफ व छात्राओं का स्वागत किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय स्तर पर महाविद्यालय की गोल्ड मैडल छात्राओं एवं स्कूटी प्राप्त करने वाली छात्राओं का सम्मान किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रामस्वरूप जाखड़ ने महाविद्यालय के विजन के बारे में बताया और छात्राओं को नवसवंत्सर वर्ष की शुभकामनाए दी। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रामस्वरूप जाखड़, एनएसएस प्रभारी डॉ. गोपाल शर्मा, महाविद्यालय स्टाफ सदस्य एवं छात्राएं उपस्थित थी।

## बालाजी मेले का आयोजन, स्वर्णकार समिति संभालेगी व्यवस्थाएं

**झुंझुनूं।** स्वर्णकार समाज सेवा समिति झुंझुनूं के द्वारा हर वर्ष की भांति इस बार भी सीतसर व भीमसर बालाजी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं व दर्शनार्थियों के लिए जल-पान व विश्राम की व्यवस्था की जाएगी। जानकारी देते हुए समिति सचिव विश्वनाथ तूणगर ने बताया कि 10 व 11 अप्रेल को सीतसर मैन बस स्टैंड पर जल-पान चाय, बिस्किट आदि व विश्राम की व्यवस्था की जाएगी। यह व्यवस्था जेकेएस ज्वैलर्स एंड मेकर एवं मां गायत्री ज्वैलर्स झुंझुनूं के आर्थिक सहयोग से की जाएगी। कार्यक्रम का शुभारंभ 10 अप्रेल को सुबह सवा 11 बजे किया जाएगा। जिसमें सभी सदस्यों एवं समाज बंधुओं की उपस्थिति रहेगी।

### बड़ागांव में जनसुनवाई हुई, शिकायत का निस्तारण हुआ

बड़ागांव। राज्य सरकार के द्वारा जनसुनवाई का अभियान के तहत आमजन की पीड़ा को सुनने और उसके समाधान का कार्य किया जा रहा है। ताकि एक छत के नीचे ग्रामीणों का काम हो सके। जिसके दौरान बड़ागांव अटल सेवा केंद्र में एक शिकायत आई। इसका मौके पर निस्तारण किया। इस मौके पर ग्राम विकास अधिकारी मुकेश, कनिष्ठ सहायक अभिषेक, कृषि पर्यवेक्षक योगेश, पटवारी आशा मीणा समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

## सुविचार

विफलता के साथ ही आगे के
नए दरवाज़े खुलते है।

- अज्ञात

# जागरूक संपादकीय

## आयात पर असर

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि सभी विदेशी वाहनों और ऑटो पार्ट्स पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा। यह टैरिफ सालाना लगभग 600 अरब डॉलर के आयात पर लागू होगा। इतना ही नहीं, यह शुल्क अमेरिका में आयात होने वाले सभी कंप्यूटरों, जिनमें लैपटॉप भी शामिल हैं, पर भी लगाया जाएगा। यह जानकारी बुधवार को एक फेडरल रजिस्टर नोटिस में दी गई, जिसमें टैरिफ कोड्स का विश्लेषण किया गया। पिछले हफ्ते ट्रंप की ऑटो टैरिफ घोषणा को अपडेट करते हुए इस बार लगभग 150 अलग-अलग ऑटो पार्ट्स को टैरिफ की सूची में शामिल किया गया है। ये शुल्क 3 मई से प्रभावी होंगे, जबकि वाहन आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क 4 अप्रैल की आधी रात से लागू हो जाएगा। टैरिफ की सूची में इंजन, ट्रांसमिशन, लिथियम-आयन बैटरियां और अन्य प्रमुख ऑटो कंपोनेंट शामिल हैं। इसके अलावा टायर, शॉक एब्जॉर्बर, स्पार्क प्लग वायर और ब्रेक होज जैसे छोटे-छोटे पुर्जों पर भी यह शुल्क लगाया जाएगा। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि इस सूची में कंप्यूटरों के लिए इस्तेमाल होने वाला चार-अंकीय टैरिफ कोड भी शामिल किया गया है। अमेरिका में कंप्यूटर आयात का बहुत बड़ा बाजार है और 2024 में इसका कुल आयात 138.5 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। इसके अलावा ट्रंप ने सभी अमेरिकी आयातों पर एक बेसलाइन 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने का भी एलान किया है। कुछ देशों पर यह दर और भी ज्यादा होगी, ताकि गैर-टैरिफ ट्रेड बैरियर्स (यानी अन्य देशों द्वारा लगाए गए छिपे हुए व्यापारिक प्रतिबंध) का मुकाबला किया जा सके। ट्रंप प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि धारा 232 राष्ट्रीय सुरक्षा शुल्क के अधीन आने वाले ऑटो और ऑटो पार्ट्स पर भी अलग से बेसलाइन या रेसिप्रोकल ट्रैरिफ नहीं लगाया जाएगा। दूसरे शब्दों में ऑटो शुल्क उन नए रेसिप्रोकल ट्रैरिफ के साथ नहीं जुड़ेंगे, जो 5 अप्रैल से लागू होंगे। व्हाइट हाउस ने वाणिज्य विभाग को 90 दिनों के भीतर एक नई प्रक्रिया तैयार करने का निर्देश दिया है, जिससे घरेलू निर्माता यह अनुरोध कर सकें कि अन्य आयातित पुर्जों को भी टैरिफ सूची में जोड़ा जाए। यानी, भविष्य में और भी ज्यादा उत्पादों पर यह शुल्क लगाया जा सकता है। जो वाहन यूएस-मेक्सिको-कनाडा समझौते के नियमों के अनुसार अमेरिका में आयात किए जा रहे हैं, उन्हें कुछ छूट दी जाएगी। ऐसे वाहनों के लिए 25 प्रतिशत टैरिफ सिर्फ उस हिस्से पर लगाया जाएगा, जो अमेरिकी नहीं है। ट्रंप का कहना है कि टैरिफ लगाने से अमेरिका का व्यापार घाटा कम होगा, कंपनियां अमेरिका में आकर ही उत्पादन शुरू करेंगी और नौकरियों में इजाफा होगा। लेकिन एक्सपर्ट्स का कहना है कि ट्रंप का यह कदम वैश्विक व्यापार युद्ध शुरू कर सकता है और देशों की अर्थव्यवस्था को कमजोर कर सकता है।

### मित्र-शत्रु एक समान

# अमेरिका ने फोड़ा टैरिफ बम...!!



डॉ. अनिता राठौर

अमरीका के हिसाब से 2 अप्रैल 2025 को दिन में, जबकि भारतीय समयानुसार 3 अप्रैल के तड़के 2 बजे, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आखिरकार दुनिया पर वह टैरिफ बम फोड़ दिया, महीनों से वह अपने जिस टैरिफ बम से दुनिया को डरा रहे थे। व्हाइट हाउस ने इस दिन को मुक्ति दिवस यानी लिबरेशन डे कहा है। इस मौके पर व्हाइट हाउस में आयोजित प्रेस कांफ्रेस में ट्रंप ने भारत का दो बार जिक्र करते हुए कहा कि भारत के मामले में निर्णय मुश्किल रहा। प्रधानमंत्री मोदी हाल ही में यहां आए थे। वो मेरे अच्छे दोस्त हैं। गौरतलब है कि अमेरिका ने भारत पर 26% टैरिफ लगाया है जबकि हम अमूमन अमरीकी सामान पर औसतन 52 फीसदी का टैरिफ लगाते हैं। इस तरह देखा जाय तो अमरीकी राष्ट्रपति भले चुने जाने के पहले से ही रेसीप्रोकल टैक्स यानी जैसे को तैसा अंदाज में टैक्स लगाए जाने की बात करते रहे हों,लेकिन भारत पर उन्होंने हमारे मुकाबले आधा टैक्स ही लगाया है और इसे सही ही 'डिसकाउंटेड टैक्स' कहा है।

इमेज

भारत के इतर अमेरिका ने यही टैक्स चीन पर 34%, यूरोपीय यूनियन पर 20%, साउथ कोरिया पर 25%, जापान पर 24%, वियतनाम पर 46% और ताइवान पर 32% लगाया है। फिलहाल अमेरिका ने करीब 60 देशों पर उनके द्वारा अमरीका पर लगाए जाने वाले टैरिफ की तुलना में आधा टैरिफ लगाने का फैसला किया है।

इसके साथ ही दूसरे देशों से अमेरिकी में आने वाले सभी सामान पर 10% बेसलाइन (न्यूनतम) टैरिफ लगेगा। बेसलाइन टैरिफ 5 अप्रैल को और रेसिप्रोकल टैरिफ 9 अप्रैल की रात 12 बजे के से लागू होंगे। बेसलाइन टैरिफ व्यापार के सामान्य नियमों के तहत आयात पर लगाया जाता है, जबकि रेसिप्रोकल टैरिफ किसी अन्य देश के टैरिफ के जवाब में लगाया जाता है। आठ अप्रैल के बाद से अमेरिका विदेशों में बनने वाले वाहनों पर 25% टैरिफ लगाएगा। अब तक अमेरिका अन्य देशों से मोटरसाइकिलों पर केवल 2.4% टैरिफ वसूलता था। जबकि भारत 60%, वियतनाम 70% और अन्य देश इससे भी अधिक कीमत वसूलते हैं। ट्रंप का मानना है कि दुनिया के ज्यादतर देशों ने अमेरिका को 50 वर्षों तक लूटा है, जिसे आज यानी 2 अप्रैल 2025 से वह खत्म करने की शुरुआत कर चुके हैं। हालांकि अमरीका आज भी दुनिया की सबसे बड़ी इकोनामी है, लेकिन ट्रंप के मुताबिक़ अतीत में अमरीकी हुक्मरानों की गलत नीतियों के कारण अमरीका दुनिया का सबसे बड़ा कर्जदार देश बन गया है, लेकिन अब अमेरिका अमीर बनेगा, दुनिया में सबसे अमीर देश। ट्रंप कहते हैं, 'आज हम अमेरिकी वर्कर के लिए खड़े हो रहे हैं। आखिरकार हम अमेरिका फर्स्ट को लागू कर रहे हैं। हम वास्तव में बहुत धनवान हो सकते हैं। हम इतने अधिक धनवान हो सकते हैं कि हो सकता है यह कई लोगों को अविश्वसनीय लगे, लेकिन अब हम समझदार हो रहे हैं।'

हालांकि विशेषज्ञों का ऐसा मानना नहीं है। अमरीका की प्रतिष्ठित येल यूनिवर्सिटी का मानना है कि इस टैरिफ बम के चलते अमरीका पर मंदी के 35 फीसदी आसार गहरा गए हैं क्योंकि इस टैरिफ बम के कारण



हर अमरीकी परिवार पर करीब 35 हजार रुपए सालाना मंहगाई का बोझ बढ़ जाएगा। लेकिन इस टैरिफ बम के फोड़े जाने के बाद से अमरीका के सरकारी खजाने में 46 लाख करोड़ रुपए का इजाफा होगा। मतलब साफ़ है कि अमरीकी सरकार संपन्न होगी, लेकिन इस बम के नतीजे से अमरीकी नागरिकों की क्रयशक्ति में कमी आएगी। जहां तक भारत को अमरीका के इस टैरिफ शिकंजे से होने वाले नुक़सान की बात है तो हम पर इससे करीबी 35 अरब रुपए का बोझ बढेगा। हालांकि इससे भारत को फायदा भी हो सकता है। भारत का जिन 10 देशों के साथ सबसे ज्यादा व्यापार है, उनमें से अकेले अमरीका ही वह देश है, जिसके साथ हमारा व्यापार फायदे में हैं बाकी सब देशों के साथ हम व्यापार घाटे हैं। लेकिन अमरीका ने जिस तरह से टैरिफ बढ़ाया है उसे देखते हुए कई देश मसलन चीन ही भारत से ज्यादा आयात की सोच रहा है क्योंकि इससे दोनों देशों को फायदा होगा। मतलब यह कि यह टैरिफ बम हमारे लिए फायदे का सौदा साबित हो सकता है।

वैसे अमरीका सिर्फ अपने व्यापार घाटे को कम करने के लिए ही टैरिफ बम का सहारा नहीं ले रहा बल्कि इसे एक औद्योगिक रणनीति के तौरपर भी आजमाना चाहता है। यही वजह है कि अमरीका ने कहा है कि अगर कोई कंपनी टैरिफ से छूट चाहती है, तो उसे अमेरिका में अपना प्रोडेक्ट बनाना होगा। इससे न केवल अमरीकियों को रोजगार मिलेगा बल्कि इस टैरिफ बम से अमेरिका का नए सिरे से औद्योगिक विकास भी होगा। नौकरियां और कारखाने अमेरिका लौटेंगे। यह मन के भीतर का निष्कर्ष नहीं टैरिफ बम के फायदों का खुला नारा भी यही है। ट्रंप का मानना है कि कई देशों ने अमेरिकी बाजार का फायदा लेकर खुद को समृद्ध बनाया, लेकिन अमेरिकी सामान के लिए अपने बाजार में सख्ती लगा दी है। अब ऐसा नहीं चलेगा अब अमेरिका भी अपने फायदे के बारे में सोचेगा। अब नौकरियां और कारखाने अमेरिका में वापस आएंगे। ट्रंप ने इसी टार्गेट के मद्देनजर 2 अप्रैल 2025 को अमेरिका की आर्थिक आजादी का दिन बताया है,उनके मुताबिक़, 'आज का दिन अमेरिका के लिए आर्थिक आजादी का दिन है। हमें अमेरिका को फिर से महान बनाना है। हम रेसिप्रोकल टैरिफ का ऐलान कर रहे हैं।' वैसे इसका सबसे बड़ा शिकार कंबोडिया हुआ है। अमरीका अब कंबोडिया से आयातित वस्तुओं पर 49 फीसदी और चीन से आयात होने वाले सामान पर 34 फीसदी शुल्क वसूलेगा। अन्य देशों में यूरोपीय संघ से 20 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया से 25 प्रतिशत, वियतनाम से 46 प्रतिशत, ताइवान से 32 प्रतिशत, जापान से 24 प्रतिशत थाईलैंड से 36 प्रतिशत, स्विट्जरलैंड 31 प्रतिशत, इंडोनेशिया से भी 32 प्रतिशत, मलेशिया से 24 प्रतिशत, यूनाइटेड किंगडम से 10 प्रतिशत, से दक्षिण अफ्रीका से 30 प्रतिशत, ब्राजील से 10 प्रतिशत बांग्लादेश से 37 प्रतिशत, सिंगापुर से 10 प्रतिशत, इजरायल से 17 प्रतिशत और फिलीपींस से 17 प्रतिशत तथा चिली 10 प्रतिशत टैरिफ वसूलेगा।


अमरीकी राष्ट्रपति इसे अपना एक कठोर निर्णय मानते हैं लेकिन वह यह भी कहते हैं कि उनके पास इसका कोई विकल्प भी नहीं था। उनके मुताबिक़ व्यापार के मामले में मित्र देश, शत्रु से भी ज्यादा बदतर हैं। ट्रंप कहते हैं, 'हम बहुत से देशों को सब्सिडी देते हैं और उन्हें आगे बढ़ाते हैं तथा उन्हें व्यापार में बनाए रखते हैं (ट्रंप ने खास तौरपर यह बात अपने विशेष व्यापार भागीदार विशेष रूप से मेक्सिको और कनाडा के बारे में कही) लेकिन अब इन्हें अपने लिए काम करना होगा। हम अब अमेरिका को पहले स्थान पर रख रहे हैं। क्योंकि व्यापार घाटा अब केवल एक आर्थिक समस्या नहीं है, यह एक राष्ट्रीय आपातकाल है।' इस तरह अमरीका की नजर देखें तो उसकी यह कार्यवाही किसी तरह की मनमानी नहीं बल्कि मजबूरी है।

## पंचांग

शुक्रवार, 4 अप्रैल 2025

| | |
|---|---|
| विक्रम संवत् | - 2081 |
| शक संवत् | - 1946 |
| ऋतु | - वसंत |
| माह | - चैत्र |
| पक्ष | - शुक्ल |
| तिथि | - सप्तमी 20.13 तक |
| वार | - शुक्रवार |
| नक्षत्र | - आर्द्रा 29.21 तक |
| योग | - शोभन 21.45 तक |
| करण | - गर 08.53 तक |
| सूर्योदय | - 06.32 (मुंबई) |
| सूर्यास्त | - 06.51 (मुंबई) |
| सूर्योदय | - 06.30 (भीनमाल) |
| सूर्यास्त | - 06.58 (भीनमाल) |
| चंद्र राशि | - मिथुन |
| अभिजित् मुहूर्त | - 12.17 से 13.06 |
| राहु काल | - 11.08 से 12.41 |
| व्रत, त्यौहार | - भद्रा 20.13 प्रारंभ, नवपद ओली आराधना प्रारंभ जैन |
| दिशा शूल | - पश्चिम |

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



धर्म-कर्म

## जीण माता मंदिर के काजल से दूर होते नेत्र रोग!

विश्व प्रसिद्ध खाटूश्याम जी मंदिर से 28 किलोमीटर दूर सिद्ध पीठ मां जीण भवानी का चमत्कारी मंदिर मौजूद है। खाटूश्याम जी मंदिर में दर्शन के बाद अधिकांश भक्त जीण माता के दर्शन के लिए जरूर आते हैं। इस मंदिर की कहानी बहुत रोचक है, बताया जाता है, ननद भोजाई की लड़ाई में जीण माता देवी बनीं और भाई हर्ष भैरव बने। जीण माता का यह मंदिर राजस्थान के प्रमुख मंदिरों में से एक है। मंदिर के पास एक पहाड़ी पर जीण माता और हर्ष भैरव का एक साथ मंदिर है। यह वही जगह है जहां जीण माता ने तपस्या की थी, मंदिर पुजारियों के अनुसार यहां आज भी जीण माता के द्वारा जलाई अखंड दिव्य जोत जलती है।

**काजल शिखर**

लोक कथाओं व इतिहासकारों के अनुसार दसवीं सदी में चूरू जिले के घांघू गांव में जन्मे भाई हर्ष और बहन जीण के बीच अटूट प्रेम था, लेकिन भाभी के षड्यंत्र के कारण दुखी होकर जीण घर छोड़कर तपस्या करने के लिए सीकर जिले की अरावली पहाड़ियों पर चली आईं और जीण धाम की काजल शिखर नामक पहाड़ी चोटी पर आकर बैठ गईं। जिसके बाद वह असीम दुख के साथ रोने लगीं। बताया जाता है, जीण इतना रोईं कि उनके आंसुओं से पूरा पहाड़ भीग गया, और आज वही पहाड़ काजल शिखर के नाम से विख्यात है।

**जयंती माता में विलीन जीण माता**

वहीं, जीण के पीछे- पीछे भाई हर्ष भी मनाने के लिए वहां आए। भाई हर्ष ने जीण को मनाने के लिए हर प्रकार के जतन किए, लेकिन वह नहीं लौटीं, इसके बाद भाई हर्ष ने भी बहन के साथ तपस्या करने की ठानी। इसके बाद भाई हर्ष ने भी दूर ऊंची पहाड़ी पर जाकर भगवान शिव की तपस्या शुरू कर दी। ऐसे में दोनों पहाड़ सामने होने के कारण बहिन जीण ने यह सोचा कि यदि भाई सामने दिखेगा तो मेरी तपस्या व देवत्व ध्यान भंग हो जाएगा इसलिए शिखर से छलांग लगा दी और वहां स्थित जयंती देवी की ज्योत में विलीन हो गईं। इस बारे में मंदिर के पुजारी ने बताया, कि भक्त इस अखंड ज्योत से काजल लेने के लिए आते है। यहां का काजल आंखों में लगाने से नेत्र रोग दूर हो जाते हैं।

## तारीख विशेष

### पल्लवी जोशी

पल्लवी जोशी भारतीय फिल्म तथा टेलीविजन अभिनेत्री हैं। उन्हें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में 'स्पेशल जूरी अवार्ड' से भी सम्मानित किया गया है। पल्लवी जोशी ने कम उम्र में ही स्टेज पर परफॉर्म करना शुरू कर दिया था। उन्होंने बाल कलाकार के रूप में 'बदला' और 'आदमी सड़क का' जैसी फिल्मों में अभिनय किया। उसके बाद बॉलीवुड में कई फिल्में की और बॉलीवुड में नाम कमाया। पल्लवी जोशी को फिल्म 'द ताशकंद फाइल्स' के लिए बेस्ट सर्पोटिंग एक्ट्रेस का 67वां राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला है। पल्लवी जोशी का जन्म 4 अप्रैल, 1969 को महाराष्ट्र के मुंबई में हुआ था। उन्होंने कम उम्र में ही अभिनय की दुनिया में कदम रख दिया था। उन्होंने बाल कलाकार के तौर पर 'नाग मेरे साथी', 'रक्षाबंधन', 'आदमी सड़क का' और हेमा मालिनी की फिल्म 'ड्रीम गर्ल' जैसी फिल्मों में काम किया। बाल कलाकार के तौर पर भी उनके काम को काफी पसंद किया गया। उन्होंने भारतीय फिल्म निर्माता विवेक अग्निहोत्री से विवाह किया। उनके दो बच्चे हैं। वह बाल अभिनेता मास्टर अलंकार (जोशी) की बहन हैं। इसके बाद पल्लवी जोशी ने कई आर्ट फिल्मों में काम किया, जिसमें 'रुक्मावती की हवेली', 'सूरज का सातवां घोड़ा', 'त्रिशाग्नी' और 'रिहाई' जैसी फिल्में शामिल हैं। इसके अलावा वो 'सौदागर', 'पनाह' और 'मुजरिम' जैसी बड़े बजट की फिल्मों में भी दिखीं। हिंदी फिल्मों के साथ- साथ पल्लवी जोशी ने गुजराती, मलयालम और मराठी फिल्मों में भी काम किया। पल्लवी जोशी ने बड़े पर्दे के साथ-साथ छोटे पर्दे पर भी काफी काम किया। वह 'भारत एक खोज', 'जुस्तजू', 'अल्पविराम', 'मृगनयनी', 'तलाश', 'इम्तेहान' और 'आरोहन' में नजर आईं। इसके अलावा वह 'सा रे गा मा पा लिटिल चैंप्स' में एंकर भी रह चुकी हैं। साल 1988 में रिलीज हुई फिल्म 'अंधा युद्ध' में पल्लवी जोशी ने दिव्यांग लड़की का सपोर्टिंग रोल निभाया था और इसके लिए उन्हें बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस के फिल्मफेयर अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट किया गया था। इसके अलावा 41वें नेशनल अवॉर्ड में उन्होंने स्पेशल जूरी अवॉर्ड जीता था।


### पर्यटन

# एक मंदिर, जहां होती 'पुस्तक की पूजा'

समीर चौधरी

मूर्ति-पुस्तक को एक विशाल प्राकृतिक पत्थर के ऊपर स्थापित किया गया है। इस मंदिर के दृष्टिकोण की जड़ें इस आस्था में हैं कि ज्ञान दैविक है। मंदिर ज्ञान के दर्शन की परवरिश व उसको प्रोत्साहित करता है ताकि सार्वभौमिक प्रेम व दया का प्रचार व प्रसार हो सके। मंदिर का प्रवेश हॉल प्रभावी पुस्तकालय है जिसमें कई हज़ार पुस्तकें हैं। हॉल की दीवारें मूर्ति कला से सजी हुई है। हॉल में से होकर सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं ताकि मूर्ति तक पहुंचा जा सके जोकि कंक्रीट की पुस्तक है और उसे 30-फीट ऊंचे प्राकृतिक पत्थर के ऊपर स्थापित किया गया है। 'पुस्तक' के पृष्ठों पर तीन वाक्य खुदे हैं- "ईश्वर ज्ञान है। धर्म व्यापक सोच है। विन्रम बुद्धिमत्ता ही मार्ग है।" प्रवेश हॉल में मूर्तिकलाएं चेरुसेरी की हैं, जो उत्तर मालाबार के कवि थे और जिन्होंने मलयालम महाकाव्य कृष्णगाथा, श्री बुद्ध और पत्थर दीप (ज्ञान का प्रतीक) की रचनाएं कीं। वनीय प्रतिवेश में यह कांप्लेक्स दो एकड़ में फैला हुआ है और इसमें कुछ झोपड़ियां हैं जिन्हें एजुथुपुरा कहते हैं, जिसका अर्थ है लेखन के लिए झोपड़ी। इनमें लेखक रह सकते हैं व लिख सकते हैं। तीन झोपड़ियां मुकम्मल हो चुकीं हैं, जबकि लक्ष्य 10 झोपड़ी अभी बननी हैं।

केरल में कन्नूर से लगभग 64 किमी के फासले पर एक छोटे से क़स्बे चेरुपुज़ा के निकट हराभरा गांव प्रपोयिल है। प्रपोयिल में एक असाधारण मंदिर है, जो संभवतः संसार में अपने क़िस्म का इकलौता मंदिर है, नवापुरम मथाथीथा देवालयम, जिसका अर्थ है ईश्वर का धर्मनिरपेक्ष गृह। इस मंदिर में जो देवता हैं उन्हें पुस्तक की छवि में तराशा गया है, संतोष मानसम् द्वारा जोकि पास के ही कम्बल्लोर गांव (ज़िला कासरगोड) के हैं। हालांकि इस मंदिर का निर्माण मूर्ति की स्थापना का कार्य अक्टूबर 2021 में पूर्ण हुआ, लेकिन दर्शन के लिए इसके कपाट 4 मार्च 2021 को ही खोल दिए गए थे। भक्तगण मंदिर के गर्भ गृह में पूजा कर सकते हैं, देवता को पुस्तकें अर्पित कर सकते हैं और प्रसाद में वापस पुस्तक ही मिलती है। मंदिर में न कोई पुजारी है न कोई हुंडी और बिना किसी जाति या धार्मिक भेदभाव के मंदिर के द्वार सबके लिए खुले हैं व हर कोई इसमें पूजा कर सकता है। मूर्ति-पुस्तक को एक विशाल प्राकृतिक पत्थर के ऊपर स्थापित किया गया है। इस मंदिर के दृष्टिकोण की जड़ें इस आस्था में हैं कि ज्ञान दैविक है। मंदिर ज्ञान के दर्शन की परवरिश व उसको प्रोत्साहित करता है ताकि सार्वभौमिक प्रेम व दया का प्रचार व प्रसार हो सके। मंदिर का प्रवेश हॉल प्रभावी पुस्तकालय है जिसमें कई हज़ार पुस्तकें हैं। हॉल की दीवारें मूर्ति कला से सजी हुई है। हॉल में से होकर सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं ताकि मूर्ति तक पहुंचा जा सके जोकि कंक्रीट की पुस्तक है और उसे 30-फीट ऊंचे प्राकृतिक पत्थर के ऊपर स्थापित किया गया है। 'पुस्तक' के पृष्ठों पर तीन वाक्य खुदे हैं- "ईश्वर ज्ञान है। धर्म व्यापक सोच है। विन्रम बुद्धिमत्ता ही मार्ग है।" प्रवेश हॉल में मूर्तिकलाएं चेरुसेरी की हैं, जो उत्तर मालाबार के कवि थे और जिन्होंने मलयालम महाकाव्य कृष्णगाथा, श्री बुद्ध और पत्थर दीप (ज्ञान का प्रतीक) की रचनाएं कीं। वनीय प्रतिवेश में यह कांप्लेक्स दो एकड़ में फैला हुआ है और इसमें कुछ झोपड़ियां हैं जिन्हें एजुथुपुरा कहते हैं, जिसका अर्थ है लेखन के लिए झोपड़ी। इनमें लेखक रह सकते हैं व लिख सकते हैं। तीन झोपड़ियां मुकम्मल हो चुकीं हैं, जबकि लक्ष्य 10 झोपड़ी अभी बननी हैं। इस एकदम अलग क़िस्म के मंदिर का सपना प्रपोयिल नारायण पिछले 35 वर्षों से देख रहे थे, जो अब जाकर साकार हुआ है। वह अपनी मां के इकलौते पुत्र हैं। उनके ज़मींदार पिता कोक्कोदन रमण का निधन उस समय हो गया था, जब वह 9 बरस के थे। नारायण को विरासत में केवल दो एकड़ ज़मीन मिली थी। वह 15 वर्ष की आयु से अपने परिवार की ज़िम्मेदारी उठा रहे हैं। जब वह अपने जीवन के 20 वें बसंत में पहुंचे तो वह पुस्तक मंदिर के बारे में सोचने लगे और अपने ड्रीम प्रोजेक्ट के लिए थोड़ा थोड़ा पैसा जमा करने लगे। विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में उनके अनेक लेख प्रकाशित हुए और वह एक सम्मानित लेखक के रूप में स्थापित हो गए। नारायण ने 26 किताबें लिखी हैं। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी में थी और इसके बाद वह छात्रों को ट्यूशन पढ़ाने लगे। उनकी मेहनत व लगन का ही नतीजा था कि आज वह चेरुपुज़ा कस्बे में एक शानदार समानांतर कॉलेज के मालिक हैं। इस संस्था में राजनीतिशास्त्र, समाजशास्त्र, इतिहास, वाणिज्य, हिंदी व दर्शन के डिग्री व पोस्टग्रेजुएट पाठ्यक्रम पढ़ाए जाते हैं। नारायण स्वयं पांच विषयों में पोस्टग्रेजुएट हैं और वर्तमान में अंग्रेजी साहित्य में एमए कर रहे हैं। समानांतर कॉलेज की आय से वह अपने मंदिर के लिए लाखों रुपए बचाने में सफल रहे। मंदिर जो भूमि विकास, मूर्तिकला, झोंपड़ी व उत्सवों का आयोजन करता है, उनमें बहुत मोटा खर्च आता है और नारायण इस सब में अभी तक 60 लाख रुपए से अधिक खर्च कर चुके हैं। अब उन्हें दान भी मिलने लगे हैं, लेकिन इससे खर्च का दसवां हिस्सा भी पूरा नहीं हो पाता है। मंदिर साल में दो सांस्कृतिक उत्सव आयोजित करता है, एक अप्रैल में और दूसरा पूजा की छुट्टियों में। उत्सवों में बड़ी संख्या में लोग हिस्सा लेते हैं और इनमें साहित्यिक डिबेट्स, शास्त्रीय व लोकनृत्य के परफॉरमेंस, पुस्तक विमोचन, सेमिनार, नाटक आदि आयोजित किए जाते हैं। चार द्रविड़ भाषाओं के लेखकों को अवार्ड्स दिए जाते हैं। इस अच्छे कार्य में नारायण के मित्र साबू मलियेक्कल और ग्रामीण उनका सहयोग करते हैं। नारायण की कोशिश है कि मंदिर आत्म-निर्भर संस्था बन जाए। इस सिलसिले में वह उन लोगों से बात कर रहे हैं जो उनके विचार से सहमत हैं। नारायण वास्तव में दुर्लभ व्यक्ति हैं जिन्होंने अपना पूरा जीवन साहित्य व पुस्तकों के लिए समर्पित कर दिया है। इसमें उनकी पत्नी शीला के सहयोग व समर्थन को अनदेखा नहीं किया जा सकता। आज जब धर्म के नाम पर दूरियां बढ़ती जा रही हैं, तो पुस्तक मंदिर इस दूरी को खत्म करके प्रेम व भाईचारे को प्रोत्साहित करने का सफल प्रयास कर रहा है और पुस्तकों व शिक्षा के महत्व को भी सामने ला रहा है। यही कारण है कि नवापुरम मथाथीथा देवालयम केरल में पर्यटन का महत्वपूर्ण केंद्र बन गया है।



## गीता सार

**भोक्तारं यज्ञतपसां सर्वलोकमहेश्वरम्।**
**सुहृदं सर्वभूतानां ज्ञात्वा मां शान्तिमृच्छति॥**

**हिंदी अर्थ –**

मेरा भक्त मुझे सब यज्ञ और तपों का भोगने वाला, सभी लोकों के ईश्वरों का भी ईश्वर और सभी प्राणियों का सुहृद् जानकर शांति को प्राप्त होता है।

## बोले तो...



जो संपत्ति वक्फ के पास पंजीकृत है तो उसमें कोई छेड़छाड़ नहीं होगी, लेकिन जो मामला विवादित है, उसमें ट्रिब्यूनल फैसला करेगी। अब जो ट्रिब्यूनल बनेगा, उसका नियत कार्यकाल होगा। अगर ट्रिब्यूनल में आपको न्याय नहीं मिला तो सिविल मामले में किसी और अदालत में अपील कर सकते हैं।

- किरेन रिजिजू



हमारे सहयोगी ने हम पर टैरिफ लगाने का फैसला किया है। यह हमें पूरी तरह से तबाह कर देगा। भारत सरकार टैरिफ के मुद्दे पर क्या कर रही है। एलएसी पर यथास्थिति बनी रहनी चाहिए और हमें अपनी जमीन वापस मिलनी चाहिए। मुझे यह भी पता चला है कि प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति ने चीन को पत्र लिखा है।

- राहुल गांधी



भाजपा के लोग मुझे डराकर झुकाना चाहते हैं, मैं कभी नहीं झुकूंगा। मैं टूट जाऊंगा, लेकिन झुकूंगा नहीं। याद रखो, मैं डराने से डरने वाला नहीं। मेरे खिलाफ लगाए गए आरोपों से मेरी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है। अगर आप अपने दावों को साबित नहीं कर सकते तो आपको संसद में आने का अधिकार नहीं है।

- मल्लिकार्जुन खरगे

### कुछ अलग | अजब गजब

# घर में बेकार पड़ा रहता था पत्थर, जांच में खुला सात करोड़ साल पुराना रहस्य!

कभी-कभी हमारी नजरें जिन चीजों को साधारण समझती हैं, वे असल में बेशकीमती खजाने साबित हो सकती हैं। ऐसा ही एक अजीब लेकिन सच किस्सा रोमानिया की एक महिला के साथ हुआ। जिस पत्थर को वह सालों तक दरवाजा अड़ाने के लिए इस्तेमाल करती रहीं, वह असल में करोड़ों साल पुराना कीमती एम्बर (गोंद पत्थर) निकला, जिसकी कीमत लगभग 1.1 मिलियन डॉलर (करीब 9.1 करोड़ रुपए) थी। जैसे ही उस औरत को इस पत्थर के बारे में पता चला उसके तो होश ही उड़ गए। महिला ने सालों पहले रोमानिया के दक्षिण-पूर्वी इलाके में बहती एक नदी के किनारे से यह पत्थर उठाया था। उसे इसकी असली कीमत और ऐतिहासिक महत्त्व का अंदाजा तक नहीं था। वह इसे साधारण पत्थर समझकर अपने घर के दरवाजे को अड़ाने के लिए इस्तेमाल कर रही थीं। जब 1991 में महिला का निधन हुआ, तो उनके एक रिश्तेदार ने इस पत्थर को देखा और इसकी चमक-दमक और वजन को लेकर संदेह हुआ। उन्होंने इसे विशेषज्ञों को दिखाया। जब वैज्ञानिकों ने इस पत्थर की जांच की, तो सभी दंग रह गए। यह कोई मामूली पत्थर नहीं था, बल्कि यह 38.5 से 70 मिलियन (करीब 7 करोड़) साल पुराना एम्बर (रुमेनाइट) निकला। जब रोमानिया के अधिकारियों को इस अनोखे पत्थर के बारे में पता चला, तो उन्होंने इसे क्राको (पोलैंड) के इतिहास संग्रहालय को भेजा।



वहां के वैज्ञानिकों ने तुरंत इसकी जांच की और पुष्टि की कि यह एम्बर का एक दुर्लभ टुकड़ा है। इसके लाल रंग की चमक को देखकर उन्होंने इसे दुनिया के सबसे बड़े और मूल्यवान एम्बर टुकड़ों में से एक करार दिया। दिलचस्प बात यह है कि इतने सालों तक यह कीमती एम्बर चोरों की नजरों से भी बचा रहा। जब यह महिला जिंदा थीं, तब उनके घर में चोरी हुई थी, लेकिन चोरों ने इसे एक मामूली पत्थर समझकर अनदेखा कर दिया। बाद में, जब महिला के परिवार वालों ने इसकी असली कीमत समझी, तो इसे रोमानियाई सरकार को बेच दिया गया। अब यह एम्बर रोमानिया के बुजाउ प्रांतीय संग्रहालय में रखा गया है, जहां इसे आम जनता के देखने के लिए रखा गया है। एम्बर असल में पेड़ों से निकलने वाला एक जैविक राल (रेजिन) होता है, जो लाखों-करोड़ों सालों में कठोर होकर पत्थर जैसा बन जाता है। इसका इस्तेमाल गहनों और सजावटी सामान में किया जाता है। रोमानिया के कोल्टी गांव के आसपास इस प्रकार के एम्बर की खदानें पाई जाती हैं, जहां 1920 के दशक से इसकी खुदाई की जा रही है।

## पाठक पाती

### हर युग में ग्रन्थों की उपादेयता

गोस्वामी तुलसीदासजी ने रामचरितमानस को जन-जन के लिए सुलभ बना दिया है। उत्तर भारत के हिंदी भाषी राज्यों में तो इस ग्रंथ ने भक्ति भावना का लोगों के बीच में अदभुत संचार किया है। यह ग्रंथ अपने आप में कई विशेषताएं लिए हुए है। इसके दोहे और चौपाइयां मन में सरस भाव का निर्माण करते हैं। ग्रन्थों की उपादेयता हर काल और युग में बनी रहती है। वर्तमान युग में तो श्री रामचरितमानस हमारा और समाज का सच्चा मार्गदर्शन कर सकता है। हर वय के व्यक्ति के लिए इसमें प्रेरणा का भाव समाहित है। क्योंकि इसमें धर्म, राजनीति, घर, परिवार, भातृ प्रेम, भक्ति, पतिव्रता धर्म, सेवक धर्म, अन्याय केखिलाफ संघर्ष आदि के सिद्धांत सरल रूप मेंसमझाये गए हैं। इस ग्रंथ की सरलता ही इसे विशिष्ट बनाती है। रामचरितमानस के आदर्शों पर चलकर आज भी राम राज्य की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है।

ललित महालकरी, इंदौर

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

# भाजपा स्थापना सप्ताह को लेकर जिलाध्यक्ष राजपुरोहित ने संयोजक, सह संयोजक नियुक्त किए

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सवंतपुरा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार जालोर जिले में मण्डल व बूथ स्तर पर भारतीय जनता पार्टी स्थापना सप्ताह को मनाने के लिए जिला संयोजक, सह जिला संयोजक, मण्डल संयोजक एवं सह मण्डल संयोजक की नियुक्ति की गई है। भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित ने जिले में कार्यक्रम को लेकर जिला संयोजक पद पर भाजपा के वरिष्ठ नेता खेमराज देसाई, सह जिला संयोजक गणपतसिंह बगेडिया, जिला सह संयोजक डा. रमेश कुमार राणा को नियुक्त किया गया है। इसी तरह जिलाध्यक्ष राजपुरोहित ने विधानसभा रानीवाड़ा के रानीवाड़ा मण्डल संयोजक रिड़मलसिंह डाभी, सह संयोजक गोविन्द रावल व जसवंतपुरा मण्डल संयोजक दौलत सिंह कलापुरा, सह संयोजक महेन्द्र सिंह राव एवं सांकड़ मण्डल संयोजक अमृतलाल चौधरी, सह संयोजक भंवरदान चारण एवं करड़ा मण्डल संयोजक हेमाराम जांगू, सह संयोजक गोपालसिंह करड़ा एवं बड़गांव मण्डल संयोजक प्रकाश कुमार सेन, सह संयोजक गणपणलाल थावरेसा को दायित्व दिया गया है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र भीनमाल के भीनमाल नगर में संयोजक भरत सिंह भोजाणी, सह संयोजक प्रवीण कुमार दवे, एवं भीनमाल ग्रामीण मण्डल संयोजक पांचाराम प्रजापत, सह संयोजक मंगलाराम पुरोहित व बागोड़ा मण्डल संयोजक देवीसिंह , सह संयोजक हीराराम चौधरी व जुंजाणी मण्डल संयोजक रमेश कुमार सोनी, सह संयोजक इन्द्र सिंह राणावत, व नरसाणा मण्डल संयोजक रमेश कुमार विश्नोई, सह संयोजक हेमसिंह राठौड़, रामसीन मण्डल संयोजक रमेश कुमार रावल, सह संयोजक मदनसिंह राव को बनाकर जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र आहोर के आहोर मण्डल संयोजक किशोर सिंह अजीतपुरा, सह संयोजक कानाराम दमामी, व बागरा मण्डल संयोजक जोगसिंह आड़वाड़ा, सह संयोजक बगसिंह बागरा व भाद्राजून मण्डल संयोजक दिनेश सिंह राठौड़, सह संयोजक कैलाश शर्मा, चांदराई मण्डल संयोजक भंवरपुरी गोस्वामी, सह संयोजक पुखराज ओढ़, गोदन मण्डल संयोजक प्रकाश गर्ग, सह संयोजक भवानी सिंह मिठड़ी, व गुड़ा बालोतान संयोजक जयन्तिलाल कुमावत, सह संयोजक दीपक मेघवाल को नियुक्त किया गया है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र जालोर नगर मण्डल संयोजक एडवोकेट सुरेश सोलंकी, सह संयोजक रतन सुथार, जालोर ग्रामीण मण्डल संयोजक स्वरूप सिंह रेवत, सह संयोजक हितेश हीरागर, उम्मेदाबाद मण्डल संयोजक गणपतसिंह राव, सह संयोजक नैन सिंह राजपुरोहित, सायला मण्डल संयोजक रगाराम देवासी, सह संयोजक विजय आचार्य, जीवाणा मण्डल संयोजक केवदाराम चौधरी, सह संयोजक मोहित राजपुरोहित, पोपाणा मण्डल संयोजक उदयसिंह दादाल, सह संयोजक हाजाराम देवासी को मनोनित कर दायित्व दिया गया है। विधानसभा क्षेत्र सांचौर के सांचौर नगर मण्डल संयोजक मांगीलाल दर्जी, सह संयोजक सायब खां, सांचौर ग्रामीण मण्डल संयोजक गंगदाराम चौधरी, सह संयोजक राजेन्द्र सिंह सुथाना, अरणाय मण्डल संयोजक बाबूसिंह, सह संयोजक रावतमल खत्री, झाब मण्डल संयोजक नरींगाराम चौधरी, सह संयोजक नगाराम पुरोहित, चितलवाना मण्डल संयोजक अमरसिंह सिवाड़ा, सह संयोजक दुर्गाराम बेनीवाल, केसुरी मण्डल संयोजक मदनसिंह, सह संयोजक जोगाराम पुरोहित, टांपी डूंगरी चौखाराम सोनी, सह संयोजक भगवानाराम सियाक, सत्यपुर मण्डल संयोजक गजेंद्र सिंह कारोला, सह संयोजक हरीश गर्ग को नियुक्त कर जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित ने बताया कि भाजपा स्थापना दिवस सप्ताह कार्यक्रम छह से 12 अप्रेल तक चलेगा। जिसमें मण्डल मुख्यालय सहित बूथ मुख्यालय पर भी स्थापना दिवस के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से अपने निवास स्थान पर भाजपा का झंडा लगाकर एवं भाजपा के इतिहास को दोहराते हुए भारत सरकार व राजस्थान सरकार की जनहितैषी उपलब्धि को घर घर पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। जिलाध्यक्ष ने भाजपा स्थापना सप्ताह को मनाने को लेकर बनाएं गए सभी संयोजक, सह संयोजक को बधाई देते हुए संगठन के निर्देशानुसार कार्यक्रम को गति प्रदान करने मे विशेष योगदान देने की अपील की है।

# महाराणा सांगा के अपमान पर और दलितों, वास्तविक पिछड़ों को न्याय दिलाने के लिए होगा आंदोलन

## कलेक्ट्रेट पर महाघेराव सात को

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** श्रीशार्दूल सिंह शेखावत छात्रावास में सहभागी राजपूत परिवार की प्रेस वार्ता संस्थापक अध्यक्ष इंजीनियर महावीर सिंह शेखावत झाझड़ की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इसमें भारत की राज्य सभा में शौर्य के सर्वोच्च प्रतीक महाराणा सांगा के अपमान पर सभी मूक सांसदों और सभापति होने के नाते उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को सबसे अधिक दोषी ठहराया गया। सामान्यत: किसी छोटी-मोटी घटना पर भी सांसद सदन की कार्यवाही रोक देते हैं। धरने पर बैठ जाते हैं। निंदा प्रस्ताव पारित करते हैं। सांसदों को निलम्बित भी कर दिया जाता है। परंतु राजस्थान अपितु भारत के पराक्रम की पराकाष्ठा पूरे विश्व में लहराने वाले महाराणा सांगा के अपमान पर सब पार्टियों को जैसे सांप ही सूंघ गया। इससे यह स्पष्ट होता है कि अब संसद के दोनों सदनों में कोई भी पार्टी या सांसद राजस्थान की गौरव गाथा का सहभागी नहीं बचा है। इसलिए भविष्य में अपने स्वयं के सहभागी सांसदों को निर्वाचित कराने का प्रयास किया जाएगा। इस प्रकरण में भारत देश की राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। क्यूंकि राष्ट्रपति महिला है और स्वयं आदिवासी परिवार से आती हैं। इसलिए उनको ऐसी किसी भी शर्मसार करने वाली घटना के खिलाफ सख्त से सख्त कानून




बनाए जाने की गुहार करी जाएगी। महापुरूषों की जीवनी प्रथम कक्षा से लेकर उच्चतम शिक्षा तक बार-बार पढ़ाने का कानून बनाया जाए। ऐसी किसी भी घटना का हर तरीके का प्रसारण तुरंत प्रभाव से रोका जाए। सांसदों के चुनाव लड़ने पर रोक से लेकर जेल, देशद्रोह, देश निकाला जैसे कड़े प्रावधान किए जाए। महापुरूषों की महानता की गाथाएं ऐसे निर्लज्ज नेताओं के गले में लटकाई जाए। इस मौके पर उन्होंने जिले के गांव टोडी में दलित परिवार के रोशनलाल मेघवाल, वास्तविक पिछड़ा वर्ग की बहन राजेश देवी सैनी की पैतृक जमीन पर अतिक्रमणवादी सोच के भूमाफिया ने स्थानीय नेताओं और प्रशासन को साथ लेकर अवैध तरीके से कब्जा कर लिया। उनके मकान, दुकान, सामान, फसलों को जेसीबी मशीन एवं अन्य गाटर लगी कैम्परों और लोहे के हथियारों से नेस्तनाबूद कर दिया गया। इसके खिलाफ उक्त दोनों परिवारों ने 19 मार्च से कलेक्ट्रेट के बाहर आमरण अनशन किया। जिसमें पुलिस प्रशासन द्वारा उनके साथ जानवरों जैसे व्यवहार किया गया। 24 मार्च को सहभागी राजपूत परिवार और अन्य सामाजिक संगठनों के सहयोग से बहुत बड़ा धरना दिया गया। दलित, वास्तविक पिछड़ा वर्ग, राजपूत, कायमखानी राजपूत, अन्य मुस्लिम और समस्त सहभागी समाज का प्रतिनिधिमंडल बनाकर झुंझुनूं के क्लेक्टर व एसपी से भेंट की गई। प्रशासन द्वारा सभी मांगें मानने और हर तरीके से न्याय दिलवाने के आश्वासन पर सहमति बनी। पर इसके ठीक दो दिन बाद ही प्रशासन ने गैर जिम्मेदाराना रूख अपनाते हुए सारी बातों से मुकरकर सहमति के ठीक विपरित कार्रवाई की। पीड़ित रोशनलाल मेघवाल को ही किसी झूठे मामले में फंसाकर धारा 307 के अंदर जेल में बंद कर दिया। उसकी सारी संपत्ति जब्तकर सरकारी रिसीवर नियुक्त कर दिया गया। उससे थाने में जबरदस्ती कोरे कागजों पर हस्ताक्षर करवा लिए गए। ऐसी ही कुछ कार्यवाही पीड़ित राजेश देवी सैनी के साथ भी होने का अंदेशा है।

**महाघेराव करेंगे, तैयारियां पूरी:** इंजीनियर महावीर सिंह ने बताया कि दोनों ही मामलों में सहभागी राजपूत परिवार की अगुवाई में सर्वसमाज द्वारा सात अप्रेल सोमवार को सुबह 10 बजे से झुंझुनूं कलेक्ट्रेट का महाघेराव किया जाएगा। इंजीनियर सिंह ने कहा कि स्थानीय प्रशासन पर अब कोई विश्वास नहीं बचा है। इसलिए किसी भी स्तर की वार्ता के लिए कम से कम संभागीय आयुक्त और रेंज के आईजी से नीचे बैठक नहीं करी जाएगी। उन्होंने कहा कि सहभागी परिवार शेखावाटी और नागौर में जहां कहीं भी अतिक्रमणवादी विचारों के नेता प्रशासन के साथ मिलकर दलित, पिछड़ों पर अन्याय करेंगे। वहां हर जगह पर सहभागी परिवार उनका साथ देगा। अगर इस धरने के उपरांत भी पीड़ितों को न्याय नहीं दिया गया तो सहभागी राजपूत परिवार निकट भविष्य में ट्रेन रोको अभियान चलाने पर विचार करेगा।

# मृतक आश्रित परिवार को दावा राशि का किया भुगतान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** जनश्री बीमा योजना के तहत सरस डेयरी पाली द्वारा दिवंगत श्रीमती दाकुदेवी के बीमा क्लेम के रूप में बीमित के आश्रित पति टेकाराम मेघवाल को 50 हजार रुपए दावा राशि का भुगतान किया गया। गुड़ा मांगलियान दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति के तत्वावधान में आयोजित सादे कार्य म में फालना यूनिट प्रभारी पाली संघ शैतानसिंह सोनीगरा, सिंदरली सरपंच कानाराम मेघवाल, समिति अध्यक्ष सुजाराम चौधरी, व्यवस्थापक मोहनलाल प्रजापत, उपाध्यक्ष गणेशलाल प्रजापत, सदस्य मदनसिंह मेड़तिया आदि की मौजूदगी में यह भुगतान किया गया। इस अवसर पर स्थानीय दुग्ध उत्पादक मांगूपुरी, कीकाराम हीरागर, छोगाराम हीरागर, छगनलाल मेघवाल, भूराराम चौधरी, नेनाराम माली, रूपाराम राईका, लाबूराम राईका, विराराम राईका, महिला सदस्य जम्मुदेवी चौधरी एवं शिल्पा हीरागर भी मौजूद थे। समिति पदाधिकारियों ने बीमा योजनाओं की जानकारी एवं बीमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह योजना ग्रामीण क्षेत्र के परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान करने में सहायक सिद्ध हो रही है।


**सम्मन बनाम मुद्दायलाह बिनावर कायमी तनकीहात**

(आर्डर 5 रूल 1 व 5 जाब्ता दीवानी)

अज अदालत - सहायक कलेक्टर न्यायालय मुकाम- देसूरी जिला-पाली (राज.)
ब इजलास - श्री सिद्धार्थ सान्दु (आर.ए.एस.)
वादीगण- हरीसिंह बनाम प्रतिवादीगण - अर्जुनसिंह व अन्य
दावा बाबत - 53, 188, 92(ए) राज. काश्त. अधिनियम, 1955
राजस्व वाद संख्या - 11/2019

मुसम्मी - [illegible] ... जुमले दस्तावेज जिन पर आप अपनी जवाबदेही का ताईद में इस्तेमाल करना चाहता हो, उस दिन पेश करो। आगाह रहो की अगर वकील मजकूर आप हाजिर न हुए तो दावा आपको गैर हाजरी में सुना व फैसला किया जायेगा। बसिब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 2 माह 4 सन् 2025 को जारी किया गया।

गोल मोहर — सहायक कलेक्टर (एस.डी.ओ.) देसूरी (पाली)



**आम सूचना**

मैं कमलेश कुमार पुत्र श्री वेनाराम सगरवंशी निवासी-डॉ. सम्पूर्णानन्द कॉलोनी सिरोही तहसील सिरोही जिला सिरोही राजस्थान शपथपूर्वक बयान करता हूँ कि मेरे व मेरे भाई दिनेश कुमार पुत्र श्री वेनाराम सगरवंशी एक आवसीय मकान शाहजी की बाडी भोईवाडा में आया हुआ है। जिसका असल पटटा संख्या 35 दिनांक 09.0.1930 का सिरोही भूतपूर्व रियासत के समय का जारी सुदा है। एव उपरोक्त आवासीय मकान को मेरे पिताजी श्री वेनाराम श्री अचलाराम जी सगरवंशी निवासी-सिरोही ने मुझे व मेरे भाई दिनेश कुमार जरिये वसीयत नामा मे दिनांक 09.03.2015 को वसीयत किया था एवं हमारे पिताजी की मृत्यु दिनांक 19.12.2020 को हो चुकी है। एव हमारी माता श्रीमति ओटी बाई की भी मृत्यु हो चुकी है। अतः उपरोक्त आवासीय मकान का उपयोग एवं उपभोग मै व मेरे भाई दिनेश कुमार के वारिसान कर रहे है एवं उपरोक्त मकान बाबत किसी प्रकार से कोई उजर एतराज या वाद विवाद नही है एव उपरोक्त आवासीय मकान मेरे व मेरे भाई दिनेश कुमार के स्वतंत्र मालिकी स्वामित्व का है।

कमलेश कुमार
डॉ. सम्पूर्णानन्द कॉलोनी, सिरोही
तहसील व जिला सिरोही राजस्थान



**सम्मन बनाम मुद्दायलाह बिनावर कायमी तनकीहात**

(आर्डर 5 रूल 1 व 5 जाब्ता दीवानी)

अज अदालत - सहायक कलेक्टर न्यायालय मुकाम- देसूरी जिला-पाली (राज.)
ब इजलास - श्री सिद्धार्थ सान्दु (आर.ए.एस.)
वादीगण- हरीसिंह बनाम प्रतिवादीगण - मृतक कन्याबाई के कायम एवं वारिसान अबा व अन्य
दावा बाबत - 53, 188, 92(ए) राज. काश्त. अधिनियम, 1955
राजस्व वाद संख्या - 13/2019

मुसम्मी - प्रतिवादी संख्या-2 मृतक जयसिंह पुत्र कुमानसिंह के कायम मुकाम व वारिसान -1 खुशवन्तसिंह पुत्र स्व.जयसिंह, 2. [illegible] ... तलब किया जाता है और आपको हिदायत दी जाती है कि जुमले दस्तावेज जिन पर आप अपनी जवाबदेही का ताईद में इस्तेमाल करना चाहता हो, उस दिन पेश करो। आगाह रहो की अगर वकील मजकूर आप हाजिर न हुए तो दावा आपको गैर हाजरी में सुना व फैसला किया जायेगा। बसिब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 2 माह 4 सन 2025 को जारी किया गया।

गोल मोहर — सहायक कलेक्टर (एस.डी.ओ.) देसूरी (पाली)



**सम्मन बनाम मुद्दायलाह बिनावर कायमी तनकीहात**

(आर्डर 5 रूल 1 व 5 जाब्ता दीवानी)

अज अदालत - सहायक कलेक्टर न्यायालय मुकाम- देसूरी जिला-पाली (राज.)
ब इजलास - श्री सिद्धार्थ सान्दु (आर.ए.एस.)
वादीगण- हरीसिंह बनाम प्रतिवादीगण - अर्जुनसिंह व अन्य
दावा बाबत - 53, 188, 92(ए) राज. काश्त. अधिनियम, 1955
राजस्व वाद संख्या - 12/2019

मुसम्मी - प्रतिवादी संख्या- 7 मृतक जयसिंह पुत्र कुमान के कायम मुकाम व वारिसान -1 खुशवन्तसिंह पुत्र स्व.जयसिंह, 2. भरतसिंह पुत्र स्व. जयसिंह, 3. राजेन्द्रसिंह पुत्र स्व. जयसिंह 4. [illegible] ... या जिसके साथ कोई ऐसा शख्स हो जो सवाल का जवाब दे सके, हाजिर होने को तलब किया जाता है और आपको हिदायत दी जाती है कि जुमले दस्तावेज जिन पर आप अपनी जवाबदेही का ताईद में इस्तेमाल करना चाहता हो, उस दिन पेश करो। आगाह रहो की अगर वकील मजकूर आप हाजिर न हुए तो दावा आपको गैर हाजरी में सुना व फैसला किया जायेगा। बसिब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 2 माह 4 सन 2025 को जारी किया गया।

गोल मोहर — सहायक कलेक्टर (एस.डी.ओ.) देसूरी (पाली)


# जल संरक्षण जागरूकता जलग्रहण यात्रा आज पहुंचेगी ग्राम पंचायत शेशू

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मंडावा।** पंचायत समिति की ग्राम पंचायत शेशू में शुक्रवार को जल संरक्षण एवं जल संचय के प्रति जन जागरूकता को बढ़ाने के उद्देश्य से जलग्रहण यात्रा का आयोजन किया जाएगा।

जलग्रहण यात्राओं का आयोजन जल ग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग द्वारा किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा इस अभियान को लेकर सुसज्जित विशेष रथ आज पंचायत समिति मंडावा के ग्राम शेशू में जलग्रहण यात्रा आएगी। अधीक्षण अभियंता एवं पदेन परियोजना प्रबंधक वाटरशेड सैल महेंद्र सिंह सूरा ने बताया कि यह यात्रा लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के साथ ही उन्हें इस मुहिम से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगी।

# तहसीलदार-पटवारी माने तो मंत्रालयिक कर्मचारी हो गए नाराज, सूने पड़े है राजस्व से जुड़े दफ्तर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** जिले की बिसाऊ तहसील में खाली तहसीलदार के पद पर कलेक्ट्रेट के अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी को चार्ज देने का विवाद नहीं थम रहा है। पहले इस चार्ज देने के विरोध में जिले के तहसीलदार, नायब तहसीलदार, गिरदावर और पटवारियों ने विरोध किया और गुरूवार से कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी। राजस्व सेवा परिषद के दबाव के बाद जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी सुरेंद्र सिंह को दिए गए चार्ज का आदेश वापिस ले लिया तो सुबह राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी आंदोलन पर उतर गए। गुरूवार को झुंझुनूं जिले के 250 के करीब राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी पैन डाउन हड़ताल पर है। कलेक्ट्रेट और एसडीएम कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे है। कर्मचारियों के हड़ताल



पर जाने से कलेक्ट्रेट, एसडीएम, तहसील व नायब तहसीलदार कार्यालय के काम ठप हो गए है। कर्मचारी नेता विपिन नूनियां तथा राजेश बजाड़ ने बताया कि राजस्व मंडल के आदेशों की पालना में कलेक्टर रामावतार मीणा ने अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी सुरेंद्र सिंह को तहसीलदार बिसाऊ का चार्ज दिया था। लेकिन राजस्व सेवा परिषद ने बेवजह ही आदेश का विरोध किया और दबाव में लेकर कलेक्टर से आदेश वापिस करवा दिया। लेकिन कलेक्टर को भी भावना और दबाव में आकर ऐसा नहीं करना चाहिए था। कर्मचारियों ने कहा है कि जब तक बिसाऊ तहसीलदार का चार्ज वापिस अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी को नहीं दिया जाता। वे कार्यालयों में नहीं लौटेंगे।


**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी (भूमि आवंटन व नियमितिकरण) नगर परिषद सिरोही (राजस्थान)**

क्रमांक : नपसि/भूमि/90-क/1923 — दिनांक : 03.04.2025

-: लोक सूचना :-

निम्न आवेदकों द्वारा नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

| क्र. स. | नाम आवेदक | ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री जोदाराम पुत्र श्री मुपाराम जी मेघवाल निवासी- इन्द्रापुरी कॉलोनी गोयली तह. व जिला सिरोही आवेदित स्थल- पटवार हल्का गोयली जिला सिरोही। | गोयली | खसरा सं. 1446/847 1455/845 | आवासीय प्रयोजनार्थ 5900 वर्गमीटर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आपेक्ष है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समस्त दस्तावेजों के साथ अपने आपेक्ष प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आपेक्ष के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आपेक्ष नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 03.04.2025 को जारी की गई।

प्राधिकृत अधिकारी (भूमि आवंटन व नियमितिकरण) सिरोही


# अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में मयूर क्रिकेट अकेडमी की टीम विजेता

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**शिवगंज।** सुमेरपुर मे चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता सुमेरपुर चैंपियन ट्रॉफी के अंडर -14 फॉर्मेट मे मयूर ि केट अकेडमी शिवगंज की टीम विजेता रही। मयूर क्रिकेट अकेडमी के कोच सुरेश कच्छवाह ने बताया कि जगदीश राजपुरोहित और उनकी कमेटी मे सुमेरपुर मे पहली बार सभी फॉर्मेट की प्रतियोगिता के लिए सुमेरपुर चैंपियन ट्रॉफी का आयोजन करवाया है। जिसमे अंडर -14 फॉर्मेट मे मयूर क्रिकेट अकेडमी शिवगंज ने भी भाग लिया और इस फॉर्मेट मे टीम पूरी प्रतियोगिता मे विजय रही। अकेडमी कोच नरेंद्र परिहार ने बताया कि प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला एलाइड क्रिकेट अकेडमी सुमेरपुर और मयूर ि केट अकेडमी शिवगंज मे बीच खेला गया। जिसमें टॉच जीत कर मयूर अकेडमी मे पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। नमन सोनी, खुशाल माली



और श्रवण कुमावत की शानदार गेंदबाजी से निर्धारित 6 ओवर मे 41 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करने उत्तरी मयूर क्रिकेट अकेडमी ने प्रथम सोनी के शानदार बल्लेबाजी के दम पर मात्र 2 ओवर मे ही जीत का लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम के शानदार प्रदर्शन पर योगेश सोनी, अल्पेश अग्रवाल, आरसीए अम्पायर अशोक गहलोत, सुमेरसिंह, जब्बरसिंह ने टीम को बधाई दी।

# तहसील अध्यक्ष नियुक्त

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** राष्ट्रीय संयुक्त अधिवक्ता मंच के तहसील अध्यक्ष पद पर धर्मेश परमार एडवोकेट को नियुक्त किया गया। मंच के राष्ट्रीय संरक्षक ओमप्रकाश मिश्रा पडवोकेट व प्रदेश अध्यक्ष ने परमार नियुक्ति प्रदान की।

[redacted]

[redacted]


**सम्मन बनाम मुद्दायलाह बिनावर कायमी तनकीहात**

(आदेश 5 नियम 1 व जाब्ता दीवानी)

अज अदालत - सहायक कलक्टर जसवंतपुरा जिला-जालोर
बइजलास- श्री रामलाल मीना, सहायक कलक्टर जसवंतपुरा जिला-जालोर

मुदई देवाराम वगैरा मुद्दायलाह कान्तिलाल वगैरा
दावा बाबत विभाजन खातेदारी व स्थायी निषेधाज्ञा
मुकदमा नंबर 102/2024

मुसम्मी पांचाराम पुत्र गेनीया जाति मेघवाल निवासी गोला तहसील जसवंतपुरा जिला-जालोर, डाया पुत्र धनीया जाति मेघवाल निवासी गोला तहसील जसवंतपुरा जिला-जालोर।

हरगाह कि वादीगण ने आपके खिलाफ एक दावा बाबत विभाजन खातेदारी व स्थायी निषेधाज्ञा यहा दायर किया है. आपको बजरिये इस तहरीर के दावे की जवाबदेही के लिए तारीख 15.04.2025 को 10 बजे दिन के अदालत हाजा में असालतन या मारफत ऐसे वकील के जो हालत मुकदमें के वाकिफ किया गया हो व कुल अमूर अहम मुताबिक जवाब दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई शख्स हो जो ऐसे सवालात का जवाब दे सके हाजिर रहने के लिए तलब किया जाता है और आपको हिदायत की जाती है कि जमुला दस्तावेजात जिस पर आप अपनी जवाबदेही का साईद में इस्तमाल करना चाहता हो तो उस दिन पेश करें। आगाह करें कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न हुए तो दावा आपको गैर हाजरी में सुना व फैसला किया जायेगा। बसिब्त मेरे दस्तखत व अदालत के आज तारीख 01.04.2025 को जारी किया गया।

गोल मोहर — आज्ञा से रीडर सहायक कलेक्टर जसवन्तपुरा (जालोर)


# यात्री का पर्स चुराने के आरोप में मां-बेटा गिरफ्तार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** जीआरपी ने चलती ट्रेन हिसार सिकन्द्राबाद एक्सप्रेस के एसी कोच से लेडिज पर्स चुराने वाले मां-बेटा को गिरफ्तार किया। चोरी किये माल की बरामदगी के प्रयास जारी है। जीआरपी थानाधिकारी मनोज कुमार चौहान ने बताया कि महिला यात्री का पर्स चुराने के आरोप में जयपुर के मदरसा रोड, न्यू संजय नगर भटटा बस्ती भास्त्री नगर निवासी श्रीमती जुबैदा बानो उर्फ मदीना पत्नी मौहम्मद इमरान उर्फ इम्तियाज उर्फ कान्हा उर्फ बाबू मोयला मुसलमान व पाली जिले के जैतारण के धरेनी बुबारिया निवासी मौहम्मद रसूल उर्फ मौहम्मद अली पुत्र सत्तार खां मोयला को गिरफ्तार किया। गौरतलब है कि परिवादी करणीदान निवासी नोखा जिला बीकानेर ने गत 18 जनवरी को डाक से रिपोर्ट भेजी थी। जिसके अनुसार 17 नवंबर 2024 को वह उसकी पत्नी व पुत्र की बहु नोखा स्टेशन से हिसार सिकंदराबाद एक्सप्रेस के कोच बी 6 में सूरत के लिए यात्रा कर रहे थे। 18 नवंबर 24 को सभी मारवाड जं. स्टेशन जाने के बाद सो गए। सुबह 4.30 बजे आबूरोड रेलवे स्टेशन आने पर उसकी पत्नी का पर्स चोरी होने हुआ। पर्स में सोने की चैन, कगंन, अगूंठी, 15 हजार रुपए नगद, मैकअप का सामान व मोबाइल मारवाड़ व आबूरोड के बीच में चोरी हो गया। पूर्व में आरोपी सोहनराम को गिरफ तार किया जा चुका है। साथ ही पांच हजार रुपए बरामद किए जा चुके हैं।




**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER P.H.E.D. DN. SOJAT CITY**
E-mail:- eephedsojat@yahoo.com, Ph. No. 02960-222148, Fax No.:- 02960-222148

No. PHE/TA/NIT/2024-25/7308-21 — Date :- 26.03.2025

**निविदा सूचना संख्या : 129 से 130/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से विभिन्न कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के पंजीकृत संवेदकों के समकक्ष हो से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेंडरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन निविदायें प्राप्त करने हेतु आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in NIB Code No. PHE2425A5608 & PHE2425A5609 UBN No. PHE2425WSOB12318 & PHE2425WSOB12319 पर देखा जा सकता है।

DIPR/C/4524/2025

(M.K. Meena)
EXECUTIVE ENGINEER
P.H.E.D. DN. SOJAT CITY



**कार्यालय नगरपालिका मण्डल-सुमेरपुर, जिला-पाली (राज)**

क्रमांक : प () भूमि हस्त./2025/ 14209-14210 — दिनांक: 27/03/2025

-: आपत्ति आमंत्रण सूचना :-

सर्व साधारण को यह सूचित किया जाता है कि पालिका में निम्न आवेदकों ने आवेदन पत्र एवं दस्तावेजों की छायाप्रति प्रस्तुत कर अपने क्रयसुदा भूखण्ड/भवन के स्वयं के नाम हस्तान्तरण प्रमाण पत्र जारी किये जाने की मांग की गई है। अतः आवेदक द्वारा भूमि हस्तान्तरण प्रमाण पत्र जारी किये जाने के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / संस्था आदि को कोई भी आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस सूचना प्रकाशन के सात दिवस में अपनी लिखित आपत्ति मय सबूत नगरपालिका कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। बाद म्याद आपत्ति मान्य नही होगी। तथा प्रकरण में हस्तान्तरण जारी करने की अग्रिम कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र. स. | नाम आवेदक मय पता | योजना क्षेत्र एवं भूखंड विवरण | मूल पट्टाधारक का नाम | भूमि के मिसल पट्टे की संख्या व दिनांक | पट्टे जारी करने वाली संस्थान | पट्टे में अंकित माप | आवेदक द्वारा क्रय भूमि | आवेदन का प्रयोजन | भूमि बेचान का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1. | श्री मूलाराम भाटी पुत्र कपूराराजी जाति-घांची, निवासी- बांकली तहसील सुमेरपुर जिला-पाली (राज.) | बापू रावजी मार्केट दुकान नं. 2 नगरपालिका रोड, सुमेरपुर | (1) श्री खुशालसिंह पुत्र रूपनाथसिंह (2) श्रीमती उषा कंवर पत्नि अनोपसिंह (3) श्रीमती रसाल कंवर पत्नि बिशनसिंह (4) श्रीमती मोहन कंवर पत्नि भोपालसिंह (5) श्रीमति रतन कुंवर पत्नि सवाईसिंह, जातिगण- राजपूत, निवासी- सुमेरपुर तह. सुमेरपुर जिला पाली | लीज डीड/19.06.1991 | नगरपालिका सुमेरपुर | 200.0 वर्गफीट/ 18.58 वर्गमीटर | 200.0 वर्गफीट/ 18.58 वर्गमीटर | हस्तान्तरण | विक्रय विलेख दिनांक 13.6.2012 |

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका, सुमेरपुर



**कार्यालय नगरपालिका मण्डल-सुमेरपुर, जिला-पाली (राज)**

क्रमांक : प () भूमि हस्त./2025/ 14203-14204 — दिनांक: 27/03/2025

-: आपत्ति आमंत्रण सूचना :-

सर्व साधारण को यह सूचित किया जाता है कि पालिका में निम्न आवेदकों ने आवेदन पत्र एवं दस्तावेजों की छायाप्रति प्रस्तुत कर अपने क्रयसुदा भूखण्ड/भवन के स्वयं के नाम हस्तान्तरण प्रमाण पत्र जारी किये जाने की मांग की गई है। अतः आवेदक द्वारा भूमि हस्तान्तरण प्रमाण पत्र जारी किये जाने के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / संस्था आदि को कोई भी आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस सूचना प्रकाशन के सात दिवस में अपनी लिखित आपत्ति मय सबूत नगरपालिका कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। बाद म्याद आपत्ति मान्य नही होगी। तथा प्रकरण में हस्तान्तरण जारी करने की अग्रिम कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र. स. | नाम आवेदक मय पता | योजना क्षेत्र एवं भूखंड विवरण | मूल पट्टाधारक का नाम | भूमि के मिसल पट्टे की संख्या व दिनांक | पट्टे जारी करने वाली संस्थान | पट्टे में अंकित माप | आवेदक द्वारा क्रय भूमि | आवेदन का प्रयोजन | भूमि बेचान का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1. | [illegible] | भूखंड सं. 06 [illegible] खसरा सं. 484, 507, सुमेरपुर | श्री एस सुरेश कुमार पुत्र [illegible] निवासी- [illegible] तह. सुमेरपुर जिला-पाली (राज.) | 596/ 05.06.2008 | नगरपालिका सुमेरपुर | 2000.0 वर्गफीट/ 185.87 वर्गमीटर | 1000.0 वर्गफीट/ 92.93 वर्गमीटर | हस्तान्तरण | विक्रय विलेख दिनांक 21.02.2025 |

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका, सुमेरपुर



**कार्यालय नगरपालिका मण्डल-सुमेरपुर, जिला-पाली (राज)**

क्रमांक : प () भूमि हस्त./2025/ 13740-13741 — दिनांक: 04/03/2025

-: आपत्ति आमंत्रण सूचना :-

सर्व साधारण को यह सूचित किया जाता है कि पालिका में निम्न आवेदकों ने आवेदन पत्र एवं दस्तावेजों की छायाप्रति प्रस्तुत कर अपने क्रयसुदा भूखण्ड/भवन के स्वयं के नाम हस्तान्तरण प्रमाण पत्र जारी किये जाने की मांग की गई है। अतः आवेदक द्वारा भूमि हस्तान्तरण प्रमाण पत्र जारी किये जाने के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / संस्था आदि को कोई भी आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस सूचना प्रकाशन के सात दिवस में अपनी लिखित आपत्ति मय सबूत नगरपालिका कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। बाद म्याद आपत्ति मान्य नही होगी। तथा प्रकरण में हस्तान्तरण जारी करने की अग्रिम कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र. स. | नाम आवेदक मय पता | योजना क्षेत्र एवं भूखंड विवरण | मूल पट्टाधारक का नाम | भूमि के मिसल पट्टे की संख्या व दिनांक | पट्टे जारी करने वाली संस्थान | पट्टे में अंकित माप | आवेदक द्वारा क्रय भूमि | आवेदन का प्रयोजन | भूमि बेचान का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1. | श्री विनेद कुमार पुत्र शंकरलाल, जाति-लुहार, निवासी-सुमेरपुर, तहसील-सुमेरपुर, जिला-पाली (राज.) | भूखंड सं.62 श्रीपाल नगर खसरा सं. 470/732, सुमेरपुर | श्री सुरेश चन्द भण्डारी पुत्र दलीचन्द चन्द जाति- जैन निवासी-सुमेरपुर | 1730/ 21.03.2014 | नगरपालिका सुमेरपुर | 2038.75 वर्गफीट/ 189.47 वर्गमीटर | 2038.75 वर्गफीट/ 189.47 वर्गमीटर | हस्तान्तरण | रजिस्ट्री बेचान दिनांक 08.11.2023 |

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका, सुमेरपुर



**कार्यालय नगरपालिका मण्डल-सुमेरपुर, जिला-पाली (राज)**

क्रमांक : प () भूमि हस्त./2025/ 14206-14207 — दिनांक: 27/03/2025

-: आपत्ति आमंत्रण सूचना :-

सर्व साधारण को यह सूचित किया जाता है कि पालिका में निम्न आवेदकों ने आवेदन पत्र एवं दस्तावेजों की छायाप्रति प्रस्तुत कर अपने क्रयसुदा भूखण्ड/भवन के स्वयं के नाम हस्तान्तरण प्रमाण पत्र जारी किये जाने की मांग की गई है। अतः आवेदक द्वारा भूमि हस्तान्तरण प्रमाण पत्र जारी किये जाने के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / संस्था आदि को कोई भी आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस सूचना प्रकाशन के सात दिवस में अपनी लिखित आपत्ति मय सबूत नगरपालिका कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। बाद म्याद आपत्ति मान्य नही होगी। तथा प्रकरण में हस्तान्तरण जारी करने की अग्रिम कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र. स. | नाम आवेदक मय पता | योजना क्षेत्र एवं भूखंड विवरण | मूल पट्टाधारक का नाम | भूमि के मिसल पट्टे की संख्या व दिनांक | पट्टे जारी करने वाली संस्थान | पट्टे में अंकित माप | आवेदक द्वारा क्रय भूमि | आवेदन का प्रयोजन | भूमि बेचान का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1. | [illegible] | भूखंड सं. 06 [illegible] खसरा सं. 484, 507, सुमेरपुर | श्री एस सुरेश कुमार पुत्र [illegible] निवासी- [illegible] तह. सुमेरपुर जिला-पाली (राज.) | 596/ 05.06.2008 | नगरपालिका सुमेरपुर | 2000.0 वर्गफीट/ 185.87 वर्गमीटर | 1000.0 वर्गफीट/ 92.93 वर्गमीटर | हस्तान्तरण | विक्रय विलेख दिनांक 21.02.2025 |

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका, सुमेरपुर

# बाड़मेर : रेलवे-ऑफिसर को हनीट्रैप में फंसाने वाली महिलाएं गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** बाड़मेर सदर थाने में दर्ज हनी ट्रैप मामले में पुलिस ने दो युवतियों को गिरफ्तार किया है। कोर्ट में पेश किया वहां से दोनों को जेल भेज दिया। वहीं पुलिस शेष आरोपियों की तलाश कर रही है। युवतियों ने रेलवे ऑफिसर हनी ट्रैप का शिकार बनाया था। पुलिस ने बताया कि जोधपुर के जरिए सूचना मिली थी कि शिव नगर स्थित एक मकान में रेलवे के मुख्य आरक्षक परिवेक्षक को बंधक बनाकर रखा गया है। उसे छोड़ने की एवज में 10 लाख रुपए की डिमांड कर रहे है। सूचना के बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए टीमों को सक्रिय किया। इस बीच आरोपियों को भनक लग गई कि पुलिस एक्टिव हो गई। इसके बाद रेलवे के अधिकारी को हाईवे पर छोड़ युवक भाग गए। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच आरंभ की गई।

**▶▶ दोनों पहले से शादीशुदा**



**▶▶ दोनों युवतियां शादीशुदा, एक के तीन संतान**

पुलिस को गिरफ्त में आई दोनों युवतियां शादीशुदा हैं। एक युवती के तीन संतान है और दूसरी के एक संतान है। एक का पति ठेकेदारी का काम करता है तो दूसरी के पति का मार्बल का व्यवसाय है।

**▶▶ पांच माह पहले टीचर हनी ट्रैप का शिकार**

अक्टूबर 2024 में एक अन्य युवती ने टीचर को फोन कर बाड़मेर बुलाया और फिर रूम लेकर गई। यहां गैंग के सदस्य पहुंचे और वीडियो बना दिया। जिसमें महिलाएं सहित युवक गिरफ्तार हुए थे। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि रेलवे के अधिकारी की दो माह पहले एक युवती से दोस्ती हुई। इसके बाद वह लगातार उससे बातें करने लगी। इसके चलते दोनों में दोस्ती हो गई। इसके बाद युवती ने अपनी सहेली से बात करवाई और धीरे-धीरे यह बात मिलने तक पहुंच गई। युवती ने कॉल कर रेलवे के अधिकारी को अपने रूम पर बुला दिया। जहां रेलवे के अधिकारी के साथ मारपीट कर वीडियो बनाए और वायरल करने की धमकी के साथ ब्लैकमेल करने के लिए 10 लाख रुपए मांगे। फिर वीडियो रेलवे अधिकारी की पत्नी के मोबाइल पर भेज दिया।

**पुलिस टीमें जुटी युवकों की तलाश में**

■ पुलिस के अनुसार हनीट्रैप मामले में दो युवती आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। वहां से कोर्ट ने दोनों को जेल भेज दिया। पूछताछ में युवतियों ने ब्लैकमैल करने की बात को स्वीकार किया। वारदात में शामिल आरोपी मुकेश व अन्य की तलाश में पुलिस को अलग-अलग टीमें जुटी हैं। यह दोनों महिलाएं शिवनगर में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने की बात कह रही है।

# जसोल धाम में चैत्र नवरात्र का छठा दिन



**बालोतरा।** जसोलधाम स्थित श्री राणी भटियाणी मंदिर में चैत्र नवरात्र के छठे दिन मां कात्यायनी की विशेष पूजा-अर्चना की गई। पंच दशनाम जूना अखाड़ा के अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता महंत नारायणगिरी महाराज की उपस्थिति में यह पूजा संपन्न हुई। संस्थान अध्यक्ष रावल किशन सिंह जसोल ने भक्तों की मनोकामना पूर्ति के लिए विशेष पूजा का आयोजन किया। श्री वेद विधा पीठ, गाजियाबाद के पंडितों ने दुर्गा सप्तशती और दुर्गा चालीसा का पाठ किया। इस अवसर पर अन्नपूर्णा प्रसादम का लाभ श्री मूलचंद चांडक परिवार ने लिया। छप्पन भोग का आयोजन श्री कांतिचंद जी कलंत्री परिवार ने किया। षष्ठी तिथि पर लाभार्थी परिवारों ने जसोल ग्राम की कन्याओं और बटुकों का पारंपरिक पूजन किया। उन्हें फल प्रसाद और दक्षिणा भी दी गई। महंत नारायणगिरी महाराज ने बताया कि मां कात्यायनी की पूजा से धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि कुंवारे युवक-युवतियों को मां कात्यायनी की पूजा से योग्य जीवनसाथी मिलता है। ऋषि कात्यायन के घर जन्म लेने के कारण देवी का नाम कात्यायनी पड़ा।

# रामनवमी के मौके पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर में विश्व हिंदू परिषद की ओर से संचालित रामनवमी महोत्सव समिति की ओर से छह अप्रैल रविवार को शहर के घंटाघर से सुबह 10 बजे से विराट रामनवमी शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में संतों के साथ श्रद्धालु भी शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर रविवार को रामनवमी महोत्सव समिति के अध्यक्ष डा. पप्पू राम डारा ने जानकारी दी। बताया कि हिंदुत्व की भावना को जागृत करने और हिंदू जन को एकजुट करने के उद्देश्य के साथ भव्य रामनवमी शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें शहर के लोग सामाजिक समरसता का संदेश देते हुए नजर आएंगे। इसमें सामाजिक तौर पर जागरूक करने वाली झांकियों सहित 450 झांकियों को शामिल किया जाएगा। इसके अलावा उड़ीसा की गोटी पुआ और ढोकरा नृत्य, आंध्र प्रदेश की कुची पुड़ी, गुजरात के गरबा, राजस्थान के बाड़मेर की गेर, उज्जैन की महाकाल टोली, काशी घाट की मसान होली सहित देश भर के विभिन्न विशेष मंदिरों की जीवंत झांकियां भी शामिल की जाएगी। इसके अलावा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर चलने वाले शताब्दी महोत्सव के तहत संघ कार्यों को लोगों तक पहुंचाने के लिए भी विशेष झांकियों को शामिल किया जाएगा। संघ की ओर से चलाए जा रहे पांच परिवर्तनों



को खास तौर पर आम जनता तक पहुंचाने का उद्देश्य से इन झांकियों को शामिल किया जा रहा है। समिति के महामंत्री तरुण सोतवाल ने बताया कि प्रभु श्री राम के जन्मोत्सव के मौके पर घंटाघर चौराहे पर ढोल नगाड़ों की गूंज के साथ थाली बजाकर गाते हुए मंगल गीतों के साथ बधावणा गाया जाएगा। इसके बाद विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री विनायक राव देशपांडे मुख्य वक्ता के तौर पर राम भक्तों को संबोधित करेंगे। इस दौरान रामरथ में विराजमान प्रभु श्री राम परिवार की शहर वासी पूजा-अर्चना करेंगे।

# बीएसएफ के चिल्ड्रन गार्डन में आया कोबरा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** जैसलमेर की सम रोड स्थित बीएसएफ के चिल्ड्रन गार्डन में बुधवार रात तार से लिपटे हुए चार फीट लम्बे सांप ने सबको डराया। कोबरा प्रजाति के सांप को देखकर बच्चों ने अपने माता-पिता को बताकर स्नैक कैचर साहिल को मौके पर बुलाया। स्नैक कैचर साहिल ने मौके पर पहुंचकर सांप को रेस्क्यू कर तारों से आजाद करवाया। साहिल ने सांप को सुरक्षित जंगल में छोड़ा। चिल्ड्रन गार्डन से सांप को लेकर जाने के बाद सभी ने राहत की सांस ली और स्नैक कैचर साहिल को धन्यवाद दिया। सांप



■ चार फीट लम्बा सांप, स्नैक कैचर ने किया रेस्क्यू

स्नैक कैचर साहिल ने बताया कि कोबरा प्रजाति का सांप करीब चार फीट लंबा था। बीएसएफ परिसर में बने चिल्ड्रन गार्डन की तारबंदी पर वो बैठा था। सांप को रेस्क्यू करते समय इस बात का ख्याल रखा गया कि तारबंदी की वजह से उसको कोई चोट ना पहुंचे। सांप को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। साहिल ने बताया- इन दिनों बढ़ती गर्मी के कारण रेंगने वाले जीव अब शाम होते ही भोजन की तलाश में बिलों से बाहर आने लगे हैं। ऐसे में शाम ढलने के बाद सुनसान इलाके, झाड़ियों और पेड़ों आदि के आसपास से थोड़ा दूर ही रहना चाहिए। अगर एक कोबरा प्रजाति का सांप साधारण इंसान को काट ले और समय पर इलाज नहीं मिले तो उसकी मौत भी हो सकती है।

# छात्रवृत्ति और स्कूटी योजना में तिथि बढ़ी

**▶▶ नौ अप्रैल तक कर सकेंगे आवेदन में संशोधन**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बालोतरा।** उच्च शिक्षा आयुक्तालय ने छात्रों को बड़ी राहत दी है। स्कूटी वितरण योजना और छात्रवृत्ति के आवेदनों में संशोधन की समय सीमा अब नौ अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। एमबीआर महाविद्यालय के प्राचार्य हरदान राम ने इस निर्णय की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं के लिए पहले 31 मार्च तक आवेदन संशोधन की समय सीमा थी। इन योजनाओं में कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी वितरण, देवनारायण छात्रा स्कूटी वितरण, विधवा एवं परित्यक्ता मुख्यमंत्री बीएड संबल और मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति शामिल हैं। साथ ही जनजाति प्रतिभावान छात्रों की आर्थिक सहायता, जनजाति छात्राओं को उच्च शिक्षा सहायता और सहरिया जनजाति के छात्र-छात्राओं के लिए विशेष योजनाएं भी इसमें शामिल हैं। ऑनलाइन पॉर्टल में तकनीकी समस्याओं के कारण कई विद्यार्थी अपने आवेदन में सुधार नहीं कर पाए थे। इस वजह से उनके नाम अंतिम वरीयता सूची में शामिल नहीं हो सके। राज्य सरकार ने छात्रहित में यह निर्णय लिया है। अब विद्यार्थी अपने फॉर्म में आवश्यक सुधार कर योजनाओं का लाभ ले सकेंगे।



# जोधपुर में पत्नी के प्रेमी के काटे कान

**▶▶ गुस्साए पति ने की फायरिंग, गोली पेट के पार निकली**

**जोधपुर।** जोधपुर में पेप्सी फैक्ट्री के बाहर पति ने पत्नी के प्रेमी पर हमला कर दिया। घायल प्रेमी का मथुरा दास माथुर हॉस्पीटल में इलाज चल रहा है। घटना बोरानाडा थाना क्षेत्र की है। जानकारी अनुसार घायल युवक रमेश लोल बिलाड़ा के लांबा का रहने वाला है। उसने बताया वह ट्रक चलाने का काम करता है। बुधवार देर रात दो बजे के आस-पास ट्रक में बोरानाडा की पेप्सी फैक्ट्री में शक्कर लेकर पहुंचा था। इस दौरान प्रेमसुख ने उस पर फायर कर दिया। गोली उसके पेट के आर-पार निकल गई। इसके बाद ऑल्टो कार में डालकर अपने साथ ले गए। रास्ते में उसके कान काटकर उसे छोड़ दिया। हमला करने वाला प्रेमसुख विश्नोई भी उसके गांव का ही है।



# जैसलमेर के भाजपा विधायक के बेटे को पीटा

**जैसलमेर।** जैसलमेर के बीजेपी विधायक छोटू सिंह भाटी के बेटे भवानी सिंह भाटी को रॉयल्टी ठेकेदार शैतान सिंह के लोगों ने जमकर पीटा। उनके सिर में गंभीर चोटें आईं हैं। फॉर्च्युनर गाड़ी में तोड़फोड़ की और नाके पर आग लगा दी। फिलहाल इस मामले में पुलिस कुछ भी कहने से बच रही है। एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि इस मामले में करीब 24 लोगों को हिरासत में लिया गया है। अब हालात काबू में हैं। मौके पर पुलिस बल को तैनात किया गया है। फिलहाल मामले में कोई मुकदमा दोनों पक्षों की तरफ से नहीं दिया गया है। सदर पुलिस बयानों के आधार पर जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि गुरुवार को रॉयल्टी ठेकेदार के लोगों ने पत्थरों से भरे ट्रकों सदर इलाके के सम रोड स्थित काहला फांटा पर रोक दिया। वहां खड़े लठैत रॉयल्टी मांगने लगे। इससे नाराज ट्रक ड्राइवरों ने ठेकेदार यूनियन के संरक्षक और विधायक के छोटे भाई नखत सिंह को कॉल किया। सुबह करीब नौ बजे नखत सिंह, विधायक के बेटे भवानी सिंह समेत कई लोग रॉयल्टी नाके पर पहुंच गए। यहां बातचीत के दौरान दोनों पक्षों में विवाद हो गया। लाठी-तलवारों से हमला किया विधायक के बेटे भवानी सिंह ने कहा- जब हम बातचीत करने गए तो सामने वाले पक्ष ने झगड़ा शुरू कर दिया। इस दौरान लाठी और तलवारों से हमला किया। नाके पर रॉयल्टी ठेकेदार के लोगों ने ही आग लगाई। इसके बाद मेरी फॉर्च्युनर गाड़ी में भी जमकर तोड़फोड़ की। इधर, घायलों को जैसलमेर के सरकारी हॉस्पीटल लेकर पहुंचे। रॉयल्टी ठेकेदार बोला- हमारे ऊपर हमला हुआ रॉयल्टी ठेकेदार शैतान सिंह ने बताया- मैंने जैसलमेर में दुर्गा टिम्बर एंड ग्रेनाइट फर्म के नाम से रॉयल्टी का काम लिया। मेरे पार्टनर राजेंद्र सिंह हैं। हमने 10 करोड़ 10 लाख रुपए में मेसेनरी स्टोन का ठेका लिया है। आज दिन में हम रॉयल्टी नाके पर बैठे थे। सदर थाने के एसआई गुमान सिंह, हेड कॉन्स्टेबल बलदान और माइनिंग के आनंद भी हमारे साथ बैठे थे। इस दौरान 10-15 गाड़ियों में विधायक छोटूसिंह भाटी के बेटे भवानी सिंह, विधायक के भाई नखत सिंह, नखत सिंह के बेटे गिरधर सिंह 10-15 गाड़ियों में आदमियों को लेकर आए। उन्होंने आते ही हम पर तलवारों-हथियारों से हमला कर दिया। हमारी दो-तीन गाड़ियों में तोड़फोड़ की और नाके को आग लगा दी। हमारे लोगों से मारपीट की, जिनमें दो लोगों की हालत गंभीर है। उनको जोधपुर रेफर किया गया है।



# जोधपुर : भोमसिंह मर्डर मामले में दो गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** सूरसागर पुलिस ने इंद्रोका गांव में 29 मार्च की देर रात बंदूक से फायर कर एक युवक की हत्या के मामले में दो आरोपी वीरेंद्रसिंह और ईश्वरसिंह को गिरफ्तार किया है। शराब के अवैध कारोबार की बात लेकर गांव के बस स्टैंड पर ही हुई इस हत्या की वारदात के दौरान मृतक के बेटे व एक अन्य युवक को भी बंदूक से निकले छर्रे लगे थे। डीसीपी (वेस्ट) राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि 30 मार्च को इंद्रोका निवासी भगतसिंह पुत्र भोमसिंह खीची की ओर से सूरसागर थाने में रिपोर्ट दी गई थी। इसमें बताया गया कि 29 मार्च की रात करीब साढ़े दस बजे परिवादी के पिता भोमसिंह के मोबाइल पर गांव के ही वीरेंद्रसिंह ने फोन कर कहा कि आपसे बैठकर बात करनी है। आप गांव के बस स्टैंड पर आओ। इस पर भोमसिंह अपने पुत्र भगतसिंह के साथ अपनी कैम्पर गाड़ी लेकर इंद्रोका बस स्टैंड पहुंचे। यहां पहुंचते ही एक अन्य कैम्पर में सवार बदमाशों ने परिवादी की गाड़ी को टक्कर मारी। गाड़ी ईश्वरसिंह चला रहा था। टक्कर लगने पर पिता-पुत्र गाड़ी से नीचे उतरे, तो बदमाश वीरेंद्रसिंह व श्रवणसिंह भी अपनी गाड़ी से नीचे उतरे। डीसीपी (वेस्ट) राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि तभी विरेंद्रसिंह ने पिता-पुत्र पर बंदूक से फायर किए। इसमें भोमसिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर हालत में भगतसिंह अपने पिता को एमडीएम हॉस्पीटल ले गया, लेकिन वहां डाक्टर ने जांच के बाद भोमसिंह को मृत घोषित कर दिया।



# व्यापार जगत

**▶▶ निफ्टी 82 अंक टूटकर 23,250 पर आया**
**▶▶ TCS और HCL टेक का शेयर 4% टूटा**

# सेंसेक्स 322 अंक गिरकर 76,295 पर बंद

**मुंबई।** शेयर बाजार में तीन अप्रैल को गिरावट देखने को मिली है। सेंसेक्स 322 अंक की गिरावट के साथ 76,295 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 82 अंक की गिरावट रही, ये 23,250 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयर में से 18 में गिरावट और 12 में तेजी देखने को मिली है। आज आईटी, ऑटो और बैंकिंग शेयर्स में ज्यादा गिरावट देखने को मिली। टीसीएस, एचसीएल टेक और टेक महिंद्रा के शेयर में करीब 4% की गिरावट रही। वहीं पावर और फार्मा के शेयर में बढ़त रही।



## बाजार में गिरावट के तीन कारण

ट्रम्प का रेसिप्रोकल टैरिफ : अमेरिका ने भारत पर 26% टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। भारत के अलावा चीन पर 34%, यूरोपीय यूनियन पर 20%, साउथ कोरिया पर 25%, जापान पर 24%, वियतनाम पर 46% और ताइवान पर 32% टैरिफ लगेगा। विदेशी निवेशकों की बिकवाली : फॉरेन इंस्टिट्यूशनल इन्वेस्टर्स लगातार भारतीय शेयर बाजार से पैसा निकाल रहे हैं। यह बिकवाली बाजार में दबाव बढ़ाने का एक प्रमुख कारण हो सकती है, खासकर अगर निवेशक अन्य बाजारों की ओर रुख कर रहे हों। आर्थिक अनिश्चितता : वैश्विक आर्थिक मंदी की आशंका और अमेरिकी जीडीपी के 2025 की पहली तिमाही में 2.8% तक गिरने के अनुमान से निवेशकों का भरोसा कम हुआ है। इससे स्टॉक मार्केट में अस्थिरता बढ़ रही है।

## बाजार में रही थी बढ़त

दो अप्रैल को शेयर बाजार में बढ़त रही थी। सेंसेक्स 592 अंक चढ़कर 76,617 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी में 166 अंक की बढ़त रही, ये 23,332 के स्तर पर बंद हुआ था।

## एशियाई मार्केट में रही गिरावट

एशियाई बाजारों में जापान के निक्केई में 2.77%, चीन के शंघाई कम्पोजिट में 0.24% और हॉन्गकॉन्ग के हैंगसेंग इंडेक्स में 1.52% की गिरावट रही। दो अप्रैल को अमेरिका का डाओ जोंस 0.56% बढ़कर 42,225 पर बंद हुआ। नैस्डेक कंपोजिट में 0.87% की तेजी रही, जबकि S&P 500 इंडेक्स 0.67% चढ़कर बंद हुआ। दो अप्रैल को विदेशी निवेशकों ने 1,538 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। वहीं, घरेलू निवेशकों ने 2,808 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

# ट्रंप के टैरिफ पर वाणिज्य मंत्रालय की नजर



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रेसिप्रोकल टैरिफ के रूप में भारत पर कुछ नए टैक्स लगाए हैं। भारत सरकार इसकी स्टडी कर रही है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय ने कहा है कि वे देख रहे हैं कि इससे क्या हो सकता है। वाणिज्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अमेरिका ने जो भी कदम उठाए हैं, उन पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। उल्लेखनीय है कि ट्रम्प ने कल ही एक आदेश जारी किया है। इसके अनुसार, दूसरे देशों से आने वाले सामान पर 10% से 50% तक टैक्स लगाया गया है। यह टैक्स उन देशों पर लगाया गया है जो अमेरिका से व्यापार करते हैं। हालांकि, यह तत्काल प्रभाव से लागू नहीं हुआ है। 10% का बेसलाइन टैक्स पांच अप्रैल, से लागू होगा। भारत पर लगने वाला अतिरिक्त टैक्स 27% होगा। यह नौ अप्रैल, से लागू होगा। वाणिज्य विभाग का कहना है कि वे इस मामले को ध्यान से देख रहे हैं। मंत्रालय ने अपने बयान में कहा "वाणिज्य विभाग अमेरिका के राष्ट्रपति द्वारा लिए गए फैसलों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर रहा है। 'विकसित भारत' के सपने को ध्यान में रखते हुए, विभाग सभी संबंधित लोगों से बात कर रहा है। इसमें भारतीय उद्योग और निर्यातक भी शामिल हैं। उनसे टैक्स के बारे में जानकारी ली जा रही है और स्थिति का आकलन किया जा रहा है। विभाग यह भी देख रहा है कि अमेरिका की इस नई व्यापार नीति से क्या अवसर मिल सकते हैं।" प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 13 फरवरी, को 'मिशन 500' की घोषणा की थी। इसका लक्ष्य 2030 तक दोनों देशों के बीच व्यापार को दोगुना करके 500 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक करना है। वाणिज्य मंत्रालय ने इसी के परिपेक्ष्य में कहा, "इसलिए, भारत और अमेरिका के व्यापार दल एक-दूसरे के लिए फायदेमंद व्यापार समझौते को जल्द पूरा करने के लिए बातचीत कर रहे हैं।" इसमें कई मुद्दों पर बात हो रही है, जैसे कि सप्लाई चेन को मजबूत करना। बयान में कहा गया था "बातचीत का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश और तकनीक के आदान-प्रदान को बढ़ाना है। हम ट्रम्प प्रशासन के साथ लगातार संपर्क में हैं और उम्मीद करते हैं कि आने वाले दिनों में इस पर आगे बढ़ेंगे।" वाणिज्य मंत्रालय ने कहा है कि भारत अमेरिका के साथ अपने संबंधों को बहुत महत्व देता है।

# आप का राशिफल 4 अप्रैल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-2-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रूकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-2-6-8

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक-1-4-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ। शुभांक-2-4-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-4-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। शुभांक-5-7-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। शांतिपूर्वक कार्य करें। धार्मिक यात्रा का योग हैं। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। शुभांक-2-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-5-6

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। शुभांक-4-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-3-5-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-3-6-8

# ट्रंप के टैरिफ से सोना नए शिखर पर

**▶▶ एक झटके में चांदी 2236 रुपए सस्ती**


**मुंबई।** सर्राफा बाजारों में बिना जीएसटी 24 कैरेट गोल्ड 209 रुपए महंगा हो गया। सोने ने नए ऑल टाइम हाई 91205 रुपए प्रति ग्राम के रेट पर खुला। दूसरी ओर, चांदी के रेट में 2236 रुपए की भारी गिरावट दर्ज की गई है। चांदी 97300 रुपए प्रति किलो की दर से खुली। ये रेट बिना जीएसटी के हैं। अगर तीन पर्सेंट जीएसटी जोड़ लें तो आज सोने के भाव 93941 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी के 100219 रुपए प्रति किलो पर पहुंच रहे हैं। सर्राफा बाजार के रेट इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन ने जारी किए हैं, जिनमें जीएसटी नहीं लगा है। हो सकता है आपके शहर में इससे 1000 से 2000 रुपए का अंतर आ रहा हो। आईबीजेए दिन में दो बार रेट जारी करता है। एक बार दोपहर 12 बजे के करीब दूसरा पांच बजे के आसपास। सोने की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गईं। सत्र की शुरुआत में 3,167.57 डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद स्पॉट गोल्ड 0.4 प्रतिशत बढ़कर 3,145.93 डॉलर प्रति औंस हो गया। अमेरिकी सोना वायदा 0.1 प्रतिशत मजबूत होकर 3,170.70 डॉलर पर पहुंच गया।

**▶▶ 14 से 23 कैरेट गोल्ड के रेट**

आईबीजेए रेट्स के मुताबिक 23 कैरेट गोल्ड भी 208 रुपए महंगा होकर 90840 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव से खुला। वहीं, 22 कैरेट गोल्ड का औसत हाजिर भाव दोपहर एक बजे के करीब 192 रुपए तेज होकर 83544 रुपए पर खुला। 18 कैरेट गोल्ड का भाव भी 157 रुपए महंगा होकर 68404 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। जबकि, 14 कैरेट गोल्ड की कीमत 122 रुपए बढ़कर 53355 रुपए पर पहुंच गई है। इस साल अबतक सोने के रेट में 15465 रुपए और चांदी के भाव में 11283 रुपए का उछाल आया है।

# ग्वाटेमाला से केला, थाईलैंड से चावल, चिली से अंगूर मंगाता अमेरिका

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 60 से अधिक देशों पर टैरिफ लगाने की घोषणा है। इससे देश में महंगाई बढ़ने की आशंका है। यूबीएस की एक रिपोर्ट के मुताबिक इससे महंगाई में 5% तेजी आ सकती है और जीडीपी ग्रोथ प्रभावित हो सकती है। इसकी वजह यह है कि अमेरिका दुनिया के कोने-कोने से खाने-पीने की चीजें मंगाता है। अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी इकॉनमी है और दुनिया का हर छोटा-बड़ा देश अमेरिका के साथ अपना ट्रेड बढ़ाना चाहता है। इसकी वजह यह है कि उसका बाजार बहुत बड़ा है। अमेरिका के बाजार में ज्यादातर चीजें इम्पोर्टेड हैं। देश में पीने का पानी भी विदेश से आता है। खाने-पीने की ज्यादातर चीजें पड़ोसी देशों मेक्सिको और कनाडा से आती हैं। नए टैरिफ में इन दोनों देशों पर लागू नहीं होंगे। मेक्सिको अमेरिका का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर है जबकि कनाडा तीसरे नंबर पर है। चीन कई साल तक उसका सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर रहा। लेकिन पिछले कुछ साल से दोनों देशों को रिश्तों में तल्खी आई है। यहां हम आपको बता रहे हैं कि अमेरिका किस देश से खाने-पीने का क्या सामान मंगाता है। अमेरिका अपने पड़ोसी देश कनाडा से मशरूम, पशु मीट, सुअर का मीट, मछली, लॉबस्टर, केकड़े, कैनोला ऑयल, गेहूं, मक्का, ओट्स, जौ और मैपल सिरप मंगाता है। इसी तरह टमाटर, एवोकाडो, शिमला मिर्च, क्रेनबेरीज, स्ट्रॉबेरीज, रैस्पबेरीज, ककड़ी, ब्रोकोली, तरबूज, आम, एस्पेरेगस, नींबू, प्याज, पालक, लेट्यूस, अखरोट और चीनी का सबसे ज्यादा आयात मेक्सिको से किया जाता है। चीन से सबसे ज्यादा ऐपल जूस और फ्रोजन फिश आती है।



# लखनऊ बनाम मुंबई : किसका पलड़ा भारी ?



**लखनऊ :** लखनऊ सुपर जायंट्स और मुंबई इंडियन के बीच आईपीएल 2025 का 16वां मैच 4 अप्रैल को यहां इकाना स्टेडियम में खेला जाएगा। मुकाबले में भाग लेने के लिए हार्दिक पांड्या के नेतृत्व में मुंबई इंडियंस की टीम बुधवार को लखनऊ पहुंच गई। टीम ने शाम को स्टेडियम में अभ्यास किया। इस दौरान हार्दिक पांड्या मुख्य रूप से गेंदबाजी और फील्डिंग का अभ्यास करते हुए नजर आए। वहीं दूसरी ओर रोहित शर्मा ने बल्लेबाजी में लंबे हाथ दिखाए।

इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम मुंबई इंडियंस पर अब तक भारी पड़ी है। दोनों टीमों के बीच अब तक 6 मैच खेले गए हैं। जिनमें से लखनऊ ने 5 और मुंबई इंडियंस ने केवल एक मुकाबला जीता है । लखनऊ की पंजाब के खिलाफ लखनऊ में खेले गए पहले मुकाबले में हार के बाद उसका अगला मैच मजबूत मुंबई के साथ होगा, जिसने इस टूर्नामेंट में अब तक मिला-जुला प्रदर्शन किया है। ऐसे में मेजबानों के खिलाफ उसका मुकाबला अधिक रोमांचकारी होने की संभावना जताई जा रही है।

**LSG vs MI हेड टू हेड रिकॉर्ड्स**

कुल मैच : 6
लखनऊ सुपर जायंट्स की जीत : 5
मुंबई इंडियंस की जीत : 1

### मुंबई इंडियंस की टीम

- रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, रॉबिन मिंज, रयान रिकलटन, श्रीजीत कृष्णन, बेवन जैकब्स, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, नमन धीर, विल जैक, मिशेल सेंटनर, राज अंगद बावा, विग्नेश पुथुर, कॉर्बिन बॉश, ट्रेंट बोल्ट, कर्ण शर्मा, दीपक चाहर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, सत्यनारायण पेनमेत्सा, अर्जुन तेंदुलकर, मुबीब-उर-रहमान और जसप्रीत बुमराह.

### लखनऊ के मौसम का हाल

लखनऊ सुपर जायंट्स और मुंबई इंडियंस के बीच 4 अप्रैल को लखनऊ में मुकाबला खेला जाएगा ।रिपोर्ट के अनुसार, मैच के दौरान बारिश का कोई खतरा नहीं है और पूरा मौसम साफ रहने की उम्मीद है ।ह्यूमिडिटी का स्तर 38 प्रतिशत के आस-पास रहेगा ।वहीं तापमान 37 डिग्री कर रहने की उम्मीद है ।मैच के दौराम लखनऊ में मैच के दौरान 16 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हंवा चल सकती है।

### इकाना के आईपीएल रिकॉर्ड

लखनऊ के इकाना स्टेडियम में अब तक आईपीएल के 14 मुकाबले खेले गए हैं। इस दौरान 7 मैच पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम को जीत मिली है। वहीं 6 मैचों में लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम को 6 मैचों में जीत मिली है। केकेआर ने सबसे बड़ा 235 रनों का स्कोर खड़ कर दिया था। इससे पहले और न इसके बाद इतना बड़ा स्कोर यहां पर बना है। अभी तक 200 से अधिक ज्यादा रनों का लक्ष्य चेज नहीं हुआ है।

### लखनऊ सुपर जायंट्स टीम

ऋषभ पंत, डेविड मिलर, एडेन मार्कराम, आर्यन जुयाल, हिम्मत सिंह, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, निकोलस पूरन, मिशेल मार्श, अब्दुल समद, शाहबाज अहमद, युवराज चौधरी, राजवर्धन हंगरगेकर, अर्शिन कुलकर्णी, आयुध बडोनी, आवेश खान, आकाश दीप, एम ।सिद्धार्थ, दिग्वेश सिंह, आकाश सिंह।

**बीसीसीआई की हिदायत**

# आईपीएल की 4 टीमों ने होम पिच को लेकर उठाया सवाल

**नई दिल्ली।** आईपीएल का ये सीजन अभी शुरुआती चरण में ही है लेकिन अबतक 4 टीमें होम पिच को लेकर सवाल उठा चुकी हैं। लखनऊ के मेंटॉर जहीर खान तो यहां तक कह दिए कि होम पिच ऐसी है जैसे उसे विरोधी टीम के क्यूरेटर ने बनाई हो। टीमें भले ही होम पिच को लेकर शिकायत कर रही हैं लेकिन बीसीसीआई अबतक आईपीएल की पिचों को लेकर संतुष्ट है। इस आपीएल सीजन में अबतक 14 मैच हुए हैं लेकिन कई मौके ऐसे भी आए हैं जब टीमें पिच की शिकायत करती दिखीं। शिकायत ये कि होम ग्राउंड पर खेलने के बाद भी उन्हें फायदा नहीं मिल रहा क्योंकि पिच उनके मनमाफिक क्यूरेट नहीं हुई है। ताजा मामला मंगलवार को हुए लखनऊ बनाम पंजाब मैच का है। हार के बाद लखनऊ के मेंटॉर जहीर खान तो यहां तक बोल गए कि ऐसा लगा जैसे हमारे होम ग्राउंड की पिच को पंजाब के क्यूरेटर ने तैयार किया है। अब इन शिकायतों को लेकर बीसीसीआई ने फ्रैंचाइजियों को ही हिदायत दी है कि वे अपनी जरूरतों को लेकर पिच क्यूरेटर को पहले ही बताएं, सीजन के बीच में नहीं।



### पिचें अच्छी

बीसीसीआई सूत्रों के हवाले से बताया कि बोर्ड का कहना है कि फ्रैंचाइजी पिच को लेकर अपनी जरूरतों के बारे में क्यूरेटर को अडवांस में बताएं, क्योंकि ये एक हफ्ते के भीतर तो हो नहीं जाएगा। बीसीसीआई सूत्र ने कहा, 'पिचें अबतक अच्छी रही हैं। वे ऐसी पिच की मांग कर सकते हैं जो गेंदबाजों को ज्यादा फायदा पहुंचाए लेकिन इसके लिए फ्रैंचाइजी और क्यूरेटर्स के बीच में बेहतर संवाद की जरूरत है। यह आईपीएल सीजन में एक हफ्ते के भीतर नहीं हो सकता।'

### कई फ्रैंचाइजी ने जताया असंतोष

- बीसीसीआई की गाउडलाइंस के मुताबिक, पिच का नेचर क्या हो, इसमें न तो किसी फ्रैंचाइजी की चलेगी और न ही किसी खिलाड़ी की। क्यूरेटर को ऐसी पिच तैयार करनी है जिससे तेज गेंदबाजों को भी मदद मिले और स्पिनर्स को। कुछ टीमें होम पिच को लेकर शिकायत कर रही हैं। आईपीएल के मौजूदा सीजन के शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक, कोलकाता नाइट राइडर्स ने भी मांग की है कि ईडन गार्डन्स की पिच ऐसी हो जो स्पिनर्स को मदद पहुंचाए। दिल्ली कैपिटल्स का मैनेजमेंट भी अपने शुरुआती दो होम मैचों की पिच को लेकर क्यूरेटर से नाखुश है। ऐसा ही हाल चेन्नई का भी है।

# 'गब्बर' को फिर हो गया लव



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन ने ऐसा लगता है जैसे अपने नए रिलेशनशिप की पुष्टि कर दी है । यह चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के समय की बात है जब धवन को एक मिस्ट्री वुमन के साथ बैठे देखा गया था । तब दावा किया गया कि उस महिला का नाम सोफी शाइन है, जो आयरलैंड की नागरिक हैं । अब एक नया वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक शो पर धवन से उनकी गर्लफ्रेंड के बारे में पूछा गया तो उन्होंने ने गर्लफ्रेंड का नाम तो नहीं बताया, लेकिन बातों-बातों में अपने रिलेशनशिप की पुष्टि जरूर कर दी है।

# सारा तेंदुलकर बनीं मुंबई टीम की मालकिन



**मुंबई:** पूर्व भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर ग्लोबल ई-क्रिकेट प्रीमियर लीग (जीईपीएल) के बहुप्रतीक्षित सीजन 2 के लिए मुंबई फ्रेंचाइजी की मालिक बन गई हैं। जीईपीएल रियल क्रिकेट पर खेला जाता है, एक ऐसा गेम जिसने 300 मिलियन से अधिक लाइफटाइम डाउनलोड किए हैं । अपने ओपनिंग सीजन के बाद से, लीग ने तेजी से विकास देखा है, जिसमें खिलाड़ियों की रुचि में 5 गुना वृद्धि हुई है, जो सीजन 1 में 200,000 की तुलना में 910,000 रजिस्ट्रेशन तक पहुंच गई है। सारा की मुंबई फ्रेंचाइजी का ऑनरशिप क्षेत्र के साथ उनके मजबूत जुड़ाव को दर्शाता है। नए भारत के उद्यमियों की एक विविध लाइन-अप के साथ जीईपीएल इकोसिस्टम में उनका समावेश, डिजिटल युग में प्रतिस्पर्धी गेमिंग को फिर से परिभाषित करने और क्रिकेट के प्रशंसकों को बढ़ाने के लीग के मिशन को और मजबूत करता है। सारा तेंदुलकर ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, 'क्रिकेट हमारे परिवार का एक अभिन्न अंग रहा है। ई-स्पोर्ट्स में इसकी क्षमता की खोज करना रोमांचकारी है।

# आरसीबी पर कहर बनकर टूटे सिराज

### जहीर खान का तोड़ा रिकॉर्ड

नई दिल्ली। मोहम्मद सिराज की शानदार गेंदबाजी और जोस बटलर की बल्लेबाजी से गुजरात टाइटंस ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 8 विकेट से हरा दिया। 170 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात ने 17.5 ओवरों में जीत दर्ज की। मोहम्मद सिराज को मैच का सर्वश्रेष्ठ प्लेयर चुना गया, उन्होंने इस मैच में एक रिकॉर्ड भी अपने नाम किया और पूर्व खिलाड़ी जहीर खान को भी पीछे छोड़ा। आरसीबी की शुरुआत अच्छी नहीं हुई थी। दूसरे ही ओवर में विराट कोहली 7 रन बनाकर आउट हो गए थे। उन्हें अरशद खान ने आउट किया था। तीसरे ओवर में मोहम्मद सिराज ने देवदत्त पाडिक्कल (4) को आउट कर दिया। 5वें ओवर में उन्होंने फिल साल्ट (14) जैसे बल्लेबाज को पवेलियन भेज दिया। उन्होंने तीसरा विकेट 19वें ओवर में लियाम लिविंगस्टोन का विकेट लिया। सिराज ने 4 ओवरों के स्पेल में 3 विकेट लिए जबकि सिर्फ 19 रन ही दिए । मोहम्मद सिराज ने आईपीएल के दौरान एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में जहीर खान को पीछे छोड़ दिया है।



### आरसीबी ने गंवाया पहला स्थान

इस हार के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु अंक तालिका में पहले से तीसरे स्थान पर खिसक गई है ।ये आरसीबी की 3 मैचों में पहली हार है ।जबकि गुजरात टाइटंस जीत के बावजूद चौथे स्थान पर ही है ।पंजाब किंग्स पहले और दिल्ली कैपिटल्स दूसरे नंबर पर पहुंच गई है।


## म नो रं ज न

# पंचायत 4 की डेट आई



वेब सीरीज पंचायत के चाहने वालों की कोई गिनती नहीं है ।ये शो अब महज शो नहीं रहा बल्कि एक इमोशन बन गया है। ना सिर्फ पॉपुलर मीम कंटेंट बल्कि पंचायत के किरदारों ने हमें खूब हंसाया, रुलाया और बहुत प्यार से जिंदगी का फलसफा भी सिखाया है। इस सीरीज का तीसरा सीजन लोगों को इतना पसंद आया था कि वो आज तक इससे बाहर नहीं निकल पाए हैं। अब पंचायत के फैंस को सीरीज के पांच साल पूरे होने पर एक बड़ा तोहफा मिल गया है। पंचायत के मेकर्स ने इसके सीजन 4 का ऐलान कर दिया है। फैंस सीजन 3 के बाद से इसके अगले सीजन का बेसब्री से वेट कर रहे थे, ऐसे में इस बार मेकर्स ने फैंस का वेट खत्म करते हुए अगले सीजन की रिलीज डेट बता दी है, साथ ही ये वादा भी किया है कि इस बार 'पंचायत 4 में और भी ज्यादा ड्रामा, ठहाके और इमोशनल मोमेंट्स देखने को मिलने वाले हैं। मेकर्स ने सीरीज के पांच साल पूरे होने की खुशी में एक बहुत मजेदार वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में एक्टर जितेंद्र कुमार कुछ सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के साथ दिखाई दे रहे हैं ।साथ ही उनके साथ साथ निभाना साथिया की गोपी बहू भी नजर आ रही हैं। इसी दौरान वो पंचायत 4 की रिलीज डेट से बताते हैं ।सीरीज 2 जुलाई को अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी। पंचायत 4 में लीड रोल में जीतेंद्र कुमार, नीना गुप्ता, रघुबीर यादव, फैसल मलिक, चंदन रॉय, सान्विका, दुर्गेश कुमार, सुनीता राजवार और पंकज झा हैं ।ये सभी किरदार लोगों को बहुत पसंद हैं और सभी की जुबान पर इन किरदारों के डायलॉग्स रहते हैं। इसे प्रोड्यूस किया है 'द वायरल फीवर ' ने ।चंदन कुमार ने इसकी कहानी लिखी है और दीपक कुमार मिश्रा और अक्षत विजयवर्गीय ने इसे डायरेक्ट किया है।

# 'इस मुल्क में बस दो ही एक्टर'



राजकुमार हिंदी सिनेमा के जानें माने स्टार रहे हैं। भले ही आज वह हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी फिल्में और उनका डायलॉग बोलने का अंदाज आज भी उनके फैंस के बीच पॉपुलर है। राजकुमार एक ऐसे शख्स थे, जिनकी रील और रियल लाइफस्टाइल में ज्यादा अंतर नहीं था। रजा मुराद ने बताया कि राजकुमार रात को 1.30 बजे उस वक्त दिलीप कुमार के घर पहुंचे गए, जब उन्होंने फिल्म गंगा जमुना देखी। साथ ही रजा मुराद ने बताया कि बॉलीवुड में आजकल फिल्में क्यों फ्लॉप हो रही है। एक इंटरव्यू में रजा मुराद ने राजकुमार और दिलीप कुमार का किस्सा शेयर करते हुए बताया, 'राज कुमार ने फिल्म गंगा जमुना देखी और फिल्म में दिलीप साहब ने अच्छा काम किया, राज कुमार साहब को फिल्म अच्छी लगी और वह रात 1.30 बजे उनके घर पहुंच गए और दिलीप साहब चौंक गए कि राज कुमार उनके घर क्यों आए हैं, राजकुमार ने कहा जानी युसूफ..। हम तुम्हारी फिल्म गंगा जमुना देखकर यहां आए हैं, हमें पता है कि इस मुल्क में बस दो ही एक्टर हैं, राजकुमार और दिलीप कुमार, और इतना कहकर चल गए।


# 'कहीं और छूने लगा एक्टर'



कई सालों से मीडिया में इस तरह की खबरें आती हैं कि इंटीमेट सीन शूट के दौरान अभिनेत्रियों के साथ सही बर्ताव नहीं होता और वो असहज महसूस करने लगती हैं। अब कई एक्ट्रेसेज इस बारे में खुलकर बोलने लगी हैं। हाल में आश्रम एक्ट्रेस अनुप्रिया गोयनका ने इस बारे में खुलकर बात की। अनुप्रिया गोयनका ने उस भयावह घटना के बारे में बताया। एक्ट्रेस ने बताया कि इंटीमेट सीन शूट करते समय एक एक्टर बेकाबू हो गया था और उन्हें शूट के दौरान बहुत अपमानित महसूस हुआ था। उन्हें लग रहा था कि को-स्टार समझदारी से काम लेगा, लेकिन उन्हें निराशा हुई कि वह हद से आगे निकल गया और उन्हें गलत तरीके से छूने लगा। एक इंटरव्यू में अनुप्रिया से पूछा गया कि क्या किसी अभिनेता ने उनका फायदा उठाने की कोशिश की? इस पर अनुप्रिया ने कहा,"मैं यह नहीं कहूंगी कि वह व्यक्ति मेरा फायदा उठा रहा था, लेकिन वो काफी ज्यादा एक्साइटेड था। मैं देख सकती थी कि वह उत्तेजित हो रहा था, जोकि नहीं होना चाहिए था।

# अक्षय ने अनाउंस की 'केसरी 3'

### कहा- पंजाब का रूप सबको दिखाना है



अक्षय कुमार, अनन्या पांडे और आर माधवन की मोस्ट अवेटेड 'केसरी 2' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। वहीं, अक्षय ने 'केसरी 3' की अनाउंसमेंट भी कर दी है। अक्षय ने ट्रेलर लॉन्च के बाद बताया कि 'केसरी 3' किस महान युद्धा पर आधारित होने वाली है। अक्षय के साथ 'केसरी 2' के डायरेक्टर करण सिंह त्यागी और प्रोड्यूसर करण जौहर भी मौजूद थे। अक्षय ने पंजाबी में कहा, 'अब बस केसरी-3 की तैयारी करनी है।' 'मैं तो कह रहा हूं आज ही अनाउंस कर देते हैं। केसरी-3 सरदार हरि सिंह नालवा पर बनाएंगे। अक्षय बोले, 'बस फिर, पंजाब का रूप सबको दिखाना है।' हरी सिंह नालवा महाराज रणजीत सिंह की फौज के सबसे भरोसेमंद कमांडर थे। वह कश्मीर, हाजरा और पेशावर के गवर्नर रहे थे। उन्होंने कई अफगान योद्धाओं को शिकस्त दी थी। इतना ही नहीं, हरी सिंह नालवा ने अफगान के कई हिस्सों पर अपना वर्चस्व भी स्थापित किया था। इतिहासकार कहते हैं कि अगर हरी सिंह नालवा ने पेशावर और उत्तरी-पश्चिमी युद्धक्षेत्र जो कि आज पाकिस्तान का हिस्सा हैं, में युद्ध नहीं जीता होता तो आज ये अफगानिस्तान के कब्जे में होते और इस तरह अफगानिस्तान हमेशा-हमेशा के लिए भारत के लिए सिरदर्द बन जाता।




# जाट ने उड़ाया गरदा



आईएमडीबी की 2025 की मोस्ट एंटीसिपिटेड इंडियन मूवीज और शोज की लिस्ट में कई मजेदार नाम देखने को मिल रहे हैं। जिसमें भारतीय सिनेमा के दिग्गज सितारों और रोमांचक कहानियों का जबरदस्त कॉम्बिनेशनल है। इस लिस्ट सनी देओल ने टॉप पर बाजी मारी है जबकि आईएमडीबी की इस लिस्ट में रजनीकांत और प्रभास की फिल्में भी शामिल हैं। आईएमडीबी की 2025 की मोस्ट एंटीसिपिटेड इंडियन मूवीज और शोज की लिस्ट में पहला स्थान हासिल किया है फिल्म जाट ने, जिसमें एक्शन और ड्रामा का तड़का देखने को मिलेगा। इसके बाद दूसरे नंबर पर साड़ी है, जो अपनी अनूठी कहानी से दर्शकों को आकर्षित कर रही है । तीसरे नंबर पर संत ज्ञानेश्वरांची मुक्ताई है, जो एक ऐतिहासिक और आध्यात्मिक कहानी पेश करेगी।

# पंचायत समिति टीम ने जीता जवाई लीग का पहला मुकाबला

## डे नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता सुमेरपुर चैंपियंस ट्रॉफी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** शिक्षा ' ांति रंग मंच मैदान में चल रहीं पहली मल्टी फॉरमैट डे नाइट ि' केट प्रतियोगिता सुमेरपुर चैंपियंस ट्रॉफी के पांचवे दिन बुधवार रात जवाई लीग का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सीएलजी इंस्टीट्यूट्स के निदेशक डा. सीएल गहलोत, पंचायत समिति विकास अधिकारी प्रमोद दवे, वरिष्ठ अधिवक्त ा महेंद्र गहलोत, रतनसिंह राजपुरोहित एवं गौरवसिंह घाणेराव के सानिध्य में हुआ। मुख्य अतिथि गहलोत ने कहा कि सुमेरपुर जैसे छोटे कस्बे में इस स्तर का भव्य आयोजन होना बहुत बड़ी बात है। आयोजन में प्रशासनिक खिलाड़ियों के लिए अलग से लीग का आयोजन करवाना भी काबिले तारीफ है। समाजसेवी व वरिष्ठ अधिवक्त ा गहलोत ने कहा कि इस आयोजन में कई नवाचार हुए है जो हर उम्र और हर वर्ग के खिलाड़ियों में एक नया जोश भर रहें है। आमतौर पर प्रशासन के मैत्री मैच होते है पर इस आयोजन में पूरी लीग ही प्रशासन, डॉक्टर्स, नागरिक, पुलिस व अधिवक्त ाओं के लिए रखी गई हैं। जिसकी जितनी प्रशंसा की जाए उतना कम हैं। अधिवक्त ा राजपुरोहित ने कहा कि लम्बे समय बाद हो रहीं इस भव्य प्रतियोगिता की चर्चा पूरे शहर व क्षेत्र में हो रही हैं। विशेषकर इस प्रतियोगिता में बच्चों से लेकर सीनियर प्लेयर्स तक एवं गर्ल्स के लिए भी अलग फॉर्मेट में प्रतियोगिता करवाकर एक नई शुरुआत की गई है।



### पंचायत समिति ने प्रशासन एकादश को हराया

आयोजक जगदीश राजपुरोहित व पुष्पकांत मेवाड़ा ने बताया कि अलग-अलग फॉर्मेट में हो रहीं इस प्रतियोगिता में 14 वर्षीय लीग में मयूर एकेडमी विजेता रही। वहीं वुमेन लीग में शेरा सुपर क्वीन विजेता रहीं। आगे अभी लीजेंड लीग, प्रशासनिक लीग, वार्ड कप एवं आईपीएल फॉर्मेट की प्रतियोगिता चलेगी और 12 अप्रैल को प्रतियोगिता का समापन समारोह होगा। आयोजन कमेटी सदस्य सत्येंद्रसिंह राजगुरु व मनोहर देवड़ा ने बताया कि जवाई लीग की शुरुआत में पहले दिन प्रशासन एकादश व पंचायत समिति के बीच मैच खेला गया। जिसमें पंचायत समिति ने एकतरफा अंदाज में जीत हासिल की। दूसरे मैच में अधिवक्ता एकादश ने एसीजेएम कोर्ट शिवगंज को हराया। वहीं तीसरे मैच में अधिवक्ता एकादश ने ऑल इज वेल क्लब को हराया। कमेटी सदस्य मानसिंह खिवांदी ने बताया कि प्रतियोगिता को लेकर आमजन में बेहद उत्साह हैं। ऐसा लग रहा है जैसे पूरा शहर मैदान में उमड़ गया है। इस अवसर पर कमेटी सदस्य मानसिंह रामनगर, शैतानकुमार, जगदीश राजगुरू, जयकिशन कुम्पावत, अशरफ अली, दीपक चावरिया, अनवर पठान, रवि चौहान, गोविंद मेघवाल, मनीष चावरिया, आयुष, सिद्धार्थ चावरिया, नवाब ख़ान, राजपाल मीणा, टीनू पठान, अरशद ख़ान, राजा, सुलेमान मौजूद रहे।

# खांगड़ी चारभुजा मंदिर का मेला कल से, तैयारियों जोरों पर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** उपखंड के खांगड़ी गांव में शनिवार व रविवार को भरने वाले घांची समाज के आराध्य चारभुजानाथ के दो दिवसीय वार्षिक मेले को लेकर घांची समाज में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा हैं। समस्त क्षत्रिय घांची समाज महासभा के तत्वावधान में 5 व 6 अप्रैल को भरने वाले मेले में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए जनप्रतिनिधियों, अतिथियों व समाज के लोगों को घर-घर, प्रतिष्ठान पर जाकर महासभा पदाधिकारी पत्रिका देकर आने का न्यौता देने में जुटे है। महासभा उपाध्यक्ष डा. मुकेश भाटी नाडोल द्वारा गुरूवार को जयपुर पहुंच संसदीय कार्य विभाग, विधि एवं विधिक कार्य विभाग और विधि परामर्शी कार्यालय एवं न्याय विभाग राजस्थान सरकार मंत्री जोगाराम पटेल को गुलदस्ता भेंट कर मेले की निमंत्रण पत्रिका देकर आगमन का न्यौता दिया। साथ ही मंत्री व सुमेरपुर विधायक जोराराम कुमावत का भी सम्मान कर मेले में भाग लेने का न्यौता दिया। मेले में 5 अप्रैल को भजन संध्या व 6 अप्रैल को मेला भरेगा। जिसमें भामाशाहों व अतिथियों का सम्मान किया जाएगा। गौरतलब हैं कि महासभा उपाध्यक्ष डॉ. मुकेश भाटी खांगड़ी चारभुजा नाथ मेले को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए पिछले 15 दिनों से जुटे हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई मंत्रियों, नेताओं व अन्य जनप्रतिनिधियों को पत्रिका देकर मेले में भाग लेने का निमंत्रण दिया है। दो दिवसीय मेले में साधू-संतों के सान्निध्य में सांसद पीपी चौधरी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद मदन राठौड़, केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत, पाली विधायक भीमराज भाटी आदि शिरकत करेंगे। आयोजन को लेकर तैयारियां जोरों पर है।



**महासभा उपाध्यक्ष डा. भाटी आदि ने नामचीन नेताओं व गणमान्य लोगों को दिया न्यौता**

# सोनाणा खेतलाजी ट्रस्ट ने किया सहयोगकर्ताओं का स्वागत सम्मान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

नारलाई। निकटवर्ती सोनाणा खेतलाजी के मेले पर प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने पर कई लोगों को ट्रस्ट कमेटी के तत्वावधान में स्वागत सम्मान किया गया। ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष प्रकाश वन गोस्वामी, कोषाध्यक्ष अशोकसिंह राजपुरोहित, सचिव संदीपसिंह चारण, अभिषेकसिंह राजपुरोहित, मोतीसिंह राजपुरोहित, अनाराम मेघवाल एवं पदाधिकारियों, सदस्यों व ग्रामीणों के तत्वावधान तथा भक्तराज रमेश ओसवाल, मेला लाभार्थी अतुलकुमार, कश्मीरा, कुशाल, पलक, गिरीश, साधना, हितेश, युक्ता, मयूरी मावडीकर परिवार, संदीप, अर्चना, भाविका, अक्षदा खिंवसरा, प्रमोद पालरेशा, विनोद परमार, अभिजीत लूंकड, जयेश फुलफगर, सोहन परमार, जॉय लुंकड भामाशाह परिवार के सानिध्य में मेला समापन पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। बाली के उपखंड अधिकारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहित आला अधिकारियों एवं पत्रकारों का साफा-माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया गया। सचिव संदीपसिंह चारण एवं कोषाध्यक्ष अशोकसिंह राजपुरोहित ने बताया कि दो दिवसीय भव्य मेला, अध्यक्ष प्रकाश वन गोस्वामी एवं तमाम पदाधिकारी, सदस्यों व ग्रामीणों के सहयोग से ऐतिहासिक एवं यादगार तरीके से संपन्न हुआ। मेले में सहयोग करने वाले समस्त पदाधिकारियों, सदस्यों, भामाशाहों, मेला लाभार्थियों, पुलिस एवं प्रशासन के आला अधिकारियों, कर्मचारियों का ट्रस्ट कमेटी की ओर से आभार व्यक्त किया गया।



### इनका किया स्वागत सम्मान

अतिरिक्त जिला कलेक्टर बाली, देसूरी उपखंड अधिकारी सिद्धार्थ सांदु, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बाली चैनसिंह महेचा, तहसीलदार हरेंद्रसिंह चौहान देसूरी, नायब तहसीलदार देसूरी, थानाधिकारी हरीसिंह राजपुरोहित, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश राठौड़, ग्राम विकास अधिकारी मांगीलाल चौहान, इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के उपखंड अध्यक्ष जगदीशसिंह गहलोत, पत्रकार भारतसिंह राव, किशोरकुमार गर्ग, ढलाराम सरगरा, राजेंद्रसिंह राजपुरोहित, प्रेमसिंह राजपुरोहित सहित कई लोगों को स्वागत सम्मान किया गया।

# खुड़ाला फालना मंडल में कार्यक्रमों को लेकर बनाए प्रभारी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फालना।** भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिद्धावत ने गुरुवार को खुडाला फालना मंडल के तहत आने वाले संगठन के कार्यों के लिए विभिन्न प्रभारी व संयोजक बनाए गए। भाजपा स्थापना दिवस को लेकर मंडल प्रभारी भोपालसिंह गुर्जर एवं संयोजक रूपाराम चौधरी व सह संयोजक विशाल मीणा को बनाया गया। इसी तरह मन की बात के प्रभारी के तौर पर श्यामसिंह जोधा, मंडल संयोजक अमित मेहता व सह संयोजक प्रितपालसिंह छाबड़ा को मनोनीत किया गया। डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती कार्य' म के लिए मंडल प्रभारी श्रीमती ललिता शा को, मंडल संयोजक शंकर मेघवाल व सह संयोजक कुणाल पंवार को, वन नेशन वन इलेक्शन के लिए मंडल प्रभारी एडवोकेट इंद्रसिंह मेफावत को, संयोजक मनीष मालवीय व सह संयोजक वि' मसिंह राजपुरोहित को मनोनीत किया गया।

# मेधावी छात्रा खुशबू प्रजापत को मिलेगी स्कूटी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** मेधावी छात्राओं को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से संचालित योजना के तहत देसूरी ब्लॉक की छात्रा खुशबू प्रजापत को स्कूटी प्रदान की जाएगी। प्रतिभावान छात्रा खुशबू प्रजापत के 12वीं कक्षा में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर देसूरी ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उसे कालीबाई भील स्कूटी योजना के तहत स्कूटी देकर लाभान्वित किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत 10वीं-12वीं की मेधावी छात्राओं को निशुल्क स्कूटी वितरित की जाती है। इस योजना में उन छात्राओं को लाभान्वित किया जाता है जिनके परिवार की वार्षिक आय ढाई लाख रुपए या उससे कम है। योजना के लिए पात्र मेधावी छात्रा खुशबू प्रजापत को अब राजस्थान सरकार द्वारा स्कूटी प्रदान की जाएगी।



# भजनों में किया मेलड़ी माता व बहुचर माता की महिमाओं का बखान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** नगर के जाखा नगर स्थित मेलड़ी मां व बहुचर मां मंदिर के दो दिवसीय वार्षिक महोत्सव में मंगलवार रात एक शाम माता के नाम भजन संध्या उपासक दीपिका भुआजी के सानिध्य में आयोजित की गई। भजन आयोजन में गुजरात के गायक कलाकार राज गढ़वी, रानी की अनिता जांगिड़, पाली के रमेश सुथार ने प्रस्तुतियां दी। मेलड़ी माता नवयुवक मंडल के सदस्यों ने बताया कि कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं, नृत्य कलाकार कल्पित चौधरी जोधपुर सहित अन्य ने भी देवी देवताओं के रूप धरकर अपने अभिनय का प्रदर्शन किया। भजन संध्या में कलाकारों ने माताजी की महिमाओं का बखान किया। मेलड़ी मां उपासक दीपिका भुआ को बनी-ठनी बायोसा धाम पाली की ओर से 151 मीटर चुंदड़ी ओढ़ाई गई। इस दौरान समारोह में पहुंचे दिगंबर खुशालभारती महाराज, सुरजकुंड धाम के महंत अवधेशानंद महाराज, कानुपरा के श्रवणगिरी महाराज, मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत, कांग्रेस नेता हरीशंकर मेवाड़ा सहित अन्य का मंदिर कमेटी की ओर से सम्मान किया गया। भज न संध्या के साथ दो दिवसीय द्वितीय वार्षिक महोत्सव का समापन हुआ।



# कबीर गौशाला में भेंट किए नारियल के गोटे व गुड़

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** कबीर गौशाला बांकली में नवभारत सेवा चेरिटेबल ट्रस्ट परिवार द्वारा गुरूवार को नारियल के गोटे एवं गुड़ भेंट किया गया। ट्रस्ट उपाध्यक्ष डॉ. अयोध्या प्रसाद वैष्णव ने बताया कि ट्रस्ट के संस्थापक एवं अध्यक्ष पंकजराज मेवाड़ा द्वारा किए गए निश्वार्थ सेवा कार्यो को देखकर जोधपुर रोटरी बालाजी के व्यस्थापक मुकेश धानका द्वारा गोवंश के लिए नारियल के गोटे भेंट किए गए। गौशाला अध्यक्ष कालूराम भाटी ने नवभारत सेवा ट्रस्ट परिवार का आभार जताया। इस अवसर पर ट्रस्ट सरंक्षक गोविंद राठौड़, झूमरलाल गर्ग, सचिव डॉ. कमलेशकुमार, उपाध्यक्ष डॉ. अयोध्या प्रसाद वैष्णव, प्रियंका मेवाड़ा एवं गोशाला कार्मिक मौजूद रहे।

# अंबे माता व संतोषी माता मंदिर का महोत्सव आज से

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** कस्बे के तेजलाव स्थित अंबे माता एवं संतोषी माता मंदिर प्रांगण में तीन दिवसीय नवरात्रि महोत्सव भक्तराज राजेन्द्र भंडारी के सानिध्य में शु' वार शाम गरबा नृत्य के साथ शुरू होगा। आयोजन को लेकर ट्रस्ट कमेटी की ओर से भामाशाहों व भक्तों के सहयोग से मन्दिर प्रांगण को दुल्हन की तरह सजाया गया है। वहीं तीन दिवसीय महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर ट्रस्ट के सदस्यों सहित ग्रामीणों को विभिन्न व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी दी गई है। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रथम दिन शु' वार देर शाम गुजराती धुनों पर गरबा नृत्य महिलाओं व बालिकाओं की ओर से किया जाएगा। शनिवार रात्रि भजन संध्या होगी। जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक भाग लेंगे। महोत्सव के अंतिम माता मंदिर व हनुमान मन्दिर पर धूमधाम के साथ ध्वजारोहण किया जाएगा। गुरुवार को आयोजित बैठक में सदस्यों व ग्रामीणों को जिम्मेदारी सौंपी गई।

**गरबा नृत्य से होगी शुरूआत**



# नवीन बस के मुहूर्त के साथ किया पंचांग का विमोचन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फालना।** विद्या भारती आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक खुडाला फालना विद्यालय में भारतीय पंचांग का विमोचन नारायणलाल जिला प्रचारक, हरिपाल शर्मा अध्यक्ष प्रबंध समिति फालना, जयरामदास वैष्णव कोषाध्यक्ष आदर्श शिक्षा संस्थान बाली, जयचंद गोलेछा व्यवस्थापक आदर्श शिक्षा संस्थान बाली द्वारा किया गया। इस मौके पर विद्यालय की दो नवीन बसों का मुहूर्त प. धर्मेश ओझा ने मंत्रोच्चार के साथ करवाया। जिला प्रवासी सुरेश मालवीय ने कहा कि हमारी कालगणना श्रेष्ठ है एवं हमारे जीवन के मांगलिक कार्यों का मुहूर्त भी इसी भारतीय कालगणना के पंचांग अनुसार ही किया जाता है। इसी अनुरूप हमारे भारतीय त्यौहार मनाए जाते है। इस वर्ष पंच परिवर्तन के विषय सामाजिक समरता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्व का बोध एवं नागरिक कर्तव्य आदि को लेकर कार्य किया जाएगा। विद्यार्थियों को पंचांग वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय स्थानीय समिति के उपाध्यक्ष धनपत भाटी, कोषाध्यक्ष अंकित राठौड़, व्यवस्थापक विरमराम परिहार, नारायणसिंह राजपुरोहित, छगनलाल भाटी, कीकाराम चौधरी, फुलेश प्रजापति, डॉ. योगिता बांठिया, सीमा जैन, प्रधानाचार्य मनोहर रावल, कार्यालय प्रमुख कृपालसिंह भाटी, आचार्य किरणसिंह, पोमाराम, रमेशकुमार, गणपतकुमार, हितेशकुमार, हुकमसिंह, दिनेशकुमार, सुरेशकुमार, प्रकाशकुमार, अनीषाकुमारी, मंजू प्रजापत, ललिता रावल, निकिता शर्मा, सपना सोलंकी, भावना देवासी, मंजू सुथार, सुंदरकुमारी, वंदना राव, प्रियंका, मनीषाकुमारी सहित आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित थे।

# रामनवमी पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा, आयोजन समिति का गठन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** विश्व हिंदू परिषद एवं रामनवमी महोत्सव समिति के तत्वावधान में रविवार को रामनवमी पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

आयोजन को लेकर सर्व हिंदू समाज की बैठक हनुमान मंदिर प्रांगण अकावा में आयोजित की गई। समिति के नरेन्द्र परमार ने बताया कि बैठक में विहिप जिलाध्यक्ष वनाराम जणवा, विहिप बाली प्रखंड पालक प्रभारी लखमाराम परमार, सह प्रभारी कांतिलाल सुथार, विहिप नगर अध्यक्ष सुरेश कंसारा, सचिव मोतीसिंह राव, सनातन धर्म अध्यक्ष अजयपाल जोधा, गोविंद लोहार, शैतानपुरी, जगदीश सोनी, नीरज गर्ग, मनीष टेलर, गवेंद्रसिंह राणावत, रूपाराम प्रजापत, अचलसिंह राव, छगन प्रजापत, करणसिंह सिसोदिया, महेश ओझा, अमित देवगन, कूपाराम परिहार, ललित वैष्णव, धीरज चारण, उमेशकुमार, रमेश जणवा, भरत सीरवी, शंकर माली सहित कार्यकर्ता व प्रबुद्धजन मौजूद थे। वनाराम जणवा, लखमाराम परमार, सुरेश कंसारा, अजयपालसिंह जोधा ने विचार व्यक्त किए। बैठक में महोत्सव की तैयारियों पर चर्चा कर महोत्सव को भव्य व सफल बनाने के लिए रामनवमी महोत्सव समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से भंवरलाल एम टेलर को समिति अध्यक्ष, लक्ष्मणराम कंपाउंडर को उपाध्यक्ष, मोतीसिंह राव को सचिव, दिलीप सोनी को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक का संचालन मोतीसिंह राव ने किया। समिति अध्यक्ष भंवर टेलर ने आभार प्रकट किया।



# बूचड़खाने व मांस की दुकानें बंद रखने को निर्देश जारी

*आगामी त्योहारों को देखते हुए दिए आदेश*

**पाली।** आगामी दिनों में आने वाले पर्व महावीर जन्म कल्याण महोत्सव, रामनवमी एवं अम्बेडकर जयंती को देखते हुए सामाजिक संगठनों की मांग के अनुरूप जिला कलेक्टर कार्यालय की ओर से आयोजन दिवस पर जिले के समस्त बूचडखाने व मांस बिक्री की दुकानों को बंद रखने के संबंध में आदेश जारी किए गए है। इसके तहत आवश्यक नियमानुसार कार्रवाई के लिए जिले के अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। न्याया शाखा प्रभारी अधिकारी अश्विन के पंवार ने बताया कि नगर निगम आयुक्त एवं समस्त अधिशाषी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में आगामी त्यौहार महावीर जन्म कल्याण महोत्सव, राम नवमी एवं अम्बेडकर जयंती पर समस्त बूचड़खाने, मांस बि' ी की दुकानों को बंद रखने के बारे में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने को कहा गया है।

# उज्जैनी वीर मामाधणी के मेले में उमड़े श्रद्धालु

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नाडोल।** खारड़ा रोड स्थित उज्जैनी वीर गंगाजलिया मामाधणी उपासक पुखराज घांची के सान्निध्य में गुरुवार को आयोजित मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मामाधणी के दरबार में मात्था टेक खुशहाली की कामना की। महाप्रसादी भी ग्रहण की। मेले के दौरान गायक तेजपाल राठौड़ खौड़, दिनेश पंवार की ओर से एक से बढ़कर भजनों की प्रस्तुत दी गई। भजनों पर नृत्य कलाकार जीतू मेवाड़ी, लक्ष्मी भाटी पाली ने शानदार नृत्य कर वाहवाही लूटी। हास्य कलाकार पवन सुदामा ब्यावर की प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को लोटपोट कर दिया। मेला कमेटी की ओर से अतिथियों व भामाशाहों का साफा-माला पहनाकर कर स्वागत किया गया। इस मौके पर मेला कमेटी अध्यक्ष अचलाराम सीरवी, जगदीश सीरवी, दिनेश ग्यावत, रमेश घांची, मदन ग्यावत, घीसाराम, मांगीलाल, जोताराम, जीवाराम, ढलाराम, विरमराम, मोहनलाल, नेनाराम, पूनाराम, दिनेश घांची सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।



# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण

## नवरात्र में श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण बहुत सौभाग्य की बात







**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को वैशाली नगर स्थित 'गोविन्द धाम' जानकी पैराडाइज पहुंचकर महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 ईश्वरानंद ब्रह्मचारी श्री उत्तम स्वामी जी महाराज के श्रीमुख से श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्र में श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण बहुत सौभाग्य की बात होती है। श्रीमद् भागवत कथा से भगवान श्रीकृष्ण के साक्षात स्वरुप का ज्ञान होता है और एक नई ऊर्जा मिलती है। उन्होंने कहा कि हमारे ऋषि-मुनियों, साधु-संतों, महंतों ने सनातन संस्कृति को दुनिया में आगे बढ़ाते हुए अपना जीवन जनमानस के लिए समर्पित किया है।

शर्मा ने आह्वान करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी कथा के माध्यम से प्राप्त ज्ञान को अपने जीवन में आत्मसात् करे। उन्होंने इस अवसर पर भव्य आरती में सम्मिलित होकर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं मंगलमय जीवन के लिए प्रार्थना भी की।

इस अवसर सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम दक, विधायक शत्रुघ्न गौतम, गोपाल शर्मा, बालमुकुंदाचार्य सहितसंत, साध्वी व बड़ी संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे।

# ट्रांसपोर्ट नगर के आवंटी ब्याज एवं पेनल्टी में छूट का लें लाभ

## जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल तक बढ़ाई

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा नगरीय विकास विभाग के आदेशों की अनुपालना में ट्रांसपोर्ट नगर के आवंटियों से प्रथम किस्त 31 मार्च, 2025 तक जमा करवाकर ब्याज एवं पैनल्टी में छूट प्रदान की गई थी, जिसे 30 अप्रैल 2025 तक बढ़ाया गया है। जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी ने बताया कि नगरीय विकास विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर में आवंटियों को चार त्रैमासिक किस्तों में ब्याज एवं पैनल्टी में छूट के साथ राशि जमा करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह छूट प्रथम किस्त 31 मार्च, 2025 तक जमा की शर्त पर दी गई थी, जिसे 30 अप्रैल 2025 तक बढ़ाया गया है।

उल्लेखनीय है कि जयपुर में ट्रांसपोर्ट नगर के व्यापारियों द्वारा आवंटन पत्र जारी करने एवं बिना ब्याज व शास्ति की राशि जमा कराने हेतु बार-बार जेडीसी से निवेदन किया गया। इस संबंध में प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास विभाग द्वारा एक माह में प्रकरण के निस्तारण करने के निर्देशों के फलस्वरूप 31 मार्च, 2025 तक जमा करवाये जाने पर ब्याज व पेनल्टी की छूट प्रदान करने के आदेश जारी किये गये थे। इस संबंध में प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास विभाग द्वारा पुनः आदेश जारी कर 30 अप्रैल, 2025 तक बढ़ाया गया है। जेडीए की ट्रांसपोर्ट नगर के आवंटियों से अपील है कि प्रथम किस्त 30 अप्रैल, 2025 तक जमा करवाकर इस ब्याज एवं पैनल्टी में छूट का लाभ ले।

## .....और अब जयपुर कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी

# 200 कमरे खाली करवाए, सैकड़ों कर्मचारी-अधिकारियों को बाहर निकाला





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जिला कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी के बाद खाली करवाया गया। कलेक्टर जितेंद्र कुमार सोनी की सरकारी आईडी पर धमकी का ईमेल आया था। गुरुवार सुबह 11.30 बजे मिले ईमेल की जानकारी कलेक्टर ने जयपुर पुलिस कमिश्नर को दी। इसके बाद आनन-फानन में पूरे परिसर से लोगों को बाहर निकाला गया। करीब 200 कमरों की जांच के लिए बम स्क्वॉड और इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम को भी बुलाया गया। हालांकि, करीब 2 घंटे के सर्च के दौरान किसी भी एजेंसी को कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

**कर्मचारियों में दहशत, बोले- तुरंत बाहर आए:-** कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर जमा कर्मचारियों ने बताया कि सुबह सामान्य दिनों की तरह कामकाज चल रहा था। अचानक 11.30 बजे के आसपास शोर मचने लगा। सभी को परिसर खाली करने के लिए कहा गया। जब तक कॉम्प्लेक्स के बाहर पहुंचे, बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी अंदर पहुंचने लगे थे। बाहर आकर जानकारी मिली कि कलेक्टर के पास बम की धमकी का ईमेल आया है। इसके बाद से सभी लोग डरे हुए हैं। दोपहर 2 बजे तक भी बिल्डिंग परिसर में बम स्क्वॉड की टीमें मौजूद थीं। अधिकारियों ने बताया कि जब तक एजेंसी क्लीयरेंस नहीं दे देती, अंदर जाने की परमिशन नहीं दी जाएगी।

धमकी के ईमेल में यह लिखा था कि 'जयपुर कलेक्टर ऑफिस एक भयंकर आईडी पाइप बम के टारगेट पर है। यह कदम 2-जी मामले में सवुक्कु शंकर के साथ हुए अनुचित व्यवहार और सादिक बलवा की हिरासत में हुई मौत का बदला लेने के लिए उठाया गया है। हम सुरक्षा एजेंसी को भगवान के नाम पर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाने का चैलेंज देते हैं। बम वीकेंड पर पहले से ही आज के लिए लगा दिया गया है। जो अन्ना यूनिवर्सिटी एमआईटी कैंपस के मैकेनिकल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट में तैयार किया गया है। आज इस बम में धमाका करेंगे।'

ईमेल में यह भी लिखा था कि हमारा लक्ष्य जन्नत देखना है। कलेक्ट्रेट हमारे साथ नष्ट हो जाएगा! आज का ऑपरेशन पूरा होने के बाद शहीद हो जाएंगे। बिलाल रियाज जो यह पढ़ रहे हैं। आज का दिन है। आप जानते हैं कि क्या करना है। यह हमारा अंतिम कम्युनिकेशन होगा। डीएमके अरिवालयम में नखीरन गोपाल से संपर्क करें। हमने उन्हें एक गुलाबी लिफाफा दिया है, जिसमें डीएमके परिवार की भागीदारी सहित हमारी कहानी का दस्तावेजीकरण करने वाले वीडियो हैं। अल्लाहु अकबर!

# शेखावाटी की हवेलियों के संरक्षण के हो कामः उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी

## रामगढ़ को एक मॉडल के रूप में तैयार किया जाए



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में गुरूवार को शासन सचिवालय में शेखावाटी क्षेत्र की हवेलियों के संरक्षण के संबंध बैठक आयोजित की गई। दिया कुमारी ने प्रमुख शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास विभाग, शासन सचिव पर्यटन, झुन्झुनूं, सीकर, चुरू जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट तथा पर्यटक स्वागत केन्द्र, बीकानेर, झुन्झुनूं, सीकर उप निदेशक/सहायक निदेशक, अतिरिक्त निदेशक पर्यटन (विकास) की उपस्थिति में आयोजित बैठक में निर्देश दिए कि शेखावाटी की हवेलियों के संरक्षण के लिए आवश्यक उपाय किये जाए। उन्होंने कहा कि इसके लिए इस क्षेत्र से सम्बन्धित बिन्दुओं का ध्यान में रखकर यदि आवश्यक हो तो विरासत संरक्षण बॉयलॉज को भी अपडेट किया जाए।

उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सीकर, झूंझनूं और चूरू कलेक्टर पटवारियों के माध्यम से शेखावाटी की हवेलियों का सर्वे कर उसका डिजिटलाइजेशन करवाये। उन्होंने कहा कि शेखावाटी क्षेत्र की हवेलियों के संरक्षण के लिए वृहद स्तर पर विरासत संरक्षण बॉयलॉज की आवश्यता है। जिसके लिए चरणबद्ध कार्य किये जाने की आवश्यकता है।

उन्होंने निर्देश दिए कि सीकर के रामगढ़ की हवेलियों के संरक्षण के लिए तत्काल प्रभाव से सीकर कलेक्टर इस क्षेत्र में कार्य कर रहे विशेषज्ञों को साथ रामगढ़ का दौरा कर, वहां लोकल स्तर पर बिन्दुवार अध्ययन कर सुधारात्मक कार्य शुरू करे। उन्होंने निर्देश दिए कि रामगढ़ को शेखावाटी क्षेत्र की हवेलियों के संरक्षण के एक मॉडल के रूप में तैयार जाए। जिसके आधार पर शेखावाटी क्षेत्र के अन्य स्थानों की हवेलियों के संरक्षण के कार्य को योजना बनाकर गति प्रदान की जाएगी।

# हेल्थ मिनिस्टर से सीएमएचओ बोले, 64 स्वास्थ्य केंद्रों में नहीं है डॉक्टर

## कहा तैयारियां तो तब होंगी, जब यहां पीएचसी-सीएचसी में डॉक्टर होंगे



**जयपुर।** चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर की अध्यक्षता में हुई वीसी में एक जिले के सीएमएचओ से स्वास्थ सेवाओं की पोल खोल दी। सीएमएचओ ने कहा मेरे जिले में 64 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पीएचसी) ऐसे हैं, जहां एक भी डॉक्टर नहीं है। सीएमएचओ की ये बात सुनकर मंत्री हैरान रह गए। ये हालत तब हैं, जब 396 डॉक्टर मुख्यालय में मंत्री के पास एपीओ बैठे हैं। दरअसल, बुधवार शाम को मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने मौसमी बीमारियों और हीटवेव से बचाव की तैयारियों को लेकर बैठक बुलाई थी। इसमें प्रदेश के सभी सीएमएचओ, जिला हॉस्पिटल अधीक्षक, मेडिकल कॉलेज के प्रिसिंपल को जोड़ा था। बैठक में प्रमुख शासन सचिव गायत्री ए. राठौड़, मेडिकल एज्युकेशन सचिव अम्बरीश कुमार समेत तमाम अधिकारी मौजूद थे। सूत्रों के मुताबिक झुंझुनूं सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर से उनके जिले की तैयारियों की जानकारी मांगी गई थी। डॉक्टर ने कहा- तैयारियां तो तब होंगी, जब यहां पीएचसी, सीएचसी में डॉक्टर होंगे। डॉक्टर ने बताया-उनके यहां 64 पीएचसी ऐसी हैं, जहां एक भी डॉक्टर नियुक्त नहीं है।

**हर माह 5 करोड़ रुपए से ज्यादा का वेतन दे रहे एपीओ डॉक्टर्स को:-** स्वास्थ्य विभाग में पिछले एक साल से रिकॉर्ड चल रहा है कि यहां हर समय 200 से 300 डॉक्टर्स 2-3 माह या उससे ज्यादा समय तक एपीओ रहे है। इन डॉक्टर्स को सरकार एपीओ रहते हर माह 5 से 7 करोड़ रुपए का वेतन-भत्ते दे रही है।

# फोर्थ क्लास कर्मचारी भर्ती में जीके का वेटेज हुआ दोगुना

## अब 25 की बजाय 50 सवाल आएंगे, स्टेनो भर्ती का स्किल टेस्ट रद्द, फिर से होगा

**जयपुर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने फोर्थ क्लास कर्मचारी भर्ती परीक्षा में राजस्थान सामान्य ज्ञान (जीके) का वेटेज बढ़ाया है। एग्जाम में अब राजस्थान जीके का वेटेज 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 41 प्रतिशत कर दिया है। परीक्षा में अब 120 में से 25 की बजाय 50 सवाल राजस्थान जीके से जुड़े आएंगे। वहीं, बोर्ड ने 19-20 मार्च को हुए स्टेनो भर्ती परीक्षा के स्किल टेस्ट को रद्द कर नए सिरे से कराने का फैसला भी किया है। दरअसल, राजस्थान के बेरोजगार युवा लंबे समय से फोर्थ क्लास भर्ती में राजस्थान जीके का वेटेज बढ़ाने की मांग कर रहे थे। इसको लेकर धरने-प्रदर्शनों के साथ ज्ञापन भी दिए गए।

विधानसभा में भी राजस्थान जीके का वेटेज बढ़ाने की मांग उठाई गई थी। प्रदेश की भजनलाल सरकार ने 53 हजार 749 पदों पर फोर्थ क्लास कर्मचारी भर्ती निकाली है। इनमें गैर-अनुसूचित क्षेत्र में 48 हजार 199 और अनुसूचित क्षेत्र में 5550 पद आरक्षित हैं। भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया 21 मार्च से शुरू हुई थी, जो 19 अप्रैल तक चलेगी। इसमें दसवीं पास कर चुके अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद अभ्यर्थियों को फॉर्म करेक्शन का वक्त दिया जाएगा।

# राजस्थान में पिछले 5 साल में जमकर खरीदी गई प्रोपर्टी

## स्टाम्प और रजिस्ट्रेशन फीस से 10,532 करोड़ का रेवेन्यू मिला, डीएलसी बढ़ने से हुआ इजाफा

**जयपुर।** राजस्थान में कोविड के बाद से प्रोपर्टी में लोगों का रुझान फिर से बढ़ गया है। यही कारण है कि बीते 5 सालों में राज्य सरकार को प्रोपर्टी की रजिस्ट्री करवाने पर लगने वाली स्टाम्प ड्यूटी और पंजीयन शुल्क से होने वाली आय दोगुना हो गई। साल 2024-25 में राज्य सरकार को स्टाम्प ड्यूटी और पंजीयन के पेटे 10 हजार 532 करोड़ रुपए से ज्यादा का रेवेन्यू मिला है, जो निर्धारित लक्ष्य का 8 8 .51 फीसदी है। पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग से जारी एक रिपोर्ट देखे तो राज्य सरकार ने साल 2024-25 में कुल 11 हजार 900 करोड़ रुपए के रेवेन्यू का लक्ष्य निर्धारित किया था, लेकिन विभाग इस लक्ष्य की तुलना में 10 हजार 532.75 करोड़ रुपए का ही रेवेन्यू जुटा सका।

पांच साल में दोगुना हुआ रेवेन्यूः राज्य सरकार को भले ही इस साल टारगेट के मुकाबले 88.51 प्रतिशत ही रेवेन्यू मिला हो, लेकिन ये अब तक का सबसे ज्यादा रेवेन्यू है। पिछले 5 साल में इस रजिस्ट्रेशन और स्टाम्प ड्यूटी से मिलने वाला रेवेन्यू भी दोगुना हो गया है। कोविड काल में साल 2020-21 में रजिस्ट्रेशन और स्टाम्प ड्यूटी से सरकार को 5297.27 करोड़ का रेवेन्यू मिला था, लेकिन ये अब बढ़कर 10 हजार 500 करोड़ के पार हो गया। डीएलसी दरों में बढ़ोतरी का प्रभाव। सत्ता में आने के बाद राज्य की भजनलाल सरकार ने बीते वित्तवर्ष में दो बार डीएलसी की दरों में इजाफा किया। एक्सपर्ट्स मुताबिक सबसे ज्यादा इजाफा जयपुर जिले में हुआ। 1 अप्रैल 2024 से दिसंबर 2024 तक जयपुर में 25 प्रतिशत तक डीएलसी की दरों में इजाफा हुआ है। पिछले साल अप्रैल में सरकार ने 10 फीसदी और उसके बाद दिसंबर में 5 से लेकर 15 फीसदी तक दरों में इजाफा किया था। सूत्रों के मुताबिक पूरे राजस्थान में जितनी आय मुद्रांक पंजीयन विभाग को होती है, उसमें 35 से 40 फीसदी आय केवल जयपुर जिले से होती है। डीएलसी दरें बढ़ने का ही नतीजा है कि सरकार का रेवेन्यू इसके पेटे बढ़ा है।

# जयपुर में हवामहल के सामने की एक्ट्रेस प्रियंका-चोपड़ा ने शूटिंग

## हॉलीवुड एक्ट्रेस विदेशी मेहमानों को लेकर पहुंचीं, महिला कांस्टेबल में दिखा अभिनेत्री के प्रति क्रेज



**जयपुर।** हॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा ने जयपुर में हवामहल के सामने एक कैफे में शूटिंग की। इंटरनेशनल स्टार प्रियंका मंगलवार को अपने विदेशी मित्रों के साथ यहां पहुंची थीं। शूटिंग के बाद इस अभिनेत्री ने उनके साथ राजस्थानी कल्चर और जयपुर की हिस्ट्री की इंफॉर्मेशन भी शेयर की। दरअसल, प्रियंका मार्च के आखिरी दिनों में जयपुर पहुंची थी। वे पिंकसिटी में तीन दिन रुकी थीं। वर्कफ्रंट की बात करें तो पीसी इन दिनों साउथ के फेमस डायरेक्टर एसएस राजामौली के एक प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा में हैं। हवामहल के पास कैफे से निकल रहीं प्रियंका चोपड़ा को देखकर महिला पुलिस कॉन्स्टेबल भी एक्साइटेड दिखीं। सभी ने एक्ट्रेस के फोटा क्लिक की। हवामहल के पास कैफे से निकल रहीं प्रियंका चोपड़ा को देखकर महिला पुलिस कॉन्स्टेबल भी एक्साइटेड दिखीं। सभी ने एक्ट्रेस के फोटो क्लिक की।

**ज्वेलरी ब्रांड के लिए किया शूट:-** एक्ट्रेस ने जयपुर में एक ज्वेलरी ब्रांड के लिए शूट किया था। उन्होंने पिंकसिटी की अलग-अलग लोकेशंस पर ब्रांड के लिए शूटिंग की। वे जयपुर विजिट के दौरान परकोटे के एरिया में भी घूमीं थीं। हॉलीवुड एक्ट्रेस ने जयपुर में एक फैशन इवेंट में भी हिस्सा लिया था। इस दौरान उन्होंने अपने विदेशी साथियों को हवामहल की भव्यता भी दिखाई। बाजार में घूमते हुए प्रियंका चोपड़ा और उनके गेस्ट लोकल हैंडीक्राफ्ट के आउटलेट्स पर भी पहुंचे। प्रियंका ने विदेशी मेहमानों को जयपुर के ट्रेडिशनल आर्ट व क्राफ्ट से जुड़ी जानकारी साझा की।

# 'ज्ञानवापी फाइल्स' उदयपुर के टेलर कन्हैयालाल की हत्या पर आधारित कहानी

## विजयराज नजर आएंगे कन्हैयालाल के किरदार में



**नई दिल्ली।** कश्मीर फाइल्स और केरला फाइल्स जैसी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की थी। साथ ही अपनी कहानी से लोगों को झकझोर कर रख दिया था। अब इसी तर्ज पर एक और फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। इस फिल्म का नाम है 'ज्ञानवापी फाइल्स'। फिल्म का पोस्टर बुधवार को रिलीज कर दिया गया है। फिल्म में विजय राज कन्हैया लाल टेलर के किरदार में नजर आ रहे हैं। यह फिल्म दर्जी कन्हैया लाल की हत्या पर आधारित है और विजय राज ने मुख्य भूमिका निभाई है। ज्ञानवापी फाइल्स 27 जून को सिनेमाघरों में आएगी।

**सोशल मीडिया पर शेयर किया पोस्टर:-** निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर फिल्म की घोषणा करते हुए लिखा, 'उस कहानी के गवाह बनें जिसे बताया जाना चाहिए, ज्ञानवापीफाइल्स एक दर्जी की हत्या की कहानी। 27 जून को सिनेमाघरों में जून 2022 में कन्हैया लाल की उदयपुर में दो हमलावरों ने दिनदहाड़े सिर काटकर बेरहमी से हत्या कर दी थी। हमलावरों ने बाद में अपराध कबूल करते हुए एक वीडियो जारी किया, जिसमें कहा गया कि यह नुपुर शर्मा का समर्थन करने वाले उनके सोशल मीडिया पोस्ट का बदला लेने के लिए किया गया था। भाजपा की पूर्व प्रवक्ता शर्मा ने पैगंबर मुहम्मद के बारे में अपनी टिप्पणी से विवाद खड़ा कर दिया था जिसके कारण व्यापक विरोध हुआ था।

## सहकारिता मंत्री की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक

# सरसों-चना खरीद को लेकर पर्याप्त भण्डारण व्यवस्था की जाए सुनिश्चितः सहकारिता मंत्री



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने समर्थन मूल्य पर सरसों एवं चना खरीद के दृष्टिगत पर्याप्त भण्डारण व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में प्रक्रिया 10 अप्रेल से पहले सम्पन्न करने के प्रयास किए जाएं। दक गुरुवार को अपेक्स बैंक में इस सम्बन्ध में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि इस बार बाजार भाव की तुलना में समर्थन मूल्य आकर्षक होने की वजह से खरीद केन्द्रों पर सरसों एवं चना की अधिक आवक होने की संभावना है। राज्य सरकार भी खरीद के लक्ष्य पूरे करने के लिए प्रतिबद्ध है। अतः इसे ध्यान में रखते हुए खरीदी गई उपज के भण्डारण की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके लिए आवश्यक हो तो प्राइवेट गोदाम किराए पर लिए जाएं। साथ ही, तिलम संघ एवं बीज निगम के गोदाम भी उपलब्ध करवाने पर विचार किया जाए।

सहकारिता मंत्री ने राजफेड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीद के लिए जिलेवार निर्धारित लक्ष्य एवं रूट चार्ट राजस्थान राज्य भण्डार व्यवस्था निगम एवं केन्द्रीय भण्डारण निगम के अधिकारियों के साथ साझा किया जाए। जिलों को आवंटित खरीद के लक्ष्यों के अनुरूप समीपस्थ स्थानों पर भण्डारण की व्यवस्था सुनिश्चित करवाई जाए। बैठक में राजस्थान राज्य भण्डार व्यवस्था निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक संदीप वर्मा, सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां मंजू राजपाल, कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के शासन सचिव राजन विशाल, राजफेड के प्रबंध निदेशक टीकमचन्द बोहरा, केन्द्रीय भण्डारण निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक प्रिंस कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पॉजिटिव असर, रैयाण में नहीं होगा नशे का सामान

## पुलिस की सख्ती का असर, विवाह कार्डों में दिखीं रोक की झलक

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**सांचौर।** क्षेत्र में शादियों और सामाजिक समारोहों में अफीम की मनुहार पर पुलिस प्रशासन की सख्ती अब असर दिखाने लगी है। प्रशिक्षु आइपीएस काम्बले शरण गोपीनाथ के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के चलते अब लोग स्वेच्छा से नशामुक्त समारोह आयोजित करने की पहल कर रहे हैं। शहर और ग्रामीण इलाकों में अब शादी के निमंत्रण पत्रों पर भी इस मुहिम का प्रभाव देखने को मिल रहा है। कई परिवार अपने शादी कार्डों में स्पष्ट रूप से लिखवा रहे हैं कि आइपीएस काम्बले शरण गोपीनाथ के आज्ञानुसार यह शादी समारोह पूर्णतः नशामुक्त रहेगा। पुलिस प्रशासन ने हाल ही में विवाह आयोजकों को सख्त निर्देश जारी किए थे कि किसी भी शादी या सार्वजनिक कार्यक्रम में नशे का सेवन न हो, विशेष रूप से अफीम की पारंपरिक मनुहार पर रोक लगाई जाए, इसके बाद जागरूकता अभियानों के माध्यम से लोगों को इस दिशा में प्रोत्साहित किया गया, जिसके परिणामस्वरूप आमजन भी इस बदलाव को स्वीकार करने लगे हैं, प्रशिक्षु आइपीएस काम्बले शरण गोपीनाथ ने बताया कि सामाजिक बुराइयों को दूर करने के लिए पुलिस प्रशासन प्रतिबद्ध है और समाज की भागीदारी के बिना यह संभव नहीं हो सकता, उन्होंने आमजन से अपील की कि वे नशामुक्त समाज बनाने में प्रशासन का सहयोग करें।

### समाज में सकारात्मक बदलाव

सांचौर क्षेत्र में नशामुक्त विवाह समारोहों की बढ़ती संख्या दर्शाती है कि लोग अब खुद ही इस पहल को अपनाने लगे हैं। यह बदलाव न केवल पुलिस प्रशासन की सक्रियता को दर्शाता है। बल्कि समाज की बदलती मानसिकता को भी प्रतिबिंबित करता है। हालांकि अब लोग भी पुलिस की पहल का हिस्सा बन रहे है। जिसको लेकर क्षेत्र में होने वाले शादी समारोह या सामाजिक समारोह में लोग अफीम, डोडा के सेवन को लेकर भी हिचकिचाते है, वहीं रैवाण करने से डरने लगे है, वहीं इसमें जागरूक लोग व युवा भी आगे आकर पहल कर रहे है जो इस प्रकार की गतिविधि करने पर पुलिस को सूचना देने की बात करने पर ग्रामीण अंचल में इस कुप्रथा पर धीरे- धीरे अकुंश देखने को मिल रहा है।

### विभिन्न समाज ने अफीम -डोडा की मनुहार को वर्जित किया

क्षेत्र में सामाजिक समारोह में इस प्रकार के प्रतिबंधित नशे पर अकुंश को लेकर क्षेत्र में अलग- अलग समाजो द्वारा सामाजिक स्तर पर प्रतिबंध भी लगाया गया। किन्तु पुलिस व प्रशासनिक शिथिलता की बदौलत कुछ उच्च वर्ग के लोगों द्वार इस परिपाटी का उल्लंघन करने का कार्य किया गया। जिससे इस प्रकार की कुप्रथा पर पूर्ण अंकुश नहीं लग पाया। किन्तु अब पुलिस की सक्रियता व सख्त रवैये के चलते इस कुप्रथा को अपनाने के दौरान पुलिस कार्यवाही का भय बना हुआ है। हालांकि इसको लेकर बिश्नोई समाज, पुरोहित समाज सहित कई समाज ने बड़े स्तर नशामुक्ति के निर्णय भी ले रखे है। किन्तु अब इसका पूर्ण पाबंदी का असर देखने को मिल रहा है।

लोकसभा में बोले सांसद चौधरी

# सिरोही में कैंसर व ट्रॉमा सेंटर, जालोर में मेडिकल कॉलेज खोलने की मांग की



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**सिरोही।** सांसद लुंबाराम चौधरी ने गुरुवार को लोकसभा में सिरोही मेडिकल कॉलेज में कैंसर सेंटर एवं ट्रॉमा सेंटर खोलने की मांग उठाई। सांसद चौधरी ने कहा कि सिरोही मेडिकल कॉलेज मे 162 पद स्वीकृत है। जिसमे 149 पद अभी भी रिक्त हैं। इन पदों को भी जल्द से जल्द भरा जाए और सिरोही मेडिकल कॉलेज मे ट्रोमा सेंटर खोलने की आवश्कता हैं। सिरोही मेडिकल कॉलेज मार्च 2025 मे पूरा होना था। अभी तक मात्र 60 प्रतिशत कार्य हुआ है। जिसको जल्द से जल्द पूरा करने की आवश्यकता है। ताकि आमजन को इसका फायदा मिल सके।

### उपचार के लिए गुजरात जाते है लोग

सांसद चौधरी ने कहा कि जालोर जिला विकास की दौड़ में काफी पिछ्ड़ा हुआ है। आज तक यहां कोई उच्च शिक्षण संस्थान भी स्थापित नहीं हो पाया है। यहां चिकित्सा क्षेत्र में स्तरीय सुविधाओं का अभाव है। जिले एवं आस पास के छात्र मेड़िकल की पढाई के लिए रूस, कजाखस्तान, यूक्रेन, चीन के देशो मे जा रहे है। जालोर जिला जोधपुर संभाग मे स्थित है जो कि जोधपुर से 140 किलोमीटर दूर है। जालोर जिले में जिले का सबसे बड़े अस्पताल में 150 बेड उपलब्ध है। जालोर जिला में 53 प्रा.सवा.केन्द्र एवं 394 उप स्वास्थय केन्द्र संचालित है। जालोर जिले में लगभग 125 सी-टाइप गांव है जहां उप स्वास्थय केन्द्र नही है। जालौर जिले में मेडिकल सुविधा की कमी है। वर्तमान में आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं के अभाव में लोगों को इलाज के लिए गुजरात तक जाना पड़ता है तथा इन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चौधरी ने कहा कि अंतिम व्यक्ति तक गुणात्मक स्वास्थय सेवा पहुंचाने के लिए जालोर जिलें में मेडिकल कॉलेज खोलने का श्रम करावे ।

# मृत पैंथर का पोस्टमार्टम के बाद करवाया दाह संस्कार

## » अज्ञात वाहन की चपेट में आने से हुई मौत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**सुमेरपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर नेतरा गांव के पास बुधवार रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पैंथर की मौत के बाद गुरूवार को वन विभाग की ओर से मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाने के बाद पैंथर का दाह संस्कार करवाया गया। यह नर पैंथर था, जिसकी उम्र करीब 6-7 साल थी व कालिया मगरी क्षेत्र में विचरण करता था। रात में भोजन की तलाश में रोड पार करने के दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। नेतरा के पास न्यू जाम्भाणी होटल के पास रोड पर बुधवार रात करीब 8 बजे वहां से निकल रहे राजपुरोहित विकास मंच के अध्यक्ष सत्येंद्र राजपुरोहित की नजर पैंथर पर पड़ी। उन्होनें गाड़ी से नीचे उतर कर देखा तो पैंथर मृत पड़ा था। इसकी सूचना सदर चौकी प्रभारी भगाराम मीणा को दी। सूचना पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच पैंथर के शव को कब्जे में लेकर सुमेरपुर जाखानगर वन चौकी पहुंचाया। अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से पैंथर का जबड़ा पुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका था। रात होने के कारण दूसरे दिन गुरुवार सवेरे पैंथर के शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। मेडिकल बोर्ड में शरीक पशु चिकित्सक रामावतार यादव, डा. रणवीरसिंह व डा. ललित कुमार ने पैंथर के शव का पोस्टमार्टम किया। इसके बाद वनकर्मियों ने जूना जाखा माता रोड स्थित श्मशान घाट पर मृत पैंथर का दाह संस्कार किया। इस मौके पर एसीएफ ऋषिराज सिंह, रेंजर पुष्पेंद्रसिंह, वनपाल च' वर्तीसिंह, वन रक्षक भंवरसिंह, वनरक्षक ऋषिराज, दिलीप सोलंकी, इंसाफ खान आदि मौजूद रहे।

# पति के वियोग में चौदह साल रही, मौत की खबर आई

### खोजने निकली तो चौदह साल बाद पता चला वो चल बसा

### » दोस्तों के साथ घूमने गया था, वापिस नहीं लौटा

### खोजबीन से जानकारी मिली, उसके पति को जहर देकर मारा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**पाली।** मधु ने पति के वियोग में चौदह साल निकाले, लेकिन हिम्मत नहीं हारी और वह पति की तलाश करती रही। आखिरकार पता चला कि उसका पति चौदह साल पहले ही मर चुका है और उसे साथ घूमने गए दोस्तों ने ही जहर देकर मार डाला है। उसका पति वर्ष 2010 में अपने सात दोस्तों के साथ धार्मिक यात्रा पर झारखंड गया था। साथ गए लोगों ने आकर बताया कि उसका पति वहां गुम हो गया है। पहले तो मधु ने पति का इंतजार किया बाद में इस घटना के 14 साल बाद 2024 में पति की तलाश में महिला खुद झारखंड गई और पति के बारे में पता लगाना शुरू किया। जानकारी मिली कि पति होटल में मृत पाया गया था। अब महिला ने पाली के औद्योगिक नगर थाना में पति के 7 दोस्तों के खिलाफ मर्डर का केस दर्ज कराया है। एसएचओ जसवंत सिंह राजपुरोहित के मुताबिक पुराना हाउसिंग बोर्ड इलाके में रहने वाली मधु देवी (52) ने पति संपत राम की मौत के 14 साल बाद 7 लोगों के खिलाफ मर्डर का मामला दर्ज कराया है। रिपोर्ट में मधु देवी ने आरोपियों पर पति को जहर देकर मारने के आरोप लगाए हैं। रिपोर्ट के अनुसार झारखंड के धनबाद गए थे और वहां से उसके पति लौटकर नहीं आए। जब उसके पति लापता हुए तब उनका पुत्र छोटा था। इसलिए पति का पता नहीं लगा पाई। पति के साथ आखिर क्या हुआ? वे जिंदा हैं या मर गए? यह जानने के लिए मधु 3 सितम्बर 2024 को जोधपुर से ट्रेन में बैठकर झारखंड के धनबाद गई। वहां रेलवे स्टेशन पर रुकी। फिर नजदीकी थाने में पति की फोटो दिखाकर 14 साल पहले की बात बताई। पुलिस ने पुराना रिकॉर्ड खंगाला और आखिरकार संपत राम के बारे में जानकारी मिल गई। धनबाद पुलिस ने बताया कि संपतराम की बॉडी धनबाद के एक होटल में 30 मार्च 2010 को मिली थी। पोस्टमॉर्टम में सामने आया कि उसकी मौत जहर से मौत हुई थी। उसके परिचितों ने बॉडी ली थी और अंतिम संस्कार भी कर दिया था। मधु ने बताया कि पाली में एसपी ऑफिस से लेकर थाने में कई चक्कर काटे। लेकिन सबूतों के अभाव में रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। इसके बाद कोर्ट के जरिए पाली के औद्योगिक नगर थाने में 7 जनों के खिलाफ पति को लेकर जाने और जहर देकर मारने की रिपोर्ट दर्ज करवाई। अब पुलिस इस मामले में जांच कर रही है। महिला ने औद्योगिक नगर थाना क्षेत्र के चिमनपुरा गांव निवासी कांतादेवी, लक्ष्मण, मीना, भगवती उर्फ बबली उर्फ हंजा, पाली के टैगोर नगर निवासी श्याम, धनबाग झारखंड निवासी मनोज कुमार, धनबाद निवासी राजेश कुमार के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। आरोप है कि घूमने ले जाने के बहाने इन लोगों ने पति को जहर देकर मार डाला।

> **स्थानीय थानों में चक्कर दर चक्कर लगाए पर न्याय नहीं मिला**

# पुलिए की रैलिंग तोड़ ट्रक चालीस फीट नीचे गिरा, 11 जख्मी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**पाली।** पाली जोधपुर हाइवे पर गुरुवार दोपहर एक कार से टकराकर ट्रक असंतुलित हो गया और पुल की रैलिंग तोड़ते हुए करीब चालीस फीट नीचे नदी में जा गिरा। इस हादसे में 11 जने जख्मी हो गए। जिन्हें अस्पताल ले जाया गया। सदर थाने के सब इंस्पेक्टर ओमप्रकाश विश्नोई ने बताया कि पाली-जोधपुर हाईवे पर दोपहर को चारे से भरा ट्रक पूनायता औद्योगिक क्षेत्र के निकट हाईवे पर असंतुलित होकर पलट कर नदी में गिर गया। इस हादसे करीब 11 जने घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। पाली से जोधपुर की तरफ जाते समय ये हादसा हुआ। इस हादसे में बाड़मेर जिले के बूथिया निवासी 50 साल के मोहम्मद पुत्र इलियास खान, 27 साल का रसूल पुत्र पीनल खान, 20 साल का रोशन पुत्र अमरखान, 20 साल का आमीन पुत्र नूरा खान, 30 साल का अबन खान, 25 साल का असकर खान, 26 साल का अकबर, 18 साल का कालू खान, 30 साल का इशाक खान, 18 साल का इरफान और 35 साल का शकूर खान घायल हो गया। सभी घायल रिश्तेदार है और चारा बेचने के काम से जुड़े है।

# दरार व अधूरी फिनिशिंग मामले में विभाग ने मांगा जबाब

## 3 किलोमीटर लंबे एलीवेटेड पुल के निर्माण कार्य में गंभीर लापरवाही





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**सांचौर।** शहर में नेशनल हाईवे 68 पर 270 करोड़ की लागत से बन रहे 3 किलोमीटर लंबे एलीवेटेड पुल के निर्माण कार्य में गंभीर लापरवाही के मामले में जिला कलेक्टर प्रदीप गांवड़े के निर्देश पर एनएचएआई अब हरकत में आया । जिसको लेकर विभाग ने ऐलिवेटेड के लिए बनाए जा रहे पिलरों में दरार व अधूरी फिनिंशिग को लेकर कन्स्टक्शन कंपनी जबाब पेश करने के निर्देश दिए है। ऐसे में कन्स्ट्रक्शन कंपनी द्वारा नियमों को ताक में रखकर निर्मित किए जाने वाले पिलरो में दिखने वाली दरार व पानी के नियमित छिड़काव नहीं होने सहित कई बिन्दुओं को लेकर ऐलिवेटेड की गुणवता को लेकर सवाल खड़े हो रहे थे। हालांकि विभाग 270 करोड़ के बड़े प्रोजेक्ट के निर्माण के दौरान विभाग के अधिशाषी स्तर के तकनीकी अधिकारी को निगरानी में निर्माण का प्रावधान होने के बावजूद विभाग की ओर से भी महज खानापूर्ति के नाम पर औपचारिकताएं पूरी करने से कंपनी के नियमों को ताक में रखकर पिलरों का निर्माण किया जा रहा था। जिससे विभाग की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। स्थानीय लोगों का कहना है कि एनएचएआई (भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) ने पूरा निर्माण कार्य ठेकेदार कंपनी के भरोसे छोड़ दिया है और विभाग के तकनीकी अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे है। लापरवाही के कारण निर्माण स्थल पर दुर्घटना की आशंका बनी हुई है, एलीवेटेड के लिए कंपनी की ओर से फिलहाल पिलर निर्माण का कार्य किया जा रहा है, जिस पर मॉनिटरिंग के तौर पर प्रशासनिक स्तर के अधिकारी निरीक्षण करने के लिए नहीं जा रहे है। शहरवासियों ने एनएचएआई और संबंधित विभाग से निर्माण कार्य की जांच की मांग की है।

### कंपनी से मांगा है जवाब

एलीवेटेड के लिए बन रहे पिलरों में दरार जैसे छोटे मोटे क्रेक व फिनिशिंग को देखने के लिए 29 मार्च को निरीक्षण भी किया था, जिसको सुधारने के लिए कंपनी को लिखकर दे दिया गया है। जिसका कंपनी से जबाब मांग लिया गया है। गुणवता में किसी प्रकार का कोई समझौता नहीं हो सकता। जो भी कार्य है पूर्ण मापदंडानुसार होगा ।

**जितेन्द्र चौधरी**
अधीक्षण अभियंता एनएचएआइ बाड़मेर

# 'हीटवेव से बचाव के लिए पीते रहें पानी'



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**सिरोही।** जिले में गर्मी ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। बुधवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्रसिंह खीवसर, पीएचएस गायत्री राठौड़, डायरेक्टर डॉ रवि प्रकाश शर्मा ने वीसी लेकर के माध्यम से व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सीएमएचओ डॉ दिनेश खराड़ी ने बताया कि विभाग पूरी तरह सतर्क है। लू से पीड़ित मरीजों के लिए अलग वार्ड बनाने का निर्देश दिया है।



सभी स्वास्थ्य केंद्रों में जरूरी दवाएं उपलब्ध करवा दी गई हैं। मरीजों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए पूरी व्यवस्था करने को कहा गया है। डॉ दिनेश खराड़ी ने बताया कि लू से बचने के लिए समय-समय पर पानी पीते रहें। शरीर को हाइड्रेट रखना जरूरी है। नींबू पानी, नारियल पानी पीने और हल्का भोजन करने की सलाह दी गई है। सीएमएचओ ने बताया कि बाहर निकलते समय सिर को ढक कर रखें या छतरी का इस्तेमाल करें। दोपहर 12 से 4 बजे के बीच बाहर निकलने से बचें। अगर निकलना जरूरी हो तो हल्के सूती कपड़े पहनें। उन्होंने कहा कि अगर थकावट महसूस हो, शरीर में ऐंठन हो तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। जिला कलक्टर अल्पा चैधरी के निर्देशानुसार जिले के सभी चिकित्सा संस्थानों का आज निरीक्षण करवाया गया जिसमे सभी जगह व्यवस्था ठीक पाई गई।

### सवेरे छह से बारह बजे तक मरीजों को छोड़े

सीएमएचओ डॉ खराडी ने बताया कि प्रसूता को अस्पताल से घर छोड़ने के लिए 104 एम्बुलेंस को प्रातः छह से बारह बजे तक छोड़ने के निर्देश निर्देश दिए है। जिससे गर्मी बढ़ने से पहले नवजात एवं प्रसूता अपने घर पहुंच जाए। इसके साथ ही समस्त एम्बुलेंस में थर्माकोल में आइस पैक रखने के निर्देश दिए है।

### लू ताप-घात वाले मरीजों के लिए बेड आरक्षित

जिला अस्पताल सिरोही में बीस, जिला अस्पताल शिवगंज में दस, उप जिला अस्पताल आबूरोड में दस, प्रत्येक सीएचसी पर पांच एवं प्रत्येक पीएचसी पर दो बेड हीट वेव अर्थात् लू ताप घात वाले मरीजों के आरक्षित किए गए है।

# बिट्टा ने पावापुरी में बछड़ों को पिलाया बोतल से दूध

### घायल गौमाता को खिलाया गुड़

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**सिरोही।** अखिल भारतीय आतंकवाद निरोधी मोर्चा के चैयरमेन एमएस बिट्टा ने पावापुरी तीर्थ जीव मैत्रीधाम का अवलोकन कर मंदिर के दर्शन किए। उन्होंने गौशाला मे बीमार और घायल गौमाता को गुड खिलाया तथा छोटे छोटे बछड़ों को बोतल से दूध पिलाकर गोपूजन किया। इसके बाद मंदिर दर्शन कर मंगल कामना की प्रार्थना की। मैनेजिंग ट्रस्टी महावीर जैन, सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश जुगनू, पंकज भाई मैनेजर, सुरेन्द्र जैन एवं सतीश रावल आदी मौजूद रहे।



# परीक्षा के तनाव में नाबालिग छात्र ने की आत्महत्या

## » घर में लगाया फंदा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**पोसालिया।** उथमण में11वीं में पढ़ने वाले एक नाबालिग लड़के ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार चंदनसिंह पुत्र देवीसिंह बुधवार शाम को उथमणेश्वर महादेव मंदिर गया था। वहां उसने मंदिर परिसर में झाडू लगाई और साफ-सफाई की। इसके बाद हाथ धोकर महादेव के दर्शन किए। मंदिर से लौटते समय रास्ते में उसने कुछ लोगों को बताया कि वह तनाव में है। लोगों ने सोचा कि परीक्षा का तनाव होगा और उसे महादेव पर भरोसा रखने की सलाह दी। घर पहुंचने के कुछ देर बाद ही चंदन ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने तुरंत उसे फंदे से उतारा और महावीर अस्पताल सुमेरपुर ले गए। जहां चिकित्साकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया।

# कस्बे में नि:शुल्क लाइब्रेरी का शुभारंभ

## महाराज स्वरूपसिंह चेरिटेबल ट्रस्ट की पहल



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**नारलाई।** महाराज स्वरूपसिंह चैरिटेबल ट्रस्ट रावला नारलाई की ओर से विद्यार्थियों के एकाग्रचित होकर अध्ययन के लिए कस्बे में निःशुल्क लाइब्रेरी का शुभारंभ कर विद्यार्थियों को सौगात दी गई है। इस लाइब्रेरी में 12 सीट की व्यवस्था की गई है एवं यह 24 घंटे खुली रहेगी। बुधवार को पंचायत प्रशासक शेखर मीणा व रावला नारलाई प्रबंधक रविन्द्रसिंह के सान्निध्य में विधिवत पूजन के बाद फीता काटकर लाइब्रेरी में शुभारंभ किया गया। पंचायत प्रशासक शेखर मीणा ने कहा कि महाराज स्वरूपसिंह चैरिटेबल ट्रस्ट गांव के सतत विकास विकास के लिए अग्रणी भूमिका निभा रहा है। गांव में सामाजिक सरोकार के तहत ट्रस्ट की ओर से करवाए गए कार्य सराहनीय है। नि:शुल्क लाइब्रेरी की व्यवस्था से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले स्टूडेंट को फायदा मिलेगा। लाइब्रेरी को वातानुकूलित बनाया गया है। गर्मी से राहत के लिए एयर कंडीशनर की व्यवस्था की गई है। रावला नारलाई प्रबंधक रविन्द्रसिंह मेड़तिया ने बताया कि लाइब्रेरी की शुरुआत के अवसर पर एक निजी स्कूल में कम्प्यूटर भी भेंट किया गया है। इससे पहले भी कस्बे की सरकारी स्कूलों में कम्प्यूटर, प्रिंटर भेंट किए गए है। ट्रस्ट के डायरेक्टर राघवेन्द्रसिंह व सूर्यवीरसिंह राठौड़ के अनुसार ट्रस्ट का मुख्य ध्येय है कि गांव में सामाजिक सरोकार के तहत कार्य हो एवं बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ावा मिले। जिससे गांव का समग्र विकास हो। इस मौके रावला भूपेंद्रसिंह राव, लक्ष्मणसिंह शेखावत, अर्जुनसिंह कुंपावत भी मौजूद थे।

नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक हेमल पुरोहित द्वारा ई. 3 सारणेश्वर रीको औद्योगिक क्षेत्र सिरोही 307001 से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक हेमल पुरोहित, रजि. न. RAJHIN/2009/28325.फोन नं. 02972-221920. email:- jtsirohi@gmail.com.